CMYK

अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 21°C
तापमान

सेंसेक्स 73,137.90
निफ्टी 22,161.60

सोना 91,360
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 8 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 6 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 9 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## सऊदी अरब ने हज से पहले लगाई बड़ी पाबंदी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में अगले 11 दिन पड़ेगी भीषण गर्मी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। रविवार को बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान रहा। अगले कुछ दिन गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

### बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा, मप्र में हीटवेव

### दिल्ली में तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा

बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सोमवार को हीटवेव चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आंध्र और पूर्वोत्तर राज्यों (असम, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर) के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।

# कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत

मुंबई वार्ता

**महाराष्ट्र के** डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने मुंबई पुलिस की एफआईआर में कामरा को दी गई अंतरिम सुरक्षा को 17 अप्रैल तक बढ़ा दिया है, जो सोमवार को समाप्त होने वाली थी।

इसके अलावा कामरा ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका पर सोमवार को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और मंगलवार, 8 अप्रैल को इस मामले में सुनवाई को मंजूरी दी है। बता दें, कामरा ने 5 अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर संविधान से उन्हें मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं, टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म ने शनिवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा का नाम अपनी वेबसाइट की आर्टिस्ट्स लिस्ट से हटा दिया था। साथ ही कामरा से जुड़ा सारा कंटेंट भी वेबसाइट से रिमूव कर दिया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को कामरा ने अपने शो में गद्दार कहा था।

### 17 अप्रैल तक बढ़ाई अंतरिम सुरक्षा, एफआईआर रद्द करने पर आज होगी सुनवाई

## भारत-नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के न्यायपालिकाओं के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर सोमवार को हस्ताक्षर किए गए। शीर्ष अदालत की ओर से एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दोनों देशों के बीच न्यायिक सहयोग को विकसित करने, बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के मुताबिक, नेपाल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश मान सिंह राउत और भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## दुबई के शहजादे आज भारत यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली।** दुबई के शहजादे और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से भारत की दो दिन की यात्रा पर आएंगे। दुबई के शहजादे के रूप में शेख हमदान की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है। एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहजादे के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे। शहजादे मकतूम विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक करेंगे।

## 12 महिला अधिकारी 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान पर रवाना

**नई दिल्ली।** सेना, वायुसेना और नौसेना की 12 महिला अधिकारियों का एक दल सोमवार को 55 दिन की मुंबई से सेशेल्स और वापसी यात्रा अभियान समुद्र प्रदक्षिणा पर रवाना हुआ। मुंबई स्थित कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान दल आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी करेगा। नारी शक्ति की अदम्य भावना को उजागर करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य समुद्री अभियानों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

# चुनावी चंदे से मालामाल हुई भाजपा

# कांग्रेस की कमाई में 252% की वृद्धि

## 'आप' को लगा जोर का झटका, एडीआर रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली, वार्ता

**केंद्र और देश के** कई राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा की चंदे को लेकर लोकप्रियता बनी हुई है। उसे इस साल 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला। फरवरी में दिल्ली चुनाव में शिकस्त का सामना करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को खासा घाटा हुआ है और उसे पिछले साल की तुलना में इस बार 70 फीसदी तक चंदा मिला।

2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस को चंदे के मामले में 252 फीसदी की वृद्धि हुई है। चुनाव से संबंधित संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 2,243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला है जो राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सबसे अधिक है। एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की है। इन आंकड़ों में राजनीतिक दलों की ओर से 20 हजार रुपये से अधिक के राजनीतिक चंदे की जानकारी दी गई है। एडीआर के अनुसार, राष्ट्रीय दलों को 2,544.28 करोड़ रुपये की राशि कुल घोषित चंदे के रूप में मिले। ये चंदा कुल 12,547 लोगों की ओर से दिया गया। खास बात यह है कि ये आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 199 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय दलों के कुल दान में 1693.84 करोड़ रुपये की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 से 199.17 फीसदी अधिक आंकी गई। राष्ट्रीय दलों की ओर से घोषित किए गए चंदे में भाजपा को अकेले दान का कुल हिस्से का 88 फीसदी हिस्सा मिला। कांग्रेस को 1,994 लोगों ने दान दिया और उसे 281.48 करोड़ रुपये चंदे के रूप में मिले। कांग्रेस इस लिस्ट में भाजपा के बाद दूसरे नंबर पर है, लेकिन चंदे के मामले में भगवा पार्टी से काफी नीचे है। अन्य राष्ट्रीय दलों आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) ने कम राशि की जानकारी दी, जबकि बसपा की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक एक बार फिर उसे 20,000 रुपये की सीमा से ऊपर कोई दान नहीं मिला। यह पिछले 18 सालों से इसके दाखिल किए गए आंकड़ों के अनुरूप है। इस तरह से बीएसपी को पिछले 18 सालों से 20000 रुपये से ज्यादा के चंदे नहीं मिले। भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में लगातार वृद्धि होती जा रही है। उसे वित्त वर्ष 2022-23 में 719.85 करोड़ रुपये मिले जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2,243.94 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में 211.72 फीसदी की वृद्धि हुई। एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, कांग्रेस को मिलने वाला दान वित्त वर्ष 2022-23 में 79.92 करोड़ रुपये था जबकि यह वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 281.48 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में 252.18 फीसदी की वृद्धि दिख रही है। हालांकि 'आप' को चंदे के मामले में खासा नुकसान हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आप की ओर से घोषित दान में 70.18फीसदी यानी 26.038 करोड़ रुपये की कमी आई है।



### इस साल भाजपा को 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला

### एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की

# वक्फ कानून की 'किस्मत' का फैसला करेगा सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर समय रहते विचार करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा न्यायाधीश संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ ने कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी के शीघ्र सुनवाई के लिए 'तत्काल उल्लेख' किए जाने के बाद समय रहते याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। संसद के दोनों सदनों में संबंधित विधेयक पास होने के बाद पांच अप्रैल को नए कानून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई। वक्फ (संशोधन) विधेयक (संसद के दोनों सदनों में पारित हो गया था, लेकिन तब राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली थी) की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं पहले ही दायर की जा चुकी हैं। याचिकाएं दायर करने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी और दिल्ली में

-शेष पृष्ठ दो पर

## यूपी में जो हो रहा, वह गलत, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सिविल मामलों को आपराधिक मामलों में बदलने पर सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले में आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दीवानी (सिविल) मामलों को आपराधिक मामले में बदलना स्वीकार्य नहीं है। सिविल मामलों में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे को देखते हुए पीठ ने पूछा कि सिर्फ इसलिए कि सिविल मामलों में लंबा समय लगता है, आप मुकदमा दर्ज कर आपराधिक कानून लागू कर देंगे। पीठ ने अधिकारियों के आचरण की आलोचना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो हो रहा है वह गलत है। हर रोज सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बेतुका है और स्पष्ट किया कि सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता। पीठ ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इसी तरह की याचिकाएं दायर की जाती हैं, तो वह हर्जाना लगाएगी। पीठ ने कहा कि वह जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में आने का निर्देश जारी करेगी और अधिकारी गवाह के कठघरे में खड़े होकर

-शेष पृष्ठ दो पर



### उप्र में सिविल मामले को आपराधिक मामले में बदलने पर सुप्रीम कोर्ट ने की खिंचाई

# रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। यह घोषणा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में की।

श्री पुरी ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किग्रा सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। श्री पुरी ने कहा कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी, लेकिन आम उपभोक्ता पर इस वृद्धि का असर नहीं पड़ेगा।



## आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत

**जोधपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है।

## मध्य प्रदेश में ओबीसी को बड़ी राहत 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूथ फॉर इक्वलिटी की ओर से दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं है। ऐसे में प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। याचिका में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के राज्य के फैसले को चुनौती दी गई थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद सभी 75 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था।

## इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

**मुंबई।** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। मेडिकल इमरजेंसी की वजह से 6 अप्रैल रात करीब 10 बजे विमान को चिकलथाना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि एमआईडीसी सिडको पुलिस थाने ने जरूरी कार्रवाई पूरी की।






# लैंड फॉर जॉब घोटाले में ईडी को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अपने फैसले में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहती।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले साल अमित कत्याल को जमानत दे दी थी। कोर्ट ने रेलवे में लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी और बिजनेसमैन अमित कत्याल को दी गई जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। बेंच ने अपने फैसले में कहा कि कोई भी आदमी बड़ा नहीं है। मामले से जुड़े मुख्य लोग गिरफ्तार नहीं किए गए हैं, तो छोटी मछलियों के पीछे ही क्यों पड़ना? क्या आपको उन पर कार्रवाई करने से डर लगता है। साथ ही कोर्ट ने यह सवाल भी किया कि आपने 11 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश कानून के अनुसार अनुचित है और इसे खारिज करना चाहिए। हाईकोर्ट ने पिछले साल 17 सितम्बर को अमित कत्याल को जमानत दे दी थी और जांच एजेंसी ईडी की नीति को चुनिंदा तरीके से लोगों पर निशाना साधने वाला बताते हुए उसकी निंदा की थी। ईडी ने कत्याल को 10 नवम्बर, 2023 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के अलग-अलग प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका कहा: दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहते



## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने दो पूर्व जिलाध्यक्षों को किया बाहर

**लखनऊ।** यूपी में बसपा ने दो जिलाध्यक्षों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी से बाहर किए जाने के पीछे की वजह पार्टी विरोधी गति. विधियों को बताया है। सोमवार को बहुजन समाज पार्टी ने कानपुर शहर के अपने दो पूर्व जिलाध्यक्षों पर कार्रवाई की है। इसमें से एक को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था और फिर तुरंत बाद ही हटा भी दिया गया था। बसपा के पुराने नेता एक-एक करके पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टियों में जा रहे हैं। कानपुर में मात्र डेढ़ साल के अंदर 8 जिलाध्यक्ष बदले जा चुके हैं। अब पार्टी प्रमुख ने कड़ा कदम उठाते हुए दो पूर्व जिलाध्यक्षों संजय गौतम और आनंद कुरील को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। संजय गौतम को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था। आनंद कुरील पहले पार्टी में जिलाध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी के वर्तमान जिलाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने बताया कि पाटी ने विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने और अनुशासनहीनता अपनाने के कारण दोनों पूर्व पदा. धिकारियों को पर्ाी से निष्कासित कर दिया है।

### माउंट आबू में घुसे भालू, हमले में होटलकर्मी घायल

**माउंट आबू।** राजस्थान में पर्यटन स्थल माउंट आबू में ढुंढाई क्षेत्र में स्थित एक होटल परिसर में रविवार शाम को चार भालुओं के हमले से एक होटलकर्मी घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार भालुओं का समूह वन क्षेत्र से निकलकर शहरी क्षेत्र में एक होटल के परिसर में घुसकर इधर-उधर घूमने लगा। इसी दौरान होटलकर्मी बूटा सिंह संधू अपने कमरे से होटल की ओर जा रहा था। होटल परिसर में प्रवेश करते ही उसे चार भालू दिखाई दिए। भालुओं की नजर भी संधू पर पड़ गई, जिस पर भालू तुरंत होटलकर्मी संधू की ओर दौड़े। संधू भी उनसे बचने के लिए वहां से भागा, लेकिन भालुओं ने तीव्र गति से दौड़ते हुए होटलकर्मी पर हमला कर दिया, जिससे होटलकर्मी को पैरों एवं कोहनी पर चोटें आईं। संधू के चिल्लाने पर आस पास के लोग एकत्रित हो गए।

### जाधव ने की हरित योग की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने हरित योग की शुरुआत करते हुए कहा है कि यह व्यक्तिगत और भूमंडलीय स्वास्थ्य दोनों को पोषित करता है। जाधव ने सोमवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित एक योग सत्र में कहा कि पिछले 10 वर्षों में योग ने अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल की है और अब यह एक वैश्विक कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने छह हजार से अधिक योग प्रेमियों के साथ 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' का अभ्यास किया।

### अयोध्या:दुर्गामंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित में दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है। पुलिस ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत शाहगंज चौकी बारुन मार्ग ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है।

# भगवा की आड़ में मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकार

**प्रयागराज, वार्ता**

रामनवमी पर महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने सालार मसूद गाजी की दरगाह पर भगवा झंडा फहराया। पुलिस के आने पर वे भाग गए। इस घटना पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरगाह में हिंदू भी पूजा करते हैं, घटना से क्षेत्र में तनाव है।

अब इस मामले पर सियासी तूफान खड़ा हो गया है। सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि झंडा फहराने वाला सीएम की जाति का है। उसको सरकार, पुलिस, एसपी, कमिश्नर कोई कुछ नहीं बोलेगा। मुख्यमंत्री के इशारे पर सब कुछ किया जा रहा है। सरकार अपनी नाकामी छुपा रहा है। सरकार ऐसी घटनाएं को करवा कर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरअसल, रामनवमी के दिन कुछ युवकों ने गाजी मियां की दरगाह पर जमकर हंगामा किया था। बताया जा रहा है कि जुलूस की शक्ल में कुछ युवक दरगाह पहुंचे और उन्होंने गाजी मियां की दरगाह के गेट पर चढ़कर धार्मिक नारे लगाते हुए भगवा झंडा फहराया। इस मामले की शिकायत तुरंत पुलिस से की गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उसे महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच से जुड़े कार्यकर्ता नहीं मिले।



अखिलेश यादव ने योगी पर बोला हमला

### शेयर मार्केट से सरकार ने जेबें कर दीं खाली: सपा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शेयर बाजार गिरावट के ताजा घटनाक्रम पर टिप्पणी की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि कन्नौज सांसद ने लिखा कि भाजपा सरकार ने महंगाई और भ्रष्टाचार ही नहीं,अब तो शेयर मार्केट के महापतन से भी देशवासियों की जेबें खाली कर दी है।

### रामजीलाल सुमन को कुछ हुआ, तो योगी जिम्मेदार

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि रामजी लाल सुमन के साथ कोई घटना होती है, तो इसके लिए सीएम योगी खुद जिम्मेदार होंगे। क्योंकि घटना करने वाले लोगों पर सीएम का हाथ है। इस घटना में जाति कनेक्शन है। अखिलेश ने कहा कि सीएम ने हिडन अंडरग्राउंड फोर्स तैयार कर रखी है। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी की तुलना हिटलर से की। सपा चीफ ने कहा कि हिटलर ऐसे ही ट्रूपर्स तैयार करता था। सीएम के इशारे पर सीएम, आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी और एक अखबार के इशारे पर हमें अपमानित करने का काम किया गया है। राणा सांगा विवाद के मामले में करणी सेना के सदस्यों ने रामजीलाल के घर पर तोड़फोड़ की थी। रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था।

### किसानों की उपेक्षा करती है योगी सरकार

**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि टमाटर की पैदावार करने वाले किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जो दिखाता है कि सरका कृषक समुदाय की कितनी उपेक्षा करती है। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि भाजपाई उत्पादन में नहीं, बल्कि किसी भी चीज को खरीदने-बेचने के काम को बढ़ावा देते हैं, जिससे बीच में कमाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों के लिए भाजपा का दृष्टिकोण बिचौलियों के इर्द-गिर्द केंद्रित है।

# सरकार का संकल्प, किसी के साथ नहीं होगा अन्याय: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिनए सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कि किसी को भी घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है।

जनता दर्शन के दौरान सोमवार को सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीध्ति व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है।



उन्होंने कहा कि उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू-माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में प्रार्थना पत्रों को अधिका. रियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

# वक्फ विधेयक पर नेकां विधायकों का भारी हंगामा

**जम्मू, वार्ता**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने के कारण जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने सोमवार को सदन की कार्रवाई दो बार स्थगित कर दी।

राथर ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार सुबह 12 दिन बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेकां विधायक संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर खड़े हो गए। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि अगर केंद्र द्वारा लाए गए जीएसटी कानून पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में चर्चा की गई, तो मुस्लिम बहुल राज्य में वक्फ विधेयक पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती है। सदन की प्रक्रिया और कार्य संच. ालन नियमावली के नियम 58 के उपनियम (7) का हवाला देते हुए राथर ने कहा कि मामला विचाराधीन हो गया है, क्योंकि इसे देश की सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई है। उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के विधायकों और शेख खुर्शीद द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। जब

■ विस की कार्यवाही दो बार रोकनी पड़ी

नेकां विधायकों ने सदन में विरोध प्रदर्शन जारी रखा, कागज फाड़े, काले बिल्ले लहराए, तो अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

बाद में जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो नेकां विधायकों ने भाजपा विरोधी नारेबाजी के बीच विरा. ध प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 'वक्फ बिल नामंजूर, काला कानून वापस लो, भाजपा हाय-हाय के नारे लगाते हुए सदन के बीचोबीच आने की कोशिश की, लेकिन मार्शलों ने उन्हें आसन की ओर बढ़ने से रोक दिया। इसके जवाब में भाजपा विधायकों ने भी 'नेकां-कांग्रेस हाय-हाय', 'देश विद्रो. ही एजेंडा नहीं चलेगा' के नारे लगाए। जम्मू-कश्मीर विस के अध्यक्ष ने प्रदर्शनकारी नेकां विधायकों को शांत करने का प्रयास किया और उन्हें अपनी सीटों पर लौटने का निर्देश दिया। नेकां विधायक नजीर गुरेजी ने कहा कि हम केवल वक्फ विधेयक पर चर्चा चाहते हैं, जो हमारे धर्म पर हमला है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के हंगामा करने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

## 50 फीसदी आरक्षण की दीवार तोड़कर फेंक दूंगा

# देश को 10-15 लोग ही चला रहे: राहुल गांधी

**पटना।**

राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में कहा कि मैं 50 फीसदी आरक्षण की इस दीवार को तोड़कर फेंक दूंगा। इस देश को दस-पंद्रह लोग चला रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि बिहार में कांग्रेस ने जितना काम करना चाहिए था उतना नहीं किया। पहले बिहार में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों में दो तिहाई अपर कास्ट के लोग थे।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सोमवार को बिहार के बेगूसराय जिले पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मेरे परदादा जवाहर लाल नेहरू सच्चाई से मोहब्बत करते थे। जातीय जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है। इससे देश की सच्चाई पता चलेगी। इसीलिए इसे भाजपा रोकना चाहती है, लेकिन इसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। अब हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे। अब हमने टीम बदल दी है। अब दो तिहाई दलित-पिछड़े हैं। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी, ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके।

बता दें कि पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा संगठनों के सदस्य पार्टी के झंडे और तख्तियों के साथ सड़कों पर उतरे। उन्होंने रक्षा बलों में रिक्त पदों को भरने और सरकारी नौकरियों में बढ़ोतरी की मांग की। इस साल जनवरी के बाद राहुल गांधी का ये तीसरा बिहार दौरा है। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरक. ारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे।



■ सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं, हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए

■ हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चले लात-घूसे

**पटना।** पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को पार्टी के दो गुटों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के एक समर्थक की कुछ अन्य कार्यकर्ताओं ने पिटाई कर दी। यह हमला पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना के समर्थकों ने किया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक कार्यकर्ता को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। यह घटना उस समय हुई, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी पटना दौरे पर थे और सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी की अहम बैठक ले रहे थे।

### ट्रम्प ने उड़ा दी स्टॉक मार्केट की धज्जियां

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीति के कारण भारत के शेयर बाजार के प्रभावित होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार की आला. चना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने स्टॉक मार्केट की धज्जियां उड़ा दी हैं। राहुल ने कहा कि आज देश में सच्चाई बोलना मुश्किल है। हम सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं, हम सच्चाई से दूर नहीं जा सकते हैं। राहुल ने कहा कि मुझसे सवाल पूछा गया कि आपके परदादा नेहरू जी क्या थे और आपने उनसे क्या सीखा? मैं जहां बैठा था, उस कमरे में नेहरू जी के साथ ही महात्मा गांधी जी की भी तस्वीर थी। वो तस्वीर देखकर मेरे मन में एक ही विचार आया कि ये दोनों लोग सच्चाई से मोहब्बत करते थे।

### सुप्रिया श्रीनेत ने साधा पीएम पर निशाना

बाजार में लगातार हो रही गिरावट पर कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि धड़ धड़ धड़ करके स्टॉक मार्केट गिर रहा है। 2020 में कोविड के बाद आज सबसे नीचे लेवल पर मार्केट खुला है। 5 मिनट में 19 लाख करोड़ स्वाहा हो गए। छोटे निवेशक यह बर्बादी देख रहे हैं, लेकिन लोगों को लपक लपककर स्टॉक मार्केट्स में पैसा लगाने की टिप्स देने वाले मोदी शाह खामोश क्यों हैं?

### राहुल निर्धारित समय से पहले पटना लौटे

**बेगूसराय।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बिहार के युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में नीतीश सरकार की विफलताओं को उजागर करने और आजीविका की तलाश में होने वाले पलायन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जारी 'पलायन रोको नौकरी दो' पदयात्रा में आज बेगूसराय में शामिल हुए। नई दिल्ली से पटना हवाईअड्डा पहुंचने के तुरंत बाद श्री गांधी 'पलायन रो. को नौकरी दो' में हिस्सा लेने के लिए बेगूसराय के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बेगूसराय में पद यात्रा में हिस्सा लिया, जिसमें हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता खासकर युवा और वरिष्ठ नेता उनके साथ थे।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में सुनामी, सेंसेक्स दस माह के निचले स्तर पर पहुंचा

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में सुनामी आ गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड.19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सेंचज (एनएसई) का निफ्टी 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत का गोता लगाकर 22161.



60 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 3.46 प्रतिशत लुढ़ककर 39,107.96 अंक और स्मॉलकैप 4.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 43,974.36 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4225 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3515 में बिकवाली जबकि 570 में लिवाली हुई, वहीं 140 में कोई कारोबार नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 3036 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2640 में गिरावट जबकि 327 में तेजी रही, वहीं 69 में टिकाव रहा।

### निवेशकों के डूबे 14 लाख करोड़ से अधिक

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमे. रिका में मंदी की आशंका में घरेलू निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड-19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इससे बाजार पूंजीकरण 3,89,25,660.75 करोड़ रुपए पर आ गया।

### सीतारमण ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 8 से 13 अप्रैल 2025 तक ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती सीता. रमण का दोनों देशों में मंत्रिस्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने का भी कार्यक्रम है। इस दौरान वित्त मंत्री भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी और ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों, व्यापार जगत के नेताओं के साथ बात. चीत करेंगी। भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता (13वीं ईएफडी) का 13वां दौर 9 अप्रैल 2025 को लंदन में आयोजित होने वाला है। 13वीं ईएफडी वार्ता की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और ब्रिटेन के राजकोष के चांसलर द्वारा की जाएगी। 13वीं ईएफडी दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मंच है, जो निवेश मामलों, वित्तीय सेवाओं, वित्तीय विनियमनों, यूपीआई अंतर्संबंधों, कराधान मामलों और अवैध वित्तीय प्रवाह सहित वित्तीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं में मंत्री स्तर, अधिकारी स्तर, कार्य समूहों और संबंधित नियामक निकायों के बीच स्पष्ट जुड़ाव के अवसर प्रदान करता है।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, गेहूं सस्ता हुआ

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजार में जारी भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि आवक बढ़ने से गेहूं सस्ता हो गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 140 रिंगिट लुढ़ककर 4562 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 सेंट की गिरावट के साथ 45. 12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं



150 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550- 6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400- 8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वक्फ कानून...**

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, जमीयत उलमा-ए-हिंद, समस्त केरल जमीयतुल उलमा जैसे संगठनों ने भी शीर्ष अदालत में रिट याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह अधि. नियम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक खतरनाक साजिश है। उन्होंने तर्क दिया कि यह संशोधन वक्फ के धार्मिक स्वरूप को भी विकृत करेगा और वक्फ तथा वक्फ बोर्डों के प्रशासन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुंचाएगा। उनकी याचिकाओं में शीर्ष अदालत से अधिनियम को असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 और 300-ए का उल्लंघन करने वाला घोषित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई। याचिकाओं में प्रतिवादी केंद्र सरकार और कानून एवं न्याय मंत्रालय को इसके प्रावधानों को लागू करने या लागू करने से रोकने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। नए वक्फ कानून 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' ने 'वक्फ अधिनियम, 1995' की जगह ली है।

**यूपी में...**

आपराधिक मामला बनाएंगे और जांच अधिकारी को सबक सीखना चाहिए। पीठ ने राज्य के वकील से कहा कि आप आरोपपत्र दाखिल करने का यह तरीका नहीं अपनाते। अदालत ने डीजीपी और गौतमबुद्ध नगर जिले के एक थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर से खास सवाल पूछे। पीठ ने इन अधिकारियों से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा कि (सिविल) दीवानी विवाद में आपरा. धिक कानून क्यों लागू किया गया।

शीर्ष अदालत ने नोएडा के सेक्टर-39 में संबंधित पुलिस थाने के जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में पेश होने और यह बताने का निर्देश दिया कि मामले में मुकदमा दर्ज करने की क्या जरूरत थी। अदालत आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे वकील चांद कुरैशी के जरिए दाखिल किया गया था। याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने से इन्कार करने के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।

शीर्ष अदालत ने दलीलें सुनने के बाद नोएडा की निचली अदालत में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आपरा. धिक कार्यवाही पर रोक लगाने का फैसला किया। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि स्पष्ट कर दिया कि उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला जारी रहेगा। नोएडा में दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 506 और 120बी के तहत प्राथमिकी की दर्ज की गई है। पुलिस पर चेक बाउंस के मामले में सिविल मुकदमे को आपरा. धिक मामले में बदलने के बाद आरोपपत्र दायर किया। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि पुलिस ने इस मुद्दे को आपराधिक मामले में बदलने के लिए पैसे लिए।

# वक्फ विधेयक पर चर्चा की अनुमति नहीं मिलने पर राथर की आलोचना की

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की विवादास्पद वक्फ विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देने के लिए तीखी आलोचना की तथा इस कदम को जनादेश के साथ विश्वासघात व राजनीतिक आत्म समर्पण का खतरनाक संकेत बताया।

विधानसभा अध्यक्ष ने संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देते हुए कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों सहित सत्ता पक्ष के विधायकों ने मांग की कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए 10 सदस्यों द्वारा पेश स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए। सुश्री मुफ्ती और मीरवाइज दोनों ने इस आधार पर बहस को रोकने के अध्यक्ष के फैसले पर निराशा व्यक्त की कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मुफ्ती ने सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस पर स्पष्ट चुनावी जनादेश होने के बावजूद भाजपा के 'मुस्लिम विरोधी एजेंडे' के आगे झुकने का आरोप लगाया, जबकि मीरवाइज ने श्री राथर के इनकार को 'हास्यास्पद और निंदनीय' करार दिया, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्र में। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह बेहद निराशा. जनक है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष ने वक्फ विधेयक पर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सरकार पूरी तरह से भाजपा के मुस्लिम विरोधी एजेंडे के आगे झुक गई है और दोनों पक्षों को खुश करने की कोशिश कर रही है।

## नाम परिवर्तन सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मुझे मौहम्मद आसिफ पुत्र यूसुफ निवासी उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाता था, अब मैंने अपना जेंण्डर चेंज कर अपना नाम बदलकर **काजल किन्नर** रख लिया है, अब भविष्य में मुझे **काजल किन्नर** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**काजल किन्नर वल्द यूसुफ**

**निवासी मौहल्ला गौहर अली खां कस्बा व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर जनपद बिजनौर (उ०प्र०)।**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर पर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप



खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कई वारदातों में शामिल बदमाशों को हथियार के साथ धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने कई वारदातों में शामिल दो बदमाशों आसिफ उर्फ अमन और आश मोहम्मद उर्फ आशु को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो पिस्तौल और ६ कारतूस बरामद किये हैं। दोनों आरोपी हथियार, डकैती, चोरी आदि के १० से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी कैलाश सिंह बिष्ट की कड़ी निगरानी में इंस्पेक्टर राहुल कुमार और विनीत कुमार तेवतिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को रमेश पार्क, लक्ष्मी नगर दिल्ली के सामने फुट ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी आसिफ उर्फ अमन उर्फ भूरा ने अपने भाई नन्हे उर्फ कासिफ के साथ मिलकर एक व्यक्तिपर सर्जिकल ब्लेड से हमला किया। आरोपी आसिफ उर्फ अमन ने अपने साथी के साथ मिलकर एक घर में चोरी की। आरोपी आसिफ उर्फ अमन एक बीपीओ कंपनी में काम किया। उसी दौरान वह जाफराबाद के आपराधिक तत्वों के संपर्क में आया।

२०१८ में उसने अपने साथी सलमान, आरिश और अनीश के साथ मिलकर गोकलपुरी इलाके में एक व्यक्तिपर गोलियां चलाईं। उसी दिन उन्होंने उसी इलाके में एक अन्य व्यक्तिपर हमला किया। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जहां उसकी मुलाकात नसीम और आश मोहम्मद उर्फ आशु से हुई। २०१९ में वह जमानत पर जेल से बाहर आया। उसने नसीम के साथ मिलकर दिल्ली के गौतम पुरी चौक पर गोलीबारी की। बाद में उसे इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। जनवरी २०२५ में उसने अपने भाई कासिफ उर्फ नन्हे के साथ मिलकर वजीराबाद इलाके में एक व्यक्तिपर सर्जिकल ब्लेड से हमला किया। इस मामले में कासिफ उर्फ नन्हे को गिरफ्तार किया गया, लेकिन वह भागने में सफल रहा। उसने अपने साथी आश मोहम्मद उर्फ आशु के घर पर शरण ली, जहां उन्होंने डकैती करने के लिए हथियारों का इंतजाम किया और अपने पुराने साथियों से मिलने दिल्ली आए। जबकि आरोपी आश मोहम्मद उर्फ आशु मेरठ के पास रहने वाले कपिल, गुड्डू, मोहित, पप्पू के संपर्क में आया और आसानी से पैसा कमाने के लिए उनके साथ पिस्टल से डरा धमकाकर कई वारदातों को अंजाम दिया। २०१५ में उसे पुलिस स्टेशन परतापुर, मेरठ, यूपी में डकैती के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और जेल भेज दिया गया था। २०१७ में जेल से बाहर आने के बाद उसकी मुलाकात धूम सिंह से हुई जिसने उसे शादाब, रिजवान, नौशाद से मिलवाया। २०१९ में, उसने राहुल और धूम सिंह द्वारा दी गई सूचना पर अपने साथियों के साथ गोली मारने की धमकी देकर एक व्यापारी को लूट लिया।

# बेटी से झूठा पॉक्सो मुकदमा लिखाने पर पिता के खिलाफ एफआईआर के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साकेत कोर्ट ने पुलिस को एक व्यक्तिके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है, जिसने अपनी नाबालिग बेटी पर दबाव डाल कर अपनी पत्नी और ससुराल वालों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट का झूठा मामला दर्ज कराया था।

मामला दक्षिण-पूर्व जिला के जैतपुर थाने का है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अनु अग्रवाल ने कहा कि समय आ गया है कि शिकायतकर्ता के पिता जैसे वादियों से सख्ती से निपटा जाए, जो कानून के प्रावधानों का निजी फायदे के लिए दुरुपयोग करते हैं। ऐसे वादियों के कारण ही आम जनता वास्तविक मामलों को भी संदेह की नजर से देखती है। न्यायाधीश ने कहा कि जांच अधिकारी ने एक क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें ऑडियो और वीडियो फाइलों वाली कई कॉल रिकॉर्डिंग शामिल थीं, जो दिखाती हैं कि लड़की ने अपने पिता के कहने पर झूठा मामला दर्ज करवाया था। इसलिए, कोर्ट ने जैतपुर थाना के एसएचओ को आरोपी पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और ९ अप्रैल को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

तीस हजारी कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में झूठा बयान देने का अपराध करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया है। अतिरिक्तसत्र न्यायाधीश (एएसजे) अनुज अग्रवाल ने आरोपी को बरी करते हुए कहा कि रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि शिकायतकर्ता ने कोर्ट में झूठा बयान दिया और दुष्कर्म व धमकी के आरोप की झूठी कहानी गढ़ी। इसलिए अदालत ने अभियोजन पक्ष के झूठे बयान को देखते हुए आरोपी को बरी कर दिया। बार एसोसिएशन चुनाव संपन्न, किसी को जीत तो किसी को मिली हार; चयनित प्रत्याशी ढोल की थाप पर जमकर थिरके फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि प्रतिष्ठा बनाने में पूरा जीवन लग जाता है, लेकिन इसे नष्ट करने के लिए कुछ झूठ ही काफी होते हैं। इसलिए, केवल बरी होने से आरोपी की पीड़ा की भरपाई नहीं हो सकती, जिसे यौन उत्पीड़न की झूठी कहानी के आधार पर ऐसे जघन्य अपराधों के लिए मुकदमे के आघात से गुजरना पड़ा। उन्होंने कहा कि हालांकि यह कहना गलत होगा कि यदि अभियोक्ता की गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है तो उसे किसी स्वतंत्र पुष्टि की आवश्यकता नहीं होती।

अदालत ने स्वीकार किया कि झूठे दुष्कर्म के मामले ने आरोपी को पीड़ित बना दिया। साथ ही, अदालत ने महिला के खिलाफ झूठी गवाही देने के अपराध के लिए दंडनीय शिकायत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (केंद्रीय) की अदालत में भेजने का आदेश दिया। मामला २०१९ का है, जिसमें उज्जैन निवासी महिला ने आरोप लगाया था कि उसे आरोपियों ने घूमने के लिए दिल्ली बुलाया था और नबी करीम इलाके के एक होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया था।

## एक नजर

### सिंधी चेटी चंड मेले का पंजाबी बाग में होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिंधी चेटी चंड मेला का आयोजन रविवार १३ अप्रैल २०२५ को पंजाबी बाग पार्क, रिंग रोड, पंजाबी बाग, नई दिल्ली में सिंधी रॉयल क्लब अपने सहयोगी सिंधी जागृत सभा के सहयोग से आयोजन करेगा। इसकी जानकारी कार्यक्रम के आयोजक सिंधी रॉयल क्लब के अध्यक्ष विनोद नयनवानी ने पत्रकार वार्ता में दिया उन्होंने आगे बताया इस सिंधी चेटी चंड मेला में सिंधी व्यंजन सहित सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमें मुंबई, अहमदाबाद, अजमेर, दिल्ली के सिंधी मशहूर कलाकारों द्वारा कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर सिंधी चेटी चंड मेला के आयोजक के सहयोगी सिंधी जागृत सभा के अध्यक्ष श्री मनोहर बलवानी ने कहा इस कार्यक्रम में सिंधी व्यंजन के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिंधियत की रंग सिंधी ढोल एवं शहनाई, सिंधी गायक और बहुत सारे सिंधी व्यंजन पर प्रतियोगिता होंगे जिसपर। श्री मनोहर बलवानी ने आगे बताया कार्यक्रम शाम ५:३० बजे आरंभ होगा जो रात्रि ११ बजे तक चलेगा। इसमें दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, लोकसभा के सांसद शंकर लालवानी सहित अनेकों अतिथि पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

### श्वेता तिवारी ने किया हाउस ऑफ रिंग्स का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** हाउस ऑफ रिंग्स, भारत का पहला रिंग्स-विशेष स्टूडियो, कोहाट एनक्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली में अपने भव्य उद्घाटन का जश्न मना रहा है। इस खास मौके पर प्रसिद्ध अभिनेत्री श्वेता तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन किया। सुमित गर्ग द्वारा स्थापित, हाउस ऑफ रिंग्स रिंग्स के प्रति हमारे दृष्टिकोण को बदलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। गर्ग कहते हैं, "रिंग्स सबसे तेज और प्रभावशाली भावनाओं की अभिव्यक्तिहैं, लेकिन पारंपरिक आभूषण खरीदारी में अक्सर इन्हें अनदेखा कर दिया जाता है। हाउस ऑफ रिंग्स में, हम रिंग्स को उनका सही महत्व और मंच देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### दूर दराज के इलाकों के लिए वरदान साबित हो रही मोबाइल अस्पताल सेवा




**नई दिल्ली।** केयर्न ऑयल एंड गैस की स्वास्थ्य सारथी पहल थार के दूर दराज के रेगिस्तानी इलाकों के लिए वरदान साबित हो रही है. इन सेवाओं के चलते ग्रामीणों को प्राथमिक स्तर की उपचार सुविधा ढाणी के निकट मिल रही है. इसके साथ ही गांवों में जागरूकता सत्र, पोषण चर्चा और स्वच्छता शिक्षा के जरिए लोगों को सेहतमंद रहने के टिप्स दिए जाते हैं. इस प्रकल्प में केयर्न की सहयोगी धारा संस्थान के मुखिया महेश पनपालिया के अनुसार स्वास्थ्य सारथी के साथ, हर दरवाजे तक स्वास्थ्य पहुंचाने का सपना अब हकीकत बन चुका है। आदर्श ढूंढा से स्थानीय ग्रामीण हेमलता ने बताया कि पहले हमें बाड़मेर अस्पताल जाना पड़ता था. हमारे पास कोई वाहन नहीं होता. किसी से मांगकर या किराए पर गाड़ी लेकर जाना पड़ता था, जिसमें बहुत समय लग जाता था. जब से स्वास्थ्य सारथी मोबाइल वैन हमारे गांव आने लगी है, इलाज आसान हो गया

### मातृ शक्ति दिवस के रूप में मनाई माताश्री राजेश्वरी देवी की जयंती



**नई दिल्ली।** माताश्री राजेश्वरी देवी की पावन जयंती हंसलोक आश्रम, दिल्ली में मातृशक्तिदिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर परमपूज्य श्री भोले जी महाराज एवं माताश्री मंगला जी के सानिध्य में हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय जनकल्याण समारोह बड़ी ही श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में आध्यात्मिक विभूति माता श्री मंगला जी ने देश-विदेश से आये हजारों श्रद्धालु-भक्तों एवं संत-महात्माओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जयंती केवल उन्हीं महापुरुषों की मनाई जाती है जिन्होंने अध्यात्म ज्ञान और मानव सेवा के द्वारा समाज में बदलाव लाने का काम किया। उन्होंने भक्तों का आहवान किया कि वे देश के सभी राज्यों में अध्यात्म ज्ञान का प्रचार करें। अध्यात्म ज्ञान से ही समाज में शांति और सदभाव सम्भव है। माताश्री मंगला जी ने कहा कि भगवान श्री राम, भगवान श्री कृष्ण, भगवान बुद्ध, गुरु नानक, महावीर स्वामी, योगीराज श्री हंस जी महाराज और माता श्री राजेश्वरी देवी आदि हमारे सभी संत-महापुरुष आध्यात्मिक थे इसलिए आज भी पूरी दुनिया में उनकी पूजा होती है। उन सभी ने अपने-अपने समय के लोगों को अध्यात्म ज्ञान का बोध कराकर उन्हें सत्य, धर्म, न्याय, परोपकार तथा जनकल्याण के मार्ग पर लगाया।

### 150वें आर्य समाज स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**नई दिल्ली।** दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा एवं आर्य केंद्रीय सभा, दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 150वें आर्य समाज स्थापना दिवस पर तालकटोरा इंदोर स्टेडियम में गरिमा पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मानवता कल्याण कार्यों देश के सामाजिक उत्थान पर प्रेरक विचार रखें, वहीं देश के नव निर्माण में नई ऊर्जा से इस आंदोलन को आगे बढ़ाने को प्रेरित किया दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की अध्यक्ष श्रीमती किरण चोपड़ा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक सरसंघ चालक अनिल अग्रवाल ने भी देश की आजादी व समाज सुधारवादी कार्यों में आर्य समाज की चर्चा की। सभा महामंत्री विनय आर्य ने कहा १५० वें आर्य समाज स्थापना दिवस पर वंचित वर्ग की महिलाओं व युवाओं को संस्कारित करके समाज के नव निर्माण में प्रोत्साहित करेगा। ऐतिहासिक कार्यक्रम में सभा प्रधान धर्मपाल आर्य, आर्य केंद्रीय सभा प्रमुख सुरेंद्र रैली, आर्य नेता विद्या मित्र ठुकराल को ज्ञान ज्योति पर्व समिति के मुखिया सुरेंद्र कुमार आर्य ने सम्मानित किया। ऐतिहासिक शताब्दी पर आर्य वीर वीरांगनाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम व विशेष यज्ञ के भव्य आयोजन भी हुए।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'संकल्प से सिद्धि-नया सत्र, नई ऊर्जा' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

# डीएवी संस्था राष्ट्र निर्माण, शिक्षा के समन्वय की मिसाल : रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम "संकल्प से सिद्धि-नया सत्र, नई ऊर्जा" में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि डीएवी संस्था शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को ऊर्जा देने वाली एक ऐसी संस्था है , जो विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ संवेदनशीलता और सामा. जिक जिम्मेदारी कि भावना को भी उजागर करती है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डीएवी संस्थान की १४० वर्षों की गौरवपूर्ण परंपरा की सराहना करते हुए इसे "व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला" करार दिया। उन्होंने कहा कि महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के वैदिक सिद्धांतों व आदर्शों पर आधारित १८८६ में स्थापित डीएवी संस्थान आधुनिक ज्ञान और प्राचीन वेदों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करती है, जिसने शिक्षा को केवल अकादमिक उपलब्धि न मानकर राष्ट्र के चरित्र निर्माण का माध्यम बनाया है। यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण हेतु वैचारिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त रूप से संजोए हुए है। देशभर में १००० से अधिक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के माध्यम से २३ राज्यों में शिक्षा का दीप जलने वाली यह संगठन न केवल अकादमिक उत्कृष्टता, बल्कि नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी बल देती है, जिससे विद्यार्थियों को जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित संस्था से शिक्षा प्राप्त करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानीख्रलाला लाजपत राय, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद से लेकर, अटल बिहारी वाजपेयी और महेंद्र सिंह धोनी जैसी विशिष्ट हस्तियों ने न केवल देश में, बल्कि पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। इन प्रतिभाओं का योगदान समाज और राष्ट्र दोनों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 'विकसित भारत २०४७' का सपना लेकर राष्ट्र को अग्रसर कर रहे हैं, ऐसे में डीएवी जैसी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## छात्रों ने असुविधाओं को लेकर विरोध जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ओखला स्थित जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी, डीएसईयू में सोमवार को छात्रों ने फीस बढ़ोतरी और असुविधाओं को लेकर विरोध जताया। छात्रों का आरा. ेप है कि प्रबंधन ने बिना किसी पूर्व सूचना के बीटेक डिग्री और डिप्लोमा कोर्सों में २५ से ३० फीसदी तक फीस बढ़ा दी है।

इस बारे में छात्रों की ओर से संस्थान के निदेशक से लेकर शिक्षा मंत्री तक को मांगपत्र भेजा जा चुका है। छात्रों की मांग है कि प्रोस्पेक्टस में निर्धारित फीस के आधार पर ही उनसे फीस ली जाए। उधर, प्रबंधन ने १ हजार रुपये शुल्क के साथ ११ अप्रैल तक फीस जमा करने के आद. ेश जारी कर दिए हैं जिससे गुस्साए छात्रों ने कॉलेज के बाहर प्रदर्शन किया।

# सद्दाम गौरी क्राइम सिंडिकेट के सदस्य को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सलमान त्यागी/सद्दाम गौरी क्राइम सिंडिकेट के सदस्य को गिरफ्तार किया है। वह २०१९ से ही हरि नगर के एमसीओसी एक्ट के एक मामले में गिरफ्तारी से बच रहा था।उसे कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था।

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया कि २०१९ में, गैंगस्टर सलमान त्यागी/सद्दाम गौरी अपने साथियों के साथ मिलकर हरि नगर थाने के इलाके में संगठित आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। इस प्रकार, सलमान त्यागी और उसके साथियों के खिलाफ एमसीओसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। वर्तमान मामले में गैंगस्टर सलमान त्यागी और सद्दाम गौरी अपराध सिंडिकेट से जुड़ा आरा. ेपी सूरज उर्फ कुरा मामले के दर्ज होने के बाद से ही गिरफ्तारी से बच रहा था और वर्तमान मामले में कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था। इसके बाद से स्पेशल सेल, की कई टीमों को वांछित अपराधी सूरज उर्फ कुरा (३५)को पकड़ने का काम सौंपा गया था, जो २०१९ से अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था और वह भारत के कई राज्यों में लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। इसी दौरान मानवीय इनपुट के अनुसार वांछित सूरज उर्फ कुरा की गतिविधि आनंद विहार बस टर्मिनल,के पास पाई गई। सूचना मिलने पर, एसीपी राहुल कुमार सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर मंदीप और जयबीर के नेतृत्व में टीम ने आनंद विहार बस टर्मिनल, में छापेमारी कर आरोपी सूरज उर्फ कुरा को उस समय पकड़ लिया, जब वह दिल्ली से चेन्नई जाने की फिराक में था। पुलिस पूछताछ के दौरान सूरज उर्फ घ्घ्कुरा ने बताया कि २०१३ में वह सलमान त्यागी के संपर्क में आया और सलमान त्यागी के साथ दिल्ली के तिलक नगर थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल हो गया। जेल से बाहर आने के बाद वह दूसरे राज्यों में मजदूरी करने लगा। २०१९ में उसके खिलाफ दिल्ली के हरि नगर थाना में एमसीओसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# वन टाइम पेमेंट के साथ पाएं नमो भारत व मेट्रो ट्रेन दोनों के टिकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नमो भारत ट्रेन और मेट्रो ट्रेन रूट पर यात्रा की संयुक्त योजना बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत कनेक्ट एप में जर्नी प्लानर की शुरुआत की है। इस फीचर के साथ यात्री एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर एक भुगतान पर दोनों की ट्रेन माध्यमों की टिकट अलग-अलग टिकट ले सकते हैं। उदाहरण के तौर पर किसी को मेरठ साउथ से दिल्ली के राजीव चौक तक जाना है, तो एप के जर्नी प्लानर फीचर में यात्री को शुरुआती और गंतव्य स्टेशन का नाम डालना होगा। ऐसा करने पर एप बता देगी कि आपको नमो भारत ट्रेन से आनंद विहार उतरना होगा, वहां से मेट्रो की ब्लू लाइन पकड़ कर आप राजीव चौक पहुंच जाएंगे। यात्री चाहेंगे तो एक भुगतान पर नमो भारत और मेट्रो ट्रेन का अलग-अलग क्यूआर कोड आधारित टिकट उनको मिल जाएगा। अभी तक टिकट खरीदने के लिए भुगतान भी अलग-अलग करना होता था। यात्रा की योजना बनाने के लिए रूट भी अलग-अलग देखना होता था। एनसीआरटीसी अधिकारियों ने बताया कि यह फीचर एक स्टेशन से दूसरे के बीच के यात्रा के लिए स्मार्ट रूट का सुझाव देता है। यात्री इससे सबसे तेज और सबसे कुशल रूट की जानकारी लेने के साथ-साथ अनुमा. नित यात्रा समय और सुझाए गए इंटरचेंज भी देख सकते हैं।

## साकेत जी ब्लॉक मेट्रो कॉरिडोर पर चलेगी तीन कोच की मेट्रो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फेज चार की लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक मेट्रो लाइन देश की पहली ऐसी मेट्रो लाइन होगी जिस पर तीन कोच की मेट्रो ट्रेनें चलेंगी। इस कॉरिडोर पर पहला और आखिरी दोनों स्टेशन वर्तमान दो इंटरचेंज स्टेशन से जुड़े होंगे और कॉरिडोर लाजपत नगर मार्केट व सलेक्ट सिटी वॉक मॉल को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेगा। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) का कहना है कि व्यस्त समय में इस कॉरिडोर पर जितने यात्रियों के सफर करने का अनुमान है उसे तीन कोच की मेट्रो से आसानी से पूरा किया जा सकता है।

करीब आठ किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर पर आठ स्टेशन होंगे। यह वर्तमान ग्रे लाइन (द्वारका-ढांसा बस स्टैंड) दिल्ली मेट्रो का दूसरा सबसे छोटा कॉरिडोर होगा। इन स्टेशनों के प्लेटफार्म सामान्य मेट्रो स्टेशनों की तुलना में छोटे होंगे। देश में चार, छह व आठ कोच की मेट्रो का परिचालन हो रहा है। स्टैंडर्ड गेज के वर्तमान कॉरिडोर के मेट्रो स्टेशनों के प्लेटफार्म की लंबाई सामान्य तौर पर १४० मीटर है। स्टेंडर्ड गेज के कॉरिडोर पर अभी छह कोच की मेट्रो का परिचालन हो रहा है।

# रॉबरी का मामला सुलझा तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस के मौर्या एन्क्लेव थाने के स्टाफ ने रॉबरी का मामला सुलझाकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक बाइक , एक देसी कट्टा, एक बैग और घटना के दौरान पहने गए कपड़े बरामद किए गए। ये कपड़े अपराध में इस्तेमाल किए गए थे।आरोपी पहले भी चोरी और जुआ अधिनियम के तीन आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्तभीष्म सिंह ने बताया कि ३१ मार्च को मौर्या एन्क्लेव थाने में एक वरिष्ठ नागरिक को बन्दूक दिखाने की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी ।पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा जहां बुजुर्ग शिकायतकर्ता,ने बताया कि जब मैं दोपहर करीब ०३:३० बजे घर पर थी, तो एक अज्ञात व्यक्तिआया और दावा किया कि मुझे एक कूरियर मिला है, और घर में घुस गया। उसने मेरा गला घोंटने की कोशिश की और कुछ ही देर बाद, एक अन्य व्यक्ति, जो हथियार से लैस था, उसके साथ शामिल हो गया। मेरी बेटी ने स्थिति को देखते हुए, बाहर आकर जल्दी से लकड़ी का दरवाजा बंद कर दिया, जिसके बाद दोनों हमलावर अपने तीसरे साथी द्वारा चलाई जा रही बाइक पर सवार होकर मौके से भाग गए।इस संबंध में, मौर्या एन्क्लेव थाने में मामला दर्ज कर एसीपी सुभाष प्लेस शैलेंद्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ मौर्या एन्क्लेव मदन लाल मीना के नेतृत्व में एसआई राहुल मलिक, हेड कांस्टेबल साधुराम, धीरज, विजय और कांस्टेबल धर्मेंद्र की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने शिकायतकर्ता का बयान दर्ज कर घटनास्थल पर और उसके आसपास लगे कैमरों से सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया।इसके बाद टीम ने खुफिया जानकारी लेकर विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर कई छापे मार कर दो संदिग्ध पंकज,(२५) और राम स्वामी, (२८) को पकड़ लिया।

# लैक्मे फैशन वीक में मैक्स फैशन ने शानदार की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** मैक्स फैशन ने लैक्मे फैशन वीक के 25वें एडिशन में एक साहसिक और परिवर्तनकारी शुरुआत की,जिसमें उनकी प्रेरणा कल्कि केकलाँ थीं। इस क्षण ने भारतीय फैशन में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया, मैक्स फैशन ने देश के सबसे प्रतिष्ठित रनवे में से एक पर हाई-स्ट्रीट स्टाइल को फिर से परिभाषित किया।यह महज एक रनवे क्षण नहीं था, बल्कि यह एक सांस्कृतिक मूल्यांकन था - एक बयान कि वैश्विक फैशन हर किसी के लिए है,जिसमें ऐसी शैली अपनाई जाती है जो सुलभ हो, ट्रेंड के साथ चलने वाली हो, जिसे आसानी से पहना जा सके। मैक्स की उपाध्यक्ष और मार्केटिंग प्रमुख पल्लवी पांडे कहती हैं, "मैक्स फैशन की लैक्मे फैशन वीक में शुरुआत सिर्फ एक मील का पत्थर नहीं है, यह एक ब्रांड के तौर पर हमारी पहचान की एक सशक्तपुष्टि है। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि फैशन सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। कल्कि केकलाँ को अपनी प्रेरणा मानते हुए, हम स्टाइल को आत्म-अभिव्यक्तिके एक ऐसे रूप के रूप में मना रहे हैं जो सभी का है।

## एम्स में शिक्षकों के एक तिहाई पद खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने सूचना का अधिकार कानून (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी में बताया कि उसके करीब ३५ प्रतिशत संकाय पद खाली पड़े हैं।

आरटीआई कार्यकर्ता एमएम शुजा ने एम्स दिल्ली के कामकाज के बारे में जानकारी मांगी थी। इस पर संस्थान ने पिछले माह जानकारी मुहैया कराई। इसमें एम्स दिल्ली के संकाय प्रकोष्ठ के प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि संस्थान में स्वीकृत १,२३५ पदों के मुकाबले ४३० संकाय सीटें रिक्तहैं। इसमें कहा गया है कि २०२०, २०२३, २०२४ और चालू वर्ष के पहले तीन महीनों में नियमित संकाय पदों के लिए कोई भर्ती नहीं हुई।

# औद्योगिक ग्राहकों के बीच संबंध स्थापित करने को लॉन्च किया इनोविन-डे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा पहचाने गए कई तकनीकी नवाचारक भारत की प्रमुख चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, कृषि क्षेत्र में बदलाव, जल संकट और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन का समाधान खोज रहे हैं। ये नवाचारक खेती के अवशेषों से फर्नीचर बना रहे हैं, औद्योगिक उत्सर्जन को उपयोगी रसायनों में बदल रहे हैं, दुर्लभ-अर्थ मैग्नेट मुक्त मोटर प्रणाली विकसित कर रहे हैं, प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन कर रहे हैं और हवा से नमी निकालकर पानी प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए हर्ष मारीवाला ने कहा नवाचार सहयोग से ही फलता-फूलता है, और इनोविन डे इस सहयोग को बढ़ावा देने का हमारा प्रयास है। वैभव तिडके ने कहा, "एमआयएफ के रणनीतिक मार्गदर्शन ने हमारे व्यवसाय मॉडल को आकार दिया और विकास को तेज किया। हमारी आय २०१९ में जो ६० लाख से बढ़कर २०२३ मे १०० करोड़ हो गई, जो एमआयएफ के रणनीतिक मार्गदर्शन के प्रभाव को दर्शाती है।

अरिंदम पॉल ने एटॉमबर्ग की व्यावसायिक प्रगती पर व्यक्त होते हुए कहा हमें जो मार्गदर्शन मिला, उसने स्पष्ट दिशा दि गयी थी: पहले व्यवसाय के गहराई में जाओ, ऑफलाइन सोचने से पहले ऑनलाइन बाजार में नेतृत्व हासिल करो। यह सिद्धांतख्रविस्तार से पहले फोकसख्रतब से हमें लगातार मार्गदर्शन करता आ रहा है।" मैरिको इना. ेवेशन फाउंडेशन की प्रमुख सुरंजना घोष ने कहा हम जानते हैं कि इन नवाचारकों के पास बड़े पैमाने पर प्रभाव डालने वाली समाधानशील तकनीकें हैं, लेकिन इन्हें सफल बनाने के लिए पूरे इकोसिस्टम का समर्थन जरूरी है। इनोविन डे इसी दिशा में एक अहम कदम है।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### ‘दो बजे तक फैक्ट्री को बम से उड़ा दिया जाएगा...’

# ईमेल के जरिए मिली आयुध निर्माणी को बम से उड़ाने की धमकी



**गाजियाबाद।** मुरादनगर स्थित आयुध निर्माणी फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी फैक्ट्री के आधिकारिक ईमेल पर दोपहर एक बजे भेजी गई थी, जिसमें कहा गया था कि दोपहर दो बजे तक फैक्ट्री को बम से उड़ा दिया जाएगा। धमकी मिलने के बाद फैक्ट्री प्रशासन ने तुरंत पुलिस कमिश्नर को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी और एसीपी मसूरी सर्कल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते की मदद से फैक्ट्री परिसर की गहन तलाशी शुरू कर दी। सुरक्षा कारणों से फैक्ट्री परिसर में बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह से रोक दिया गया है, और सभी प्रवेश बिंदुओं की निगरानी की जा रही है।

धमकी भरे ईमेल में एक अज्ञात व्यक्ति ने चेन्नई के एक पत्रकार से दुर्व्यवहार का जिक्र भी किया है। हालांकि, इस समय तक पुलिस ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और फैक्ट्री परिसर के कोने-कोने में जांच की जा रही है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस धमकी को गंभीरता से लिया गया है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। फिलहाल, फैक्ट्री परिसर में कोई अप्रत्याशित गतिविधि नहीं पाई गई है, लेकिन पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई है।

# युवा मोर्चे के नेतृत्व में शहर विधानसभा में निकली बाइक रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में युवा मोर्चा की योगी सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूरे होने पर निकली बाइक रैली। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंशी रहे, अति विशिष्ट अतिथि में शहर विधायक संजीव शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने युवा मोर्चे के बाइक रैली को हरि झंडी दिखाकर निकाली। इस बाइक रैली में युवा मोर्चा ने योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर सरकार की योजनाओं, कार्यों व उपलब्धियों को आम जन तक पहुंचाया।

महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे होने पर युवा मोर्चा ने बाइक रैली निकाली एवं आम जनता तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाया साथ ही सरकार की योजनाएं, कार्य व उपलब्धियां का पत्रक भी युवा मोर्चा ने जगह-जगह वितरित किया।

बाइक रैली में मुख्य रूप से युवा मोर्चे के पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय महामंत्री अनुज कश्यप, महानगर उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, आशीष चौधरी, महानगर महामंत्री नितिन शर्मा, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, रो. बिन तोमर, पुष्पेंद्र गुप्ता, पंकज लड्डू, अनुज कसाना, कपिल मावी, रॉबिन भड़ाना, सोनू चौधरी, आशु गुर्जर सूरत सेन विपिन यादव मोहित ठाकुर राहुल भाटी एवं अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल चैंपियनशिप का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 44 वी सब जूनियर बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल चैंपियनशिप (जोन 1) का आयोजन एस.डी. पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में किया गया। उद्घाटन शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल व वीरपाल मलिक सलाहकार कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी ने की और अध्यक्षता शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जीत राज तोमर,, साहिबाबाद पार्षद हिमांशु चौधरी, झंडापुर पार्षद भूपेंद्र भारद्वाज, संरक्षक चौधरी धर्मपाल सिंह, मदनपाल सिरो. ही, आर. के. पावर, गजेंद्र आर्य, वीरेंद्र इंडोलिया, अनुज राठी, गुलशन भामंबरी उपस्थित रहे। बालक वर्ग में मेरठ ने गाजियाबाद को 21-19, 18- 21, 23- 21 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गाजियाबाद दूसरे स्थान पर तथा मुजफ्फरनगर जनपद तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में गाजियाबाद ने मुजफ्फरनगर को 21-15, 21-18 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया मुजफ्फरनगर द्वितीय तथा गाजियाबाद देहात तृतीय स्थान पर रहे ।प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम 44वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप दिनांक 26 व 27 अप्रैल 2025 को वाराणसी में प्रतिभाग करेगी। शूटिंग बॉल फेडरेशन के फाउंडर चौधरी धर्मपाल सिंह ने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किये।

## हाईवे पर भीषण हादसा तेज रफ्तार स्कार्पियों ने कार को मारी टक्कर

**गाजियाबाद।** नेशनल हाईवे 09 पर एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो कार ने दूसरी कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक बाइक सवार भी बाल-बाल बचा। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो में 7-8 युवक सवार थे और कार की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटे से अधिक थी। घटना के बारे में डूंडाहेड़ा निवासी शगुन त्यागी ने बताया कि वह नोएडा से अपने घर लौट रहे थे, तभी एक काली रंग की स्कॉर्पियो ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उनकी कार पलटते-पलटते बची। जब उन्होंने स्कॉर्पियो को रोकने की कोशिश की, तो उन्हें आरोपियों ने धमकी दी। शगुन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और आगे जाकर स्कॉर्पियो को रुकवाया। हालांकि, गाड़ी में सवार सभी युवक मौके से फरार हो गए।

## सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश

**गाजियाबाद।** भोजपुर क्षेत्र के शकूरपुर-तलहैटा संपर्क मार्ग पर घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को लगातार दूसरे दिन ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया।

### एक नजर

# मोदीनगर नगर पालिका की बोर्ड बैठक में हुए कई निर्णय

- **पालिका के सभाकक्ष में विनोद वैशाली मा. अध्यक्ष व समस्त वार्ड सदस्यों एवं मा. विधायक डॉ. मंजू शिवाच व अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई**

**मोदीनगर।** सोमवार को पालिका के सभाकक्ष में विनोद वैशाली मा० अध्यक्ष व समस्त वार्ड सदस्यों एवं मा० विधायक डॉ० मंजू शिवाच व अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें बजट आय अंकन रू0 1,60,73,77,664-98 तथा व्यय अंकन रू0 1,60,63,00,000-00 वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृति, एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन का प्रस्ताव, प्रजापति समाज को मिट्टी के बर्तन आदि बनाये जाने हेतु भूमि दिये जाने, 02 रोड़ रोलर कय किये जाने, तिबड़ा रोड़ पर अतिक्रमण के सम्बन्ध में ट्रैफिक पुलिस को पत्र प्रेषित किये जाने, हैण्डपम्प रिबोर कराये जाने, वार्ड नं0 20 में पुरानी ट्यूबवैल की बाउण्ड्री कराये जाने, संस्कार पब्लिक स्कूल के पास स्थित एल०एम०सी० भूमि को संरक्षित किये जाने आदि प्रस्ताव पारित किये गये। विधायक द्वारा सीकरी महामाया देवी मंदिर के सम्पूर्ण विकास हेतु प्रपोजल बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित किये जाने, नगर में लगने वाले पैठ को सुनियोजित किये जाने, अवैध रिक्शा/ऑटो को नियन्त्रित किये जाने के प्रस्ताव रखे गये, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

विनोद वैशाली अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मोदीनगर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें नरेन्द्र मोहन मिश्र अधिशासी अधिकारी, अमरीश कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, दिनेश कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, अंकित गोयल, ललित त्यागी व कामेश चौहान आदि अधिकारीगण व सदस्य उपस्थित रहे।

### मुरादनगर शहर मंडल कार्यालय पर

# भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मुरादनगर। शहर मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का 45 व स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य रूप महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज शर्मा, लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष श्री अमरीश गोयल, बुद्ध प्रकाश गोयल, बिंदु त्यागी, उपेंद्र त्यागी, गीता चौधरी, सोनिया त्यागी ,प्रशांत कुमार खटीक, सचिन शर्मा, रोहित शर्मा, मोहित शर्मा ,विकास त्यागी, भूपेंद्र पाल (सभासद ),तनु शर्मा, राज फोगाट, सरोज, विनीता जिंदल, मोहित त्यागी ,संजू वैश्य ,शालिनी शर्मा, कामिनी वर्मा, गुड्डी वर्मा, भूपेंद्र बीडीसी, कपिल त्यागी ,विनीता जिंदल, पूजा गुप्ता, मुकेश शर्मा, डॉ प्रदीप त्यागी, ललित गोयल ,विपिन गर्ग, संदीप चोटी, आनंद कुमार ,लोकेश कुमार ,रोहित कुमार ,निखिल चौधरी, आदि रहे है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में दीक्षांत समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में बीडीएस के 20वें बैच एवं एमडीएस के 16वें बैच के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विषिष्ट अतिथि डॉ0 शालीन चंद्रा, प्रोफेसर एवं डीन, डेन्टल फैकल्टी, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ, आईटीएस0 -द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वल्लित करके किया। इस अवसर पर आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के सेक्रेट्री, भूषण कुमार अरोड़ा और डायरेक्टर-पीआर, सुरिन्द्र सूद भी उपस्थित रहें। दीक्षांत समारोह में 139 बीडीएस एवं एमडीएस विद्यार्थियों को उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की



शुरुआत डायरेक्टर-पीआर सुरिन्द्र सूद द्वारा विशिष्ट अतिथि गणमान्यों के स्वागत भाषण के साथ हुई।

इसके बाद संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी ने अपनी कॉलेज रिपोर्ट में संस्थान के विभिन्न दंत विभागों की मुख्य विशेषताओं और नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया। डॉ शेट्टी ने संस्थान द्वारा सभी नवीनतम सुविधाएं और बेहतर उपकरण प्रदान करने के लिए आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार प्रकट किया तथा उन्होंने सभी छात्रों की वार्षिक एकेडमिक अवार्ड एवं उनकी उपलब्धियों की घोषणा की और उनके माता-पिता को बधाई भी दी।

डॉ सोनाली तनेजा, डीन-पीजी स्टडीज एंड क्लीनिक्स, प्रोफेसर एंड एचओडी, कंजरवेटिव एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा सभी छात्रों को शपथ ग्रहण कराई गई तथा उन्होंने सभी छात्र-छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने इस अवसर पर सभी छात्रों एवं उनके माता-पिता को बधाई दी और इसके साथ ही उन्होंने बताया कि संस्थान को लगातार तीसरी बार नैक (एन.ए.ए.सी) से ए ग्रेड प्राप्त हुआ है और उन्होंने बताया कि इंडिया टुडे एवं द-वीक सर्वे के अनुसार आईटीएस डेन्टल कालेज को नॉर्थ इंडिया के बेस्ट प्राइवेट कॉलेजों में प्रथम स्थान पाया है। विशिष्ट अतिथि डॉ शालीन चंद्रा ने संस्थान द्वारा निरंतर समाज में रहने वाले गरीब व्यक्तियों को न्यूनतम शुल्क पर उच्च गुणवत्ता वाले दंत चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए संस्थान की परोपकारी गतिविधियों की सराहना की। डॉ शालीन ने कहा कि यह सभी सुविधाएं संस्थान के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के दिन प्रतिदिन शैक्षणिक गतिविधियों की रूची के कारण है, जिससे आईटीएस कॉलेज देश के सर्वश्रेष्ठ डेंटल कॉलेजों में अपना प्रथम स्थान रखता है।

### अब मोदीनगर में लिवर का फैट क्वांटीफिकेशन लिवर इलास्ट्रोग्राफी/ फाइब्रोस्कैन , अल्ट्रासाउंड से

# हिस्ट्रोसल्पिंगोग्रही (एचएसजी) व अन्य एडवांस्ड जांच संभव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर के प्यारेलाल में यूएसजी की नई मशीन लगाई गई जिसके बारे प्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल ने बताया के जिन मरीजों के लिवर में फैट की मात्रा बढ़ जाती है उनको अभी तक ग्रेडिंग के माध्यम से सूचित किया जाता है जैसे के ग्रेड वन, टू , थ्री परंतु लिवर में कितना फैट जमा है उसके सही मात्रा नहीं नापी जाती किंतु अब फैटी लिवर वाले मरीजों को सटीक नंबर बताया जा सकेगा।

साथ ही जो भी मरीज फैटी लिवर का उपचार किसी भी पद्यति जैसे के व्यायाम,योगा, डाइट, रनिंग, मेडिसिन आदि से ले रहे हैं उनको जिस तरह से ब्लड सुगर व ब्लड प्रेशर पर ध्यान और नियंत्रण रख पाते हैं वैसे ही लिवर में फैट पर भी नजर और नियंत्रण रख सकेंगे।

इलास्ट्रोग्राफी/फाइब्रोस्कैन पर रोशनी डालते हुए उन्होंने बताया के समय के साथ साथ लिवर का लचीलापन कम होने लगता है और लिवर हार्ड (फाइब्रोज्ड) होने लगता है साथ ही लिवर में किसी भी तरह की बीमारी जैसे के हेपेटाइटिस ए, बी, सी, अल्कोहलिक लिवर डिजीस, शराब का सेवन, लंबे समय तक किसी अन्य बीमारी की दवा इत्यादि लिवर के फाइब्रोसिस को और अधिक तेजी से बढ़ा देती है जिसके कारण लिवर डैमेज होने लगता है।

बहुत अधिक मात्रा में जब लिवर खराब हो जाता तो लिवर ट्रांसप्लांट तक की नौबत आ जाती है, अगर सही समय पर डायग्नोसिस बन जाए और मरीज मुकम्मल इलाज ले तो लिवर को बचाया भी जा सकता है।

एच० एस० जी० यानी के हिस्ट्रोसल्पिंगोंग्राफी के संबंध में डॉ प्राची अवस्थी ने बताया के इंफर्टिलिटी के मरीजों में महिला के बच्चेदानी में डाई डाली जाती है और फिर उसके मल्टीपल एक्स-रे लिए जाते हैं जिससे मरीज को डाई एवं रेडिएशन (ग-तंल) झेलना पड़ता है स साथ ही यह एक पीड़ादायक जांच है जिसके बाद दर्द की दवा लेनी पड़ती है।

किंतु इस आधुनिक भ्लबवेल जांच में बिना दर्द, बिना डाई और बिना ◦-तंल के ट्यूब्स का आंकलन संभव है । यूटरस के साथ साथ ओवरीज की भी जांच एक साथ की जा सकती है और मरीज दो जगह भटकना भी नहीं पड़ेगा।

# धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी रविंद्र कुमार का जन्म दिवस उनके मित्र गणों ने बड़े धूमधाम से मनाया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी वीरेंद्र सिंह एडवोकेट के लीगल ऑफिस 358 नंदग्राम गाजियाबाद पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जहां पर केक काटकर एवं गरीबों में फल वितरित कर जन्मदिन मनाया गया।

वीरेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि रविंद्र कुमार ने अपना जीवन समाज सेवा को समर्पित किया हुआ है और वह लोगों की मदद करते हैं इस प्रकार का व्यक्तित्व पृथ्वी पर कम ही जन्म लेता है। इसलिए ऐसे लोगों को धरती पर अधिक संख्या में आना चाहिए ताकि समाज का कल्याण हो सके उनकी समाज सेवा को देखते हुए उनके मित्र गणों ने बड़े ही हषोल्लास के साथ वी एस एण्ड एसोसिएट्स पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर रविंदर कुमार को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत रविंद्र कुमार ने अपने सभी मित्र गणों को शुभकामनाएं दी।



# उद्योगपति की गोली मारकर हत्या, शरीर पर चाकू से गोदने के निशान, नाली में मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** परतापुर थाना क्षेत्र के भूड़बराल में सोमवार सुबह एक उद्योगपति की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया। मृतक का नाम इरफान (50) है, जो स्थानीय ‘बीआई कंडक्टर कॉपर वायर’ फैक्ट्री का मालिक था। पुलिस को इरफान का शव महरौली मार्ग पर बंबे के पास मिला, जो बुरी तरह फूल चुका था और उसकी हत्या गोली मारकर और चाकू से गोदकर की गई थी। शव को इरफान की स्कूटी से करीब 5 किमी की दूरी पर फेंक दिया गया था।

बताया जा रहा है कि इरफान 3 अप्रैल की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। इसके बाद उसके परिवार ने पुलिस में मिसिंग की शिकायत दर्ज कराई थी। इरफान की तलाश में पुलिस और परिवार दोनों ही लगातार जुटे हुए थे। इस दौरान पुलिस ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की थी, और दो दिन पहले तीन लोगों को हिरासत में लिया था, जिनसे अभी भी पूछताछ जारी है। पोस्टमार्टम के दौरान यह पुष्टि हुई कि इरफान की हत्या अत्यधिक बर्बरता से की गई थी। उसके चेहरे पर गहरे चोट के निशान थे, आंखें कुचली हुई थीं, और शरीर पर चाकू से गोदने के निशान थे। उसकी पीठ पर गोली के निशान भी मिले।

घरवालों का कहना है कि हत्या के पीछे पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो सकता है, क्योंकि इरफान का पार्टनर से बिजनेस में पैसे का लेनदेन होने का शक है।

जानकारी देते हुए एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि इरफान के लापता होने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज की थी। जांच के दौरान मृतक की स्कूटी बरामद हुई थी, और आज उसकी लाश मिली। एसपी सिटी के निर्देशन में तीन पुलिस टीमें इस केस की जांच में जुटी हुई हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इस दर्दनाक घटना से परिवार को गहरी चोट पहुंची है। पुलिस का कहना है कि वह जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करेगी।

# आईटीएस में अंतर्विद्यालयीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर के आई.टी द्वारा 12 वे अन्तर्महाविद्यालयीय समारोह समग्र - 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र केसाथ साथ सुदूर स्थानों - लखनऊ, मुरादाबाद, जयपुर, मेरठ, गौतम बुध नगर, फरीदाबाद के विभिन्न महाविद्यालयों के 1000 से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न विद्यार्थियों को एक सार्थक मंच उपलब्ध कराना था जहाँ वे विभिन्न एक्टिविटीज तथा अपनी चहुँमुखी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकें तथा एक दूसरे की गतिविधियों को जाने तथा आपसी समझ विकसित कर सकें। इस कार्यक्रम में 10 प्रतियोगिताओ को सम्मिलित किया गया था जिनमे एकल गायन, एकल नृत्य, सी- प्रोग्रा.



मिंग, पाइथन प्रोग्रामिंग, स्टोरी टैलिंग, ट्रेसर हंट, वीडियो मेकिंग, रंगोली, आई.टी क्विज तथा पोस्टर मेकिंग सम्मिलित थे।

इस कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ Mr- Antony Satar, offering leader, IBM क्लाउड, Teñas, Houston, USA, आई.टी तथा स्नातक विभाग के निदेशक डॉ० सुनील कुमार पांडेय, एमसीए विभाग की संयोजिका प्रो० पूजा धर, सहसंयोजिका प्रो० स्मिता कंसल तथा आयोजन समितो के सदस्य प्रो० सौरभ सक्सैना के द्वारा माँ सरवती की प्रतिमा का समक्ष डीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

इस अवसर पर आई० टी० एस० समूह के चेयरमैन डॉ० आर० पी० चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने सन्देश में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं सुदूर स्थानों के बड़ी संख्या विभिन्न संस्थाओं के छात्रों के इस प्रतियोगिता में भाग लेने पर संतोष व्यक्त किया तथा सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाये देते हुए कहा की यह समारोह सभी प्रतियोगियों को एक सक्षम मंच उपलब्ध कराएगा जिसमें सभी अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन करेंगे ।

आईटीएस मोहन नगर के आईटी तथा स्नातक परिसर के निदेशक डॉ० सुनील कुमार ।पांडेय ने समस्त छात्रों एवं प्रतियोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन छात्रों को आपस में टीम भावना, आयोजन की बारीकियों, संवाद के साथ साथ आपस में एक दूसरे को समझने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करते हैं।

इसके पूर्व आयोजन समिति की सदस्या प्रो० स्मिता कंसल ने कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों एवं इसमें सम्मिलित क्रियाकलापों तथा आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अपराह्न आयोजित किये गए पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीमों एवं प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार, मैडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस सत्र का सञ्चालन आयोजन समिति के सदस्य प्रो० सौरभ सक्सेना ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र, संकाय सदस्यगण एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सेंधमारी में मुख्य आरोपी निकला पड़ोसी पौने 13 लाख में बेच दिया था सोना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जीटीबी एंक्लेव,शाहदरा स्थित एक घर में सेंधमारी की वारदात में शामिल दो बदमाशों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पांच लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २६ मार्च को एच नंबर २०४८, पहली मंजिल, जनता फ्लैट, जीटीबी एन्क्लेव, शाहदरा में परिवार के साथ रहने वाले शिकायतकर्ता मुकेश ने बताया कि वह २४ मार्च की सुबह मथुरा यू.पी. में वृंदावन मंदिर में दर्शन करने गया था और अगले ही दिन शाम को वापस लौटा। जब वह वापस लौटा तो उसे पता चला कि उसके घर के ताले टूटे हुए थे और दूसरा ताला लगा हुआ था और घर का सामान बिखरा हुआ था और ४-५ लाख रुपये नकद और जेवरात चोरी हो गए थे। पुलिस मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही थी। अपराध शाखा में तैनात एसीपी यशपाल की देखरेख में इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के निर्देशन में पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

जिसमें बाइक पर एक लडके को सबसे पहले शिकायतकर्ता के घर की ओर अपना सिर (संकेत के रूप में) करते देखा गया और उसके घर से गुजरने के कुछ मिनट बाद इलाके में दो संदिग्धों को देखा गया। कुछ और फुटेज खंगालने पर जयंती नामक आरोपी के बारे में जानकारी मिली। जिसको उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। जबकि सचिन को उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपियों से पता चला कि उन्होंने सोना पौने १३ लाख रुपये में बेच दिया था। उनके फरार साथी आरोपी तस्लीम उर्फ आरिफ को पकडने की कोशिश की जा रही है। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी जयंती शिकायतकर्ता का पड़ोसी है और उसे पता था कि शिकायतकर्ता और उसका परिवार उसके घर पर मौजूद नहीं है। उसने अपने रिश्तेदार सचिन को घर में चोरी करने की सूचना दी, क्योंकि जयंती साहू और सचिन दोनों ही कर्ज में डूबे हुए थे। जयंती साहू को हिस्से के तौर पर १ लाख ४ हजार रुपये मिले थे। जबकि सचिन माथुर कर्ज में डूबा हुआ था और जब उसे बताया गया कि अगर वह चोरी करता है, तो उसे अपना कर्ज चुकाने के लिए बड़ी रकम मिल सकती है।

## डेढ करोड़ की ड्रग्स के साथ अंतर्राज्यीय सप्लायर पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय ड्रग सप्लायर इमरान उर्फ चड्डी उर्फ मोटा को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से डेढ करोड़ रुपये की ३१५ ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आरोपी से दिल्ली एनसीआर के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर शिवकुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद शमशान घाट पुलिया,मौजपुर रेड लाइट की ओर जाने वाली सडक,कबीर नगर के पास घेराबंदी करके आरोपी इमरान उर्फ चड्डी उर्फ मोटा को गिरफ्तार किया। पकड़े जाने के वक्त वह एक सफेद हुंडई वेन्यू कार में हेरोइन की आपूर्ति करने जा रहा था।

गाजीपुर लैंडफिल साइट मामला

# रोजाना निस्तारण हो रहा एक हजार मीट्रिक टन , 1700 मीट्रिक टन आ रहा नया कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गाजीपुर लैंडफिल साइट पर निस्तारण की गति बहुत धीमी है। निगम का वर्तमान रिकॉर्ड देखें तो रोजाना मात्र एक हजार मीट्रिक टन कूड़ा ही पहाड़ से कम हो रहा है। इसी गति से निस्तारण हुआ तो एक साल में महज ३.६५ लाख मीट्रिक टन कूड़ा लैंडफिल साइट पर बने पहाड़ से हटेगा। पूरे पहाड़ को हटाने में दो दशक का वक्तभी कम पड़ जाएगा। निगम के मुताबिक, वर्तमान में लैंडफिल साइट ८५ लाख मीट्रिक टन कूड़ा है। प्रतिदिन यहां पर २७०० मीट्रिक टन कूड़ा प्रोसेस हो रहा है, लेकिन यमुनापार के शाहद. रा दक्षिणी और शाहदरा उत्तरी जोन के इलाकों से रोजाना १७०० मीट्रिक टन नया कूड़ा लाकर गाजीपुर लैंडफिल साइट पर डाला जा रहा है। तुलना की जाए तो सही मायने में लैंडफिल साइट से एक हजार मीट्रिक कूड़े का बोझ ही कम हो रहा है। इसके पीछे निगम की नीति और अधिकारियों की लापरवाही जिम्मेदार है। स्रोत पर गीले और सूखे कूड़े को अलग करने की नीति को निगम अब तक लागू नहीं कर पाया है। जिस कारण नया कूड़ा आना नहीं रुक रहा। विशेषज्ञ बताते हैं कि पुराने कूड़े को तेजी से निपटाने के लिए भी उचित नीति का अभाव है। एनजीटी में प्रस्तुति कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट में कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई ६० मीटर बताई गई है, जो अब ६५ मीटर तक पहुंच गई है। हाल में निगम ने गाजीपुर लैंडफिल साइट पर डेढ़ साल में ३० लाख मीट्रिक टन कूड़ा निस्तारण के लिए नई एजेंसी को ठेका दिया है। इस एजेंसी ने १० ट्रामेल मशीन के साथ काम शुरू किया है। ये मशीन मिट्टी, मलबा और कपड़ा व पॉलीथिन को अलग कर देती है। पूर्व में जिसके पास इस लैंडफिल साइट का ठेका था, उसकी २५ मशीनें काम करती थीं। वर्ष २०१९ में गाजीपुर लैंडफिल साइट से कूड़ा का पहाड़ खत्म करने की मुहिम को शुरू किया गया। तब २०२४ तक यहां से कूड़ा पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा गया। इस अवधि के करीब आते-आते निगम का लक्ष्य दिसंबर २०२६ तक खिसक गया। जिस धीमी गति कूड़ा निस्तारण का काम चल रहा है, उसे देखते हुए निगम की ओर से अब दिसंबर २०२८ तक लैंडफिल साइट से कूड़े का पहाड़ खत्म करने का नया लक्ष्य तय किया गया है।

# आईटी मंत्री ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सरकार की वेबसाइट को नागरिकों के लिए अधिक सुगम और उपयोगी बनाने का निर्देश दिया है।

मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि, दिल्ली सरकार के प्रस्तावित एडवांस वेब पोर्टल के होम पेज पर पब्लिक सर्विस को और यूजर फ्रेंडली बनाया जाएगा। मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि जल, सीवरेज, स्वास्थ्य, लोक निर्माण और जनकल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण जनस. ेवाओं को दिल्ली सरकार के वेब पोर्टल पर और अधिक यूजर फ्रेंडली बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों को सहज और पारदर्शी तरीके से सेवाओं की जानकारी उपलब्ध हो, इसके लिए पोर्टल का इंटरफेस सरल और समावेशी बनाया जाए। इस पोर्टल के डेवलप होने पर एक क्लिक से पब्लिक सर्विस से जुड़ी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभागों की वेबसाइटों पर उपलब्ध जानकारियों को समय-समय पर अपडेट किया जाना आवश्यक है। विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि वेबसाइट पर योजनाओं, सेवाओं और संपर्क से जुड़ी सूचनाएं हमेशा नवीनतम और प्रासंगिक रहें। मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने वेबसाइट की प्रस्तावित अपडेट प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पोर्टल की डिजाइन को और अधिक सिटीजन फ्रेंडली एवं इंफोर्मेटिव बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पोर्टल का डिजाइन इस प्रकार तैयार किया जाए कि यह सुव्यवस्थित हो और समाज के सभी वर्गों के नागरिकों के लिए आवश्यक जानकारी सहजता से उपलब्ध हो सके।ष्इस पोर्टल पर दिल्ली सरकार के १०० से अधिक विभागों की जानकारी एक ही जगह पर मिल सकेगी।

खास बात यह है कि इसमें दी गई जानकारियाँ लगातार अपडेट होती रहेंगी और पोर्टल अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा। पोर्टल की विकास प्रक्रिया में सुरक्षा, स्पीड और सुगमता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस पोर्टल को ओपन सोर्स ड्रुपल तकनीक का इस्तेमाल कर विकसित किया जा रहा है जिसे एस्केलेबल क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर पर होस्ट किया जा सकेगा ताकि यह आसानी से उपल्बध हो सके।



आईटी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए।

# मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम विवि से बदलेगी नरेला की तस्वीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बेहतर कनेक्टिविटी न होने से हरियाणा सीमा से सटी डीडीए की नरेला टाउनशिप वीरान दिखती है। लोग इसे घोस्ट टाउन तक कहकर बुलाते हैं। अब डीडीए और दिल्ली सरकार ने नरेला की तस्वीर बदलने की दिशा में कदम उठाते हुए इसे खेल, शिक्षा और वाणिज्य के केंद्र के रूप में विकसित करने का खाका तैयार किया है।

यहां मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम, सात विश्वविद्यालय, छात्रों व खिलाड़ियों के लिए आवासीय परिसर, अस्पताल और व्यावसायिक केंद्र बनेंगे। अगले १-२ महीने में राजस्व हिस्सेदारों के फीडबैक लेकर डीडीए इस परियोजना के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी करेगा। डीडीए ने मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम परियोजना में शामिल होने के इच्छुक राजस्व हिस्सेदारों से ९ अप्रैल तक फिजिकल और ऑनलाइन फीडबैक (ईओआई) मांगे हैं। फीडबैक पर दिल्ली सरकार से परामर्श के बाद डीडीए लाइसेंस फीस के आधार पर परियोजना के लिए भूमि सौंपेगा। अधिकारियों के मुताबिक इस परियोजना को शुरू करने के लिए डीडीए बेहद गंभीर है, बशर्ते कि परियोजना में बाजार की पर्याप्त रुचि दिखाई दे। ये परियोजना नरेला के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। नरेला का विकास होने से बाकी दिल्ली की बड़ी आबादी वहां स्थानांतरित होगी।

# चोरी की बाइक पर घूम रहे थे , तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के संगम विहार थाने के स्टाफ ने तीन ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से चार चोरी की बाइक बरामद की है।पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चार मामलों को सुलझा लिया है।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्तअंकित चौहान ने बताया कि ०६ अप्रैल को संगम विहार थाने के हेड कांस्टेबल धर्म सिंह, हेमराज और कांस्टेबल रामराज को क्षेत्र में गश्त के लिए तैनात किया गया था। गश्त के दौरान जब वे बत्रा अस्पताल के सामने आईटीबीपी कैंप के पास एमबी रोड पर पहुंचे, तो उन्होंने दो अलग-अलग बाइक पर दो व्यक्तियों को संदिग्ध हालत में देखा। संदेह होने पर उनसे बाइक के दस्तावेज दिखाने को कहा गया लेकिन वे इसे दिखाने में असफल रहे। सत्यापन पर दोनों बाइक चोरी की पाई गईं। इसके बाद दोनों आरोपी तपेंद्र (२०) और रामहेत (२६) को पकड़ लिया गया।एक अन्य घटना में ६ अप्रैल को हेड कांस्टेबल हेमराज, कांस्टेबल मोहन, सीताराम और विक्रम शूटिंग रेंज रोड, जी१२-ब्लॉक, संगम विहार,के पास क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान उन्हें बिना नंबर प्लेट वाली एक संदिग्ध बाइक दिखाई दी। संदेह होने पर सवार को रुकने का इशारा किया गया लेकिन पुलिस की मौजूदगी को भांपकर सवार ने गति बढ़ा दी और मौके से भागने की कोशिश की।

## कंझावला में युवक को गोली मारने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** कंझावला इलाके में युवक को गोली मारकर घायल करने वाले वांछित गुलशन कुमार को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक नवम्बर २०२४ को, तीन व्यक्तिगली नंबर ६, मीर विहार, दिल्ली में रेक्सीन के गोदाम में घुसे और जितेन्द्र पर गोली चलाई, जिसमें जितेन्द्र और एक अन्य कर्मचारी घायल हो गए। कंझावला पुलिस मामला दर्ज करके आरोपी की तलाश कर रही थी। स्पेशल सेल को आरोपी के स्वर्ण जयंती पार्क (जापानी पार्क), सेक्टर-१०, रोहिणी के पास आने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके आरोपी गुलशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह वर्तमान में वह बेरोजगार है। वह कई जघन्य मामलों में शामिल रहा है। गुलशन कुमार के परिवार में विधवा भाभी, उनकी मां और एक छोटी बहन है। उन्होंने पत्राचार माध्यम से दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। पढ़ाई के बाद उन्होंने सेल्समैन के रूप में काम करना शुरू किया, लेकिन अपने भाई की बीमारी के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी।

# पत्नी को देना था गुजारा भत्ता, करने लगा लूटपाट, दो साथियों के साथ धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौर्या एन्क्लेव इलाके में कूरियर देने के बहाने घर में घुसकर साथी के साथ सीनियर सिटीजन का गला घोंटकर व गोली मारने की धमकी देकर लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, पिस्टल, एक बैग और वारदात के वक्तपहने गए कपड़े बरामद किए गए हैं। आरो. पियों की पहचान पंकज,अभिषेक उर्फ हर्ष और रामा स्वामी के रूप में हुई है। पंकज और अभिषेक दोनों पहले भी कई वारदातों में शामिल रहे हैं। पंकज ने तलाक के बाद अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देने के लिए पैसे का इंतजाम करने के इरादे से अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात करने लगा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते ३१ मार्च को, पुलिस स्टेशन मौर्या एन्क्लेव में एक वरिष्ठ नागरिक को पिस्टल दिखाकर वारदात करने की पीसीआर कॉल मिली थी।

पुलिस मौके पर पहुंची। ७२ साल की शिकायतकर्ता, कमलेश अरोड़ा ने बताया कि शाम साढ़े चार बजे वह घर पर थी, तो एक अज्ञात व्यक्तिआया और दावा किया कि मुझे एक कूरियर मिला है, और घर में घुस गया। उसने मेरा गला घोंटने की कोशिश की और कुछ ही देर बाद, एक अन्य व्यक्ति, जो हथियार से लैस था, उसके साथ शामिल हो गया। मेरी बेटी ने स्थिति को देखते हुए, बाहर आकर जल्दी से लकड़ी का दरवाजा बंद कर दिया, जिसके बाद दोनों हमलावर अपने तीसरे साथी द्वारा चलाई जा रही मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ मदन लाल मीना के निर्देशन में पुलिस टीम को आरो. पियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। घर के आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली,कुछ मोबाइल फोन का डप डाटा भी खंगाला। एक पुख्ता जानक. ारी के बाद पंकज और राम स्वामी को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

# मेट्रो में पी शराब फिर छीलकर खाया अंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के अंदर से एक वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले आपने डांस, फाइट और खुलम-खुल्ला प्यार के वीडियो देखे होंगे। लेकिन यहां एक शख्स डीएमआरसी के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है। वायरल वीडियो में ये शख्स शराब के साथ अंडे खा रहा है।

एक्स पर एक शख्स ने इस वीडियो को साझा किया है। वीडियो कब और किसी मेट्रो लाइन का है। इसके बारे में जानकारी नहीं मिली है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले ये शख्स आरक्षित सीट पर बैठा हुआ है। जिसने पैंट और शर्ट पहन रखी है। सबसे पहले ये शख्स अपने बैग से अंडा निकालता है। अंडे को छीलने के लिए मेट्रो में पकड़ने वाले रॉड पाइप से अंडे को छीलता है। इसके बाद शराब का गिलास तैयार करता है। लेकिन इसके सामने बैठे किसी शख्स ने इसकी इस करतूत को कैमरे में कैद कर लिया। शराब और अंडा तैयार होने के बाद ये शख्स चाव से इसे खाता है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक करतीं हुई।

# मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों संग की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के सभी राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक के दौरान दिल्ली के सभी ११ राजस्व जिलों के जिलाधिकारी मौजूद रहे। इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व जिलों में प्रशासनिक और विकासात्मक प्रगति की समीक्षा करना, स्थानीय मुद्दों का समाधान करना तथा विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ बनाना रहा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में प्रशासनिक कार्यों की प्रगति, जनसेवा के कार्य, भूमि संबंधी विवादों, अतिक्रमण की स्थिति, भू-स्वामित्व रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण ,आपदा प्रबंधन तैयारियों और राजस्व कार्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभी जिलाधिकारियों को क्षेत्र में नियमित निरीक्षण और जनता से संवाद करने के निर्देश दिए गए है। बैठक के बारे में अधिक जानक. ारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली के सभी राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों के साथ आज की समीक्षा बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस बैठक में नागरिक सेवाओं की स्थिति, ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की प्रगति, जन शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया, भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण और आपदा प्रबंधन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी सेवाएं पारदर्शी, समयबद्ध और नागरिकों की सुविधा को केंद्र में रखकर प्रदान की जाएँ। जनहित से जुड़ी हर प्रक्रिया में जवाबदेही और संवे. दनशीलता जरूरी है। राजस्व विभाग आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी की प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से कई अहम निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा, ष्दिल्ली की जनता को एक ऐसी प्रणाली चाहिए जो सुने, समझे और त्वरित कार्रवाई करे। इसी दृष्टिकोण के तहत सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जिले में सप्ताह में कम से कम एक बार जन सुनवाई कैंप लगाया जाए, ताकि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के बारे में स्पष्ट किया कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्रों को जारी करने में पाई जाने वाली अनियमितताओं की त्वरित जांच की जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि राजस्व विभाग आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, समयबद्धता और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि झुग्गी क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण की जाए और लोगों की बुनियादी जरूरतों की सुनिश्चितता की जाए। सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विकास कार्यों की १५ दिन के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी और यूजर फ्रेंडली बनाने के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल को अपग्रेड किया जाएगा।

## 10 साल में देशभर में शिशु मृत्यु दर में कमी आई


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्क्रीनिंग के साथ समय पर गर्भवती को इलाज की सुविधा देकर आरोग्य मंदिर जच्चा-बच्चा को स्वस्थ बना रहा है। पिछले १० सालों में इनकी मदद से देशभर में शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। साथ ही महिलाओं में होने वाले संचारी व गैर संचारी रोगों की रोकथाम करना भी आसान हो गया है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि साल २०१५ में देश में शिशु मृत्युदर प्रति एक हजार पर ३७ थी। जो घटकर ३० के नीचे आ गई है। वहीं, दिल्ली में यह आंकड़ा प्रति एक हजार पर १८ था, जो अब ११ के नीचे आ गया है। आरोग्य मंदिर से शिशु मृत्युदर में कमी आने के अलावा जीवन शैली में आए बदलाव के कारण बढ़ रहे दूसरे रोगों की पहचान भी जल्द हो पा रही है।

## श्वेता तिवारी ने किया हाउस ऑफ रिंग्स का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** हाउस ऑफ रिंग्स, भारत का पहला रिंग्स-विशेष स्टूडियो, कोहाट एनक्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली में अपने भव्य उद्घाटन का जश्न मना रहा है। इस खास मौके पर प्रसिद्ध अभिनेत्री श्वेता तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन किया।



सुमित गर्ग द्वारा स्थापित, हाउस ऑफ रिंग्स रिंग्स के प्रति हमारे दृष्टिकोण को बदलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। गर्ग कहते हैं, "रिंग्स सबसे तेज और प्रभावशाली भावनाओं की अभिव्यक्तिहैं, लेकिन पारंपरिक आभूषण खरीदारी में अक्सर इन्हें अनदेखा कर दिया जाता है। हाउस ऑफ रिंग्स में, हम रिंग्स को उनका सही महत्व और मंच देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## फीस बढ़ोत्तरी का लेकर सरकार पर भड़कीं आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष आतिशी ने प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने प्राइवेट स्कूलों में बढ़ी फीस के मुद्दे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने दिल्ली सीएम से आदेश जारी कर श्अभिभावकों से बढ़ी हुई फीस तब तक न वसूले, जब तक कि स्कूलों के खातों का ऑडिट न हो जाएश् की मांग की है। उन्होंने कहा कि सिर्फ उन स्कूलों को १-२ प्रतिशत फीस वृद्धि की मंजूरी दी जाए जिनके खर्चे जायज हों। आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ष्दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ने से हाहाक. ार मचा हुआ है। स्कलों के बाहर माता-पिता प्रोटेस्ट कर रहे हैं।

# प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि पर सरकार कसेगी नकेलः आशीष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लिना और पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की सरकार में दिल्ली के स्कूलों में तथाकथित बढ़ाई गई फीस के संबंध में सफाई देने के लिए आज एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉनफ्रेंस की। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार के १० सालों के शासनकाल में दिल्ली के १६७७ प्राइवेट स्कूलों में से सिर्फ ७५ स्कूलों का ही हर साल ऑडिट किया गया है। जबकि दिल्ली एजुकेशन एक्ट के तहत सभी स्कूलों का प्रतिवर्ष ऑडिट करवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार की शिक्षा के प्रति प्राथमिकता को स्पष्ट करना चाहता हूं। हम दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी तरह का व्यवसायीकरण बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के बच्चों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए हर तरह के प्रयास करेंगे। शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली में १६७७ प्राइवेट स्कूल हैं, जिनमें से ३३५ सरकारी जमीन पर बने हैं। जिनके लिए



१९७३ के दिल्ली स्कूल एक्ट में यह नियम है कि राज्य सरकार से फीस बढ़ाने से पहले अनुमति लेना जरूरी है। ११४ स्कूल ही ऐसे हैं जिनको फीस बढ़ाने के लिए अनुमति लेने के लिए कोई बाध्यता नहीं हैं। हम पर आरोप लगाया जा रहा है कि हम प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ाने के लिए साजिश कर रहे हैं। बीते १० साल का ऑडिट रिपोर्ट शिक्षा विभाग के पास मौजूद ही नहीं है। किसी भी स्कूल का दिल्ली शिक्षा निदेशालय के पास ऑडिट रिपोर्ट जमा ही नहीं करवाया है। क्या दिल्ली की सरकार ने ऐसी कोई पॉलिसी बनाई थी कि स्कूलों को फीस बढ़ाने से रोक सकें। सूद ने यह भी बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश के बाद दिल्ली के शिक्षा इतिहास में पहली बार डीपीएस, द्वारका स्कूल की जांच के लिए डीएम के आदेश पर जांच कमेटी बनाई गई है। डीएम कापसहेड़ा के नेतृत्व में डीपीएस द्वारका स्कूल की जांच चल रही है। क्ैै द्वारका में साल दर साल स्कूल फीस बढ़ी थी। डीपीएस द्वारका में लगातार पांच साल स्कूल फीस बढ़ी है। हम अगले १० दिन के अंदर दिल्ली की जनता को यह बताएंगे कि किस किस स्कूल ने पिछले सालों में कितनी फीस बढ़ाई है। इस सारे डाटा को हम एजुकेशन विभाग की साइट पर भी डाल देंगे ताकि लोग इसकों देख सके कि कैसे झूठ फैलाया जा रहा है कि हमारी सरकार ने फीस नहीं बढ़ने दी। लेकिन फिर भी फीस बढ़ाई जाती रही है। सेंट ट्यूटोरियल स्कूल में फीस बढ़ी थी, लक्ष्मी पब्लिक स्कूल में भी फीस बढ़ी। हम सभी प्राइवेट स्कूलो में भी जाकर जांच कर रहे हैं। एसडीएम की जांच रिपोर्ट आने के बाद कठोर कार्रवाई करेंगे।

# छह साल बाद दिल्ली में लौटा दुर्लभ ब्लैक ईगल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिलपथ वैली जैव विविधता पार्क में दुर्लभ ब्लैक ईगल (काला चील) उड़ान भरते नजर आ रहे हैं । राजधानी दिल्ली में इन्हें आखिरी बार जनवरी २०१९ में असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में देखा गया था। ब्लैक ईगल हिमालय की तराई में नेपाल से सटे हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर के साथ श्रीलंका में पूर्वी और पश्चिमी घाट के जंगलों में पाया जाता है। तिलपथ वैली जैव विविधता पार्क १२ एकड़ में घास के मैदान तैयार किया गया है, है। यहां घास की प्रमुख प्रजातियां सेंचरस, हेटेरोपोगोन, क्राइसोपोगोन, एरिस्टिडा, डेस्मो स्टैचिया आदि हैं, जो ढलानों पर मिट्टी की कटाव को भी रोकती हैं और शाकाहारी जानवरों के लिए भोजन का आधार भी बनाते हैं। घास के मैदानों में लाल अवदावत, भारतीय सिल्वरबिल, घरेलू गौरैया, ग्रे फ्रैंकोलिन, पाइड बुशचौट, क्रेस्टेड लार्क, पैडीफील्ड पिपिट जैसे पक्षी देखे जा सकते हैं। इनसे आकर्षित होकर बड़े शिकारी पक्षी सामान्य चील, उल्लू, बाज भी यहां आने लगे हैं। तिलपथ वैली में १५ वनस्पति समुदायों से संबंधित कुल १०५ वृक्ष प्रजातियां लगाई गईं। प्रत्येक वनस्पति समुदाय का चयन भूभाग की स्थलाकृति के आधार पर किया गया। ये वो पौधे हैं, जो दिल्ली की पथरीली जमीन पर १००-२०० साल पहले बहुतायत में थे।

# जनपद की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें अधिकारी

## जिलाधिकारी ने जल भराव की समस्याओं के निराकरण के संबंध में संबंधितों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (रा.रा.-709बी) पर महावतपुर बावली सहित जनपद के विभिन्न स्थानों पर जलभराव की समस्या के निस्तारण हेतु जिला. धिकारी अस्मिता लाल द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर जहां-जहां स्ट्रीट लाइट बंद हैं, उन्हें शीघ्र क्रियाशील किया जाए। साथ ही, जिन स्थानों पर जलभराव की समस्या है, वहां तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए।



जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे ऐसे गांवों की रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराएं, जहां राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट जलभराव की समस्या बनी हुई है और नालियां अवरुद्ध हैं, ताकि समय रहते अग्रिम कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना निदेशक बागपत नरेंद्र सिंह, गाजियाबाद परियोजना निद. ेशक अधिशासी अधिकारी बागपत के के भड़ाना, डीपीआरओ अरुण, सहायक संभाग के परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# झूठी शिकायत करने पर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गांव टांडा निवासी वकार खान ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि टांडा निवासी एक बुजुर्ग बार-बार झूठी शिकायत करके जबरन दुकान पर कब्जा करने का एवं किराए के पैसे नहीं देने का आरोप लग रहा है। यह फर्जी तरीके से हमें फसाने का तरीका अपना रहा है जबकि हम पर लगाए गए सभी आप झूठे हैं उन्होंने एसडीएम से शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि गांव में जाकर इस मामले की जांच पड़ताल कराई जाए जबकि यह दुकान 2 वर्षों से बंद पड़ी हुई है। एसडीएम ने थाना छपरौली को जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में वकार खान ने जिलाधिकारी को भी मामले की शिकायत करा ज्ञापन सोपा है। वकार खान का कहना है कि गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति इस बुजुर्ग को भड़काकर हमारे खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में इजहार खान भूरा खान आबाद अफजाल खान नफीस शहजादा अनीस शादाब दानिश खान आदि मौजूद रहे। वहीं एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिलाया।



# अखिल भारतीय जागिड ब्राहम्ण महासभा की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में अखिल भारतीय जागिड ब्राम्हण महासभा जनपद बागपत की एक बैठक रमेश चन्द शर्मा एलम वालो के निवास स्थान रेलवे-स्टेशन रोड पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जयपाल मेजर व संचालन राकेश कुमार विश्वकर्मा ने किया। बैठक में नगर में घर घर जाकर समाज के लोगो की जनगणना करने पर भी विचार किया गया।

बच्चो की पढ़ाई पर जोर देने के लिए सभी से आहवान किया गया। इस मौके पर विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि हम सब लोगों को एक जुट होकर गांव-गांव में जाकर अपनी युवा शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। आज हमारा समाज पिछड़ता जा रहा है यह सब एक राजनीति की सोची समझी साजिश है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया इस सभी युवा वर्ग आपसी भेदभाव बुलाकर समाज की एकजुटता पर बल देने का काम करें क्योंकि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंगल सैन सुरेश प्रधान सोमदत राजन जागिड जयकुमार पवन मास्टर रमेश चन्द देशपाल कवरपाल आदि थे।

[redacted]

# पीड़ित परिवार ने की मुस्कान के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दहेज की मांग पूरी न होने पर मुस्कान की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति शोएब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, घटना के 13 दिन बीत जाने के बाद भी अन्य आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

एसपी से शिकायत करते हुए मृतका के भाई शौकीन ने बताया कि उनकी बहन को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था। परिवार ने पति के अलावा सास, ससुर, देवर और नंद के खिलाफ भी हत्या का मामला दर्ज कराया है लेकिन 13 दिन बाद भी किसी की गिरफ्तारी नही हुई है। इस संबंध में पीडित परिवार न्याय की मांग को लेकर एसपी से मिला। मुस्कान के परिवार का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने अब तक केवल पति शोएब पर कार्रवाई की है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज परिवार ने एसपी से शिकायत की है। पीडितों ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।



## एक नजर

### एसडीओ-जेई के वेतन से वसूला जाएगा फुंके ट्रांसफार्मर की मरम्मत का खर्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ककौर उपकेंद्र क्षेत्र में फुंके ट्रांसफार्मर के मामले में रखरखाव में लापरवाही बरतने वाले एसडीओ और जेई के खिलाफ मुख्य अभियंता मेरठ जोन द्वितीय यदुनाथ यथार्थ ने बड़ी कार्रवाई की है। ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर आने वाले 27,488 रुपये की वसूली दोनों के वेतन से की जाएगी। आदेश जारी कर दिया गया है। बड़ौत तहसील के ककौर गांव में भोपाल की टयूबवैल के पास 100केवीए क्षमता का ट्रांस्फार्मर लगा था। इससे पांच किसानों के निजी नलकूपों को बिजली आपूर्ति की जाती है। लीकेज होने के कारण ट्रांस्फार्मर के रेडिएटर में ऑयल लेबल कम होने से ट्रांसफार्मर फुंक गया था। ट्रांसफार्मर फुंकने की जांच में सामने आया ककौर उपकेंद्र के अवर अभियंता राघवेंद्र सिंह और एसडीओ सचिन कुमार गौड़ ने ट्रांसफार्मर के रखरखाव में लाप. रवाही बरती। जांच टीम ने माना यदि अवर अभियंता और एसडीओ ने ट्रांसफार्मर चेक कराकर लीकेज ठीक करा उसमें कम हुए ऑयल के स्तर को पूरा करा दिया होता तो ट्रांसफार्मर नहीं फुंकता। मुख्य अभियंता मेरठ जोन द्वितीय यदुनाथ यथार्थ ने बताया ट्रांसफार्मर फुंकने के मामले में लापरवाही पर एसडीओ और जेई के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। फुंके ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर आने वाली 27,488 रुपये की वसूली दोनों के वेतन से की जाएगी। एसडीओ से 40 फीसदी और जेई से 60 फीसदी वसूली की जाएगी।

### दर्जनों गांव में चलेगी रोडवेज बस, यात्रियों को मिलेगी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** राष्ट्र वंदना चौक से नैथला व फैजपुर निनाना होते हुए लुहारी गांव तक सात अप्रैल से बस का संचालन शुरू किया जाएगा। यहां पर अभी तक रोडवेज बसों का संचालन नहीं हो रहा था। बस के चलने से करीब दस गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस संबंध में रोडवेज डिपो के प्रबंधक ने बताया कि बागपत से नैथला होते हुए लुहारी मार्ग पर रोडवेज बसों का संचालन नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोग डग्गामार वाहनों में दोगुना किराया देकर सफर करने को मजबूर थे। लोगों को शाम के समय ज्यादा दिक्क्तों का सामना करना पड़ता था। क्योंकि शाम छह बजे के बाद डग्गामार वाहन भी मार्ग पर नहीं मिलते थे। क्षेत्र के लोगों की मांग व परेशानियों को देखते हुए परिवहन निगम ने सात अप्रैल से एक बस का संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। बागपत के राष्ट्र वंदना चौक से शाम छह बजे बस का रोजाना संचालन किया जाएगा। इसके चलने से मार्ग से जुड़े नैथला, सुल्तानपुर हटाना, राजपुर खामपुर, फैजपुर निनाना, लुहारी, खेड़ा इस्मालपुर समेत दस गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस क्षेत्र के लोग काफी समय से बस चलने का इंतजार कर रहे थे। कई बार लुहारी गांव के लोगों ने भी प्रदर्शन करते हुए बस चलवाने की मांग की थी।

# ससुरालियों पर ही पति का एक्सीडेंट कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के कस्बा अमीनगर सराय निवासी एक महिला ने कहा है कि उसके पति का उसके ससुराल वालों ने ही एक्सीडेंट कराया था। महिला का आरोप है कि उसके जेठ ने घटना से एक दिन पहले ही उसके पति को हत्या करने की धमकी दी थी। पीड़िता ने अपनी सांस पर उसके विरूद्ध फर्जी मुक. दमा दर्ज कराने की आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए इस मामल में निस्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

कस्बा अमीनगर सराय निवासी अनुराधा पत्नी रोहित के अनुसार उसकी शादी 22 फरवरी 2023 को हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे और ससुराल वाले गत वर्ष 24 मार्च को मारपीट कर उसे उसके मायके छोड गए थे।

उसने अपने पति व सांस आदि के विरूद्ध इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था और कोर्ट में अपने इच्चों के भरण पोषण के लिए कोर्ट में वाद दायर किया था। यह वाद अभी कोर्ट में विचाराधीन है। महिला का आरोप है कि उसके पति के अपनी भाभी से अवैध संबंध हैं, जिसका उसका देवर मोहित विरोध करता था। उसके पति ने उसके देवर को धमकी दी थी कि वह उसकी हत्या उसकी पत्नी से सादी करेगा और उसे हिस्से की सम्पत्ति अपने नाम करा लेगा। महिला का आरोप है कि अवैध संबंधों के चलते उसका पति उसके देवर को जान से मारने की धमकी दे रहा था।

उसने बताया कि उसके देवर मोहित की गत 22 मार्च को डेरा सच्चा सौदा के निकट सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसकी सांस ने इस संबंध में उसके विरूद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज करया था और धमकी दी थी कि अब उसे उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए सबक सिखायेगी। पीड़िता का आरोप है कि परिवार वालों ने ही उसे फर्जी मुकदमे में फसाने के लिए मोहित का एक्सीडेंट कराया था। पीड़िता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए इस ममले में निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के विरूद्ध कर्रवाई कराने की गुहार लगाई है

# हत्यारोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी मिले पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के गांव शोभापुर निवासी एक युवक की हत्या कर आरोपियों ने शव मृतक के मकान के सामने डाल दिया था। पीड़ितों ने इस संबंध में तीन लोगों के विरूद्ध थाना सिंघावली अहीर में तहरीर दी थी। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की है। पीड़ितों ने एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

गांव शोभापुर निवासी 19 वर्षीय करण की गत 5 अप्रैल को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। पुलिस ने युवक की मौत सड़क दुर्घटना में होना बताया था जबकि मृतक के भाई बंटी ने बताया कि उसके भाई की उसके साथियों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना सिंघावली अहीर में तहरीर दी थी। परिजनों के अनुसार करण गांव में ही एक कोल्हू में काम करता था। वहां पर आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की थी और उसे जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि आरोपी गत शुक्रवार की शाम करीब 8बजे करण को सीकरी देवी मेले में ले गए थे। करण अपनी बाईक से सीगरी मेले में गया था। आरोप है कि शनिवार की रात्रि मेरठ सोनीपत हाईवे पर बालैनी टॉल के निकट अरोपियों ने मारपीट कर करण की हत्या कर दी और सुबह करीब 4 बचे दो युवक बाईक पर डालकर शव को मृतक के मकान के सामने डालकर फरार हो गए थे जिन्हे पडौस की एक महिला ने देख लिया था। हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए उसकी बाइक में भी तोडफोड की गई थी। बताया गया है कि पूरी घटना टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में केद है। पीड़ितों ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।




# जमीन ने उगले 5 करोड़ रुपये का पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में एटीएम से करोड़ों की रकम गायब होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां पर मार्च महीने में बड़ौत क्षेत्र के 24 एटीएम से 5.26 करोड़ रुपये गायब हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में सीएमएस कंपनी के दो कर्मचारियों समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बरामदगी के दौरान करीब 5 करोड़ रुपये की नगदी भी पुलिस के हाथ लगी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि यह गबन मेरठ की सीएमएस कंपनी में काम करने वाले गौरव तोमर (निवासी आरिफपुर खेडी, बागपत) और रॉकी मलिक (निवासी हसनपुर, शामली) ने मिलकर किया। दोनों एटीएम में कैश डालने का काम करते थे। इन दोनों ने एटीएम में पैसा डालने की बजाय उसे चुपचाप गायब कर दिया और ठिकाने लगा दिया।

सीएमएस कंपनी के प्रबंधक योगेंद्र सिंह ने जब गड़बड़ी पकड़ी तो बड़ौत कोतवाली में गौरव और रॉकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि दोनों आरोपियों ने चोरी किए गए पैसे को अलग-अलग स्थानों पर छुपा दिया था। गौरव ने अपने घर में भूसे के ढेर और जमीन के नीचे, जबकि रॉकी ने अपने खेत में पैसे दबा रखे थे। इस घोटाले में चंडीगढ़ पुलिस के तीन कर्मियों की संलिप्तता भी सामने आई है। गौरव और रॉकी ने चंडीगढ़ निवासी मनीष के जरिए चंडीगढ़ पुलिस इंस्पेक्टर जसविंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सतीश और सिपाही समुंदर से संपर्क साधा। इनकी मिलीभगत से दोनों आरोपियों ने खुद को अवैध असलहे रखने के आरोप में गिरफ्तार करवा लिया ताकि एटीएम घोटाले से ध्यान हटाया जा सके। बागपत पुलिस ने मनीष और तीनों पुलिसकर्मियों को भी गिरफ्तार कर लिया। सभी को बी वारंट पर बागपत लाकर जेल भेजा गया था। इसके बाद पुलिस ने रिमांड पर लेकर इनसे पूछताछ की और गौरव के घर व रॉकी के खेत में खुदाई कर कुल मिलाकर लगभग 5 करोड़ रुपये की नगदी बरामद कर लिए। बागपत एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि सभी आरोपियों को पीसीआर रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद बड़ी कामयाबी मिली है और आज सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। पुलिस ने पहले ही मनीष की निशानदेही पर 50 हजार रुपये बरामद कर लिए थे।



# सरकारी शराब की दुकान विक्रेता के साथ मारपीट, तमंचे की बट से हंमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** थाना रमाला गांव निवासी विशन सरकारी शराब की दुकान का विक्रेता है उसने थाना रमाला पहुंचकर बताया कि उसके गांव का ही देवेंद्र उर्फ गुद्दड़ पुत्र जयपाल के साथ 6 अप्रैल को दुकान पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी जिसमें समझौता हो गया था उसी दिन शाम को देवेंद्र उर्फ गुढन ने उसके घर पर शाम के समय जाकर हमला कर दिया जिसमें उसके छोटे भाई पर हमला किया गया और उसे चोट लगी लेकिन गांव वालों ने उस मामले को भी शांत कर दिया था लेकिन 7 अप्रैल को बिसन अपने खेत में घूमने जा रहा था तभी मौका देखकर देवेंद्र उर्फ गुद्दद ने विशन के ऊपर अचानक तमंचे के वट से सर पर वार किया व डंडे से भी पिटाई की जिसमें वह घायल हो गया और उसी अवस्था में थाना रमाला पहुंचकर तहरीर देकर उसने मामला पुलिस को बताया पुलिस ने बिसन की डॉक्टरी कराई व तहरीर लेकर मामले की जांच करने का आश्वा. सन दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर ली जा रही है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



### रसोई में मिल रहा है जरुरतमन्दों को भोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में सारथी की 28 वीं रसोई का शुभारंभ मां अन्नपूर्णा को भोग समर्पित कर किया गया। इस रसोई का उद्घाटन सी ओ विजय कुमार बड़ौत व सीओ बागपत हरीश बदोडिया ने बताया कि ऐसी रसोई हमेशा चलती रहनी चाहिए ताकि जरूरतमंद की मदद होती रहे और सारथी की रसोई में जरूरतमंद लोग भोजन करते है। बड़ा ही पुण्य का कार्य है। ईस रसोई का प्रसाद में आम जनों को ,गरीबों को, मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, राहगीरों को एवं अन्य वर्ग के सभी लोगों को 5 में भरपेट भोजन कराया जाता है। सीओ बड़ौत विजय कुमार ने भी इस रसोई में आकर सेवा कर धर्म लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि किसी भूखे को भरपेट भोजन करना ही वास्तव में पुण्य का कार्य है जिस प्रकार से 5 में भोजन प्राप्त करने की लोगों की कतारे इस बात को प्रमाणित भी करती हैं संस्था के सदस्य कपिल तोमर ने बताया सारथी की रसोई म लगभग 800 से लगभग 1000 लोग भोजन करते है। सबके साथ ओर सहयोग से ये रसोई निरन्तर ऐसे ही चलती रहे। वास्तव में इन कार्यो से मन को सकून मिलता है। ईस मौके पर महिला कल्याण विभाग से वन्दना गुप्ता एवं सारथी वेलफेयर फाउंडेशन की महिला अध्यक्ष महिला ममता अरोरा, मीता अरोरा, शिवानी जैन, कविता मोनिका, कांता राजपूत अध्यक्ष विकास गुप्ता, अनिल अरोरा, रजनीश जैन, सचिन खोखर, भूपेंद्र सिंह, विपिन सिंघल, सुनील सैनी, आदित्या भारद्वाज, अंकुज खोकर, मनीष मित्तल, भुपेश, सूदांशु, अनमोल गुप्ता, प्रिंस गुप्ता आदि मौजूद रहे।



[redacted]

# रामकिशन शर्मा की श्रद्धांजलि सभा में राजनीतिकदलों ने की श्रद्धांजलि अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के ग्राम काक. ोर में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव शर्मा के चाचा रामकिशन शर्मा के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में समाज व विभिन्न राजनी. तिकदलों के नेताओं के नेताओं ने उपस्थित होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर रामकिशन शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र प्रवीण शर्मा को देशखाप चौधरी आदित्य भारद्वाज ,चौबीसी थम्बा चौधरी अनिल शर्मा एवं गणमान्य व्यक्तियों ने पगड़ी पहना कर परिवार एवं समाज की जिम्मेदारी सौंपी। रालोद के राष्ट्रीय महासर्. चव व पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा ने पं रामकिशन शर्मा को गांव से लेकर समाज के हर वर्ग की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई। इस मौके पर मनोज शर्मा अध्यक्ष बाछोड़, सेवाराम शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य ,धर्मेंद्र सिंह चेयरमैन छपरौली ,बालकिशन शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य , पुरुषोतम शर्मा पूर्व मैनेजर , रामकिशन शर्मा शबगा अनिरुद्ध शर्मा ठेकेदार छपरौली , चौधरी अनिल सिंह , राजपाल शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# जनपद के 20 ग्राम विकास अधिकारी बनेंगे एडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिले में कार्यरत 20 ग्राम विकास अधिकारियों की अब जल्द सहकारी निरीक्षक वर्ग-2 व एडीओ सहकारिता के पदों पर पदोन्नति होगी।

ग्राम्य विकास आयुक्त ने पात्रता सूची जारी कर डीडीओ से इन ग्राम विकास अधिकारियों के संबंध में तीन बिंदुओ पर रिपोर्ट मांगी है। पदोन्नति के लिए चयनित पात्रता सूची में बागपत से वीरेंद्रपाल, गंगाराम, राकेश कुमार, मैमपाल सिंह, कृष्ण कुमार प्रथम, संजय कुमार, सुधीर पंवार, सुधीर पंवार ग्राम विकास अधिकारी शामिल हैं। इनके अलावा सतीश कुमार, रविंद्र कुमार, प्रवेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार द्वितीय, विपिन कुमार, मुकेश कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार, प्रेम कुमार, सुधीर रुहेला, प्रमोद कुमार, अजय कुमार का भी पदोन्नति के लिए चयन हुआ है। प्रदेश में 200 ग्राम विकास अधिका. रियों की पदोन्नति होगी, जिनमें 20 बागपत जनपद में कार्यरत हैं।

वही ग्राम्य विकास आयुक्त कार्यालय में उपायुक्त राकेश रंजन ने डीडीओ को से ग्राम विकास अधिकारियों के संबंध में तीन बिंद. ुओं पर रिपोर्ट मांगी है जिनमें बताना होगा कि कोई निलंबित तो नहीं चल रहा है। किसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई तो नहीं चल रही हैं। किसी पर आपराधिक मामला तो नहीं चल रहा है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मौहम्मद फरीद से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

अहतसाम पुत्र अलीमूदीन निवासी ग्राम पलड़ी तहसील बडौत व थाना दोघट जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सौरभ व उसकी पत्नि सविता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सरोज पत्नि स्व.विजयपाल निवासी गली नं.3 कोर्ट रोड़ व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सद्दाम व पुत्रवधू आसमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अख्तर पुत्र फखरूदीन निवासी मौ. इस्लामाबाद पट्टी मेहर कस्बा, थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेज व आधार कार्ड में मेरा नाम प्रयास व मेरी पत्नी के सभी शैक्षणिक व आधार कार्ड में नाम अंशु है और मेरे पुत्र (सिमुक सरोहा) के जन्म प्रमाण पत्र में भी हमारा नाम प्रयास व अंशु है जबकि स्कूल रिकॉर्ड में त्रुटि वस प्रयास सरो. हा व अंशु सरोहा हो गया है, हमारा नाम प्रयास व अंशु ही ठीक है।

प्रयास पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम लुहारा तहसील बड़ौत जिला बागपत।

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए वाहन चोरी के एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

इन आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो ईको कारें, ईको कार का एक इंजन, चार फर्जी नंबर प्लेट, बड़ी मात्रा में स्क्रैप और वाहन के अन्य पुर्जे बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दिनेश चौहान, वसीम रिजवी और आकिब के रूप में हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं, जो खासतौर पर ईको कारों को निशाना बनाकर चोरी करते हैं। ये गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबर को बदलकर, फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें अच्छे दामों पर बेच देते थे या फिर स्क्रैप में तब्दील कर देते थे। आरोपी वसीम रिजवी ने खुलासा किया कि वह कबाड़ी का काम भी करता है और चोरी की गाड़ियों के असली पुर्जों की जगह जर्जर गाड़ियों के ओरिजिनल दस्तावेजों और नंबरों का इस्तेमाल करता था। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 16 मार्च को नोएडा सेक्टर-55 से एक ईको कार चोरी की थी, जिसे फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचने की तैयारी थी। इसके अलावा, सेक्टर-62 के ग्रीन बेल्ट क्षेत्र से भी एक अन्य चोरी की गाड़ी बरामद की गई। इसमें चोरी की अन्य गाड़ियों का स्क्रैप भरा था।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय एक बड़े वाहन चोर गिरोह से जुड़े हैं। यह गिरोह चोरी की गई गाड़ियों को मॉडिफाई कर नकली दस्तावेजों की मदद से बेचने या स्क्रैप में तब्दील करने का काम करता था।





# दो जनरल स्टोर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-49 क्षेत्र में आज दोपहर को बड़ा हादसा हो गया। बिजली के खंबे से तार टूटने के बाद पहले एक पेड़ में आग लग गई। इस आग की चपेट में जनरल स्टोर की दो दुकाने भी आ गई। जो जल कर पूरी तरह से राख हो गई है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हवेलिया वेलेंसिया सोसायटी स्थित एक बंद फ्लैट में आग लग गई। जिससे फ्लैट का पूरा सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन विभाग ने दोनों आग पर काबू पा लिया है। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

सीएफओ गौतमबुद्ध नगर प्रदीप कुमार ने बताया कि सोमवार को 2.55 बजे अग्निशमन विभाग विभाग को सूचना मिली कि थाना सेक्टर-49 क्षेत्रान्तर्गत एक मकान में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर जाने पर पता चला कि यह आग जनरल स्टोर की दुकान में लगी है। उन्होंने बताया कि दमकल की 4 गाड़ियों की मदद से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

वहीं दूसरी तरफ ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हवेलिया वेलेंसिया सोसायटी के एक बंद फ्लैट में आग लग गई। फ्लैट के अंदर का सामान जलकर खाक हो गया है। इस आग ने दूसरे फ्लैटों को भी काफी नुकसान पहुंचाया है। आग कैसे लगी इसकी वजह अभी साफ नहीं हो पाई है।



## वेज के बजाए चिकन बिरयानी भेजी, रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में एक रेस्टोरेंट की बड़ी लापरवाही सामने आई है। युवती ने स्विगी से वेज बिरयानी ऑर्डर की थी, जबकि उन्हें चिकन बिरयानी भेज दी गई। युवती ने रेस्टोरेंट प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर रेस्टोरेंट संचालक को गिरफ्तार कर लिया। ग्रेनो वेस्ट में रहने वाली युवती छाया शर्मा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में युवती ने बताया कि उन्होंने नवरात्रि में लखनवी कबाब पराठा रेस्टोरेंट से वेज बिरयानी स्विगी से ऑर्डर की थी, लेकिन रेस्टोरेंट ने उन्हें चिकन बिरयानी भेजी दी। युवती ने रोते हुए बताया कि उन्होंने इसमें से एक दो चम्मच बिरयानी खा भी ली थी, इसके बाद उन्हें पता चला कि वह चिकन बिरयानी है। नवरात्रि में ऐसा उनके साथ जानबूझकर किया गया।

वह पूरी तरह से शुद्ध शाकाहारी हैं, लेकिन उन्हें चिकन बिरयानी भेजी गई। युवती ने रेस्टोरेंट संचालक पर कार्रवाई की मांग की। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बिसरख कोतवाली पुलिस द्वारा वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है।

पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल रघुवंशी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा प्रकरण में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एनसीआर में झपटमारी करने वाले किशोर समेत दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-1 पुलिस ने स्कूटी पर सवार होकर राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले किशोर समेत दो आरोपियों को सोमवार को झुंडपुरा बॉर्डर से पकड़ा। आरोपी एनसीआर में वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस उनके साथियों की तलाश में जुटी है। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि फेज-1 पुलिस की टीम सोमवार को झुंडपुरा बॉर्डर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार दिल्ली मयूर विहार निवासी आजाद आलम को पकड़ा गया। उसके नाबालिग साथी को भी अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों के पास से लूट और चोरी के चार मोबाइल, तमंचा, कारतूस, चाकू और स्कूटी बरामद हुई। आरोपियों पर हाल ही में मोबाइल झपटमारी करने का आरोप है। उनसे बरामद चार मोबाइल में से एक पिछले दिनों थाना क्षेत्र से लूटा गया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर स्कूटी से सड़क पर बात करते राहगीरों की रेकी करता। फिर मौका पाकर राहगीर के हाथ से मोबाइल झपटकर भाग जाता। वह लोगों को डराने के लिए तमंचा और चाकू रखते थे। चोरी और लूट के मोबाइल को राहगीरों को सस्ते दामों पर खपाते थे।



## एक नजर

### जिला अस्पताल में चार हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला अस्पताल में सोमवार को करीब चार हजार मरीज इलाज के लिए आए। ज्यादातर मरीज वायरल बुखार से पीड़ित थे। रविवार की छुट्टी के बाद मरीजों की संख्या हमेशा बढ़ी रहती है। अस्पताल के फिजिशियन के पास 800 से अधिक मरीजों ने ओपीडी में परामर्श लिया। इनमें बुखार, सर्दी-जुकाम, गले में संक्रमण, उल्टी आदि की परेशानी थी। सर्जरी विभाग में करीब 300 मरीज, नेत्र रोग विभाग के पास करीब 400 मरीजों ने परामर्श लिया। अन्य चिकित्सकीय विभागों में भी मरीजों की संख्या 300 से अधिक रही। मरीजों की भीड़ के कारण डेढ़ बजे तक भी दवा स्टोर पर लंबी लाइन दिखी। ऑनलाइन पंजीकरण के कारण मरीजों को काफी राहत मिली। बावजूद अभी भी अस्पताल में शत प्रतिशत ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हो पा रहा है।

### फैसिलिटी ऑफिस में घुसकर कर्मचारी के साथ मारपीट

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर ओमिक्रोन-2 में कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि फैसिलिटी ऑफिस में घुसकर मारपीट की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले के जांच में जुटी है। सेक्टर ओमिक्रोन-2 में मेंटेनेंस टीम के कर्मचारी जीतू चौधरी ने पुलिस से शिकायत की है। जीतू चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को फैसिलिटी ऑफिस में बैठे थे। इसी बीच अवनीश भाटी, और देवेश चौहान एक महिला के साथ ऑफिस में पहुंचे। आरोपियों ने उनसे ऑफिस से बाहर निकलने के लिए कहा। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। ऑफिस में मौजूद कर्मचारियों द्वारा पीड़ित को बचाया गया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। सेक्टर बीटा-2 पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी अवनीश, देवेश और अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ग्रेनो में सफाईकर्मियों ने किया डेढ़ घंटे का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सलारपुर अंडरपास पर सोमवार को 50 से अधिक सफाईकर्मियों ने डेढ़ घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। अधिकारियों को ज्ञापन देने की प्रतीक्षा की, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के शाखा अध्यक्ष संजय ढकोलिया ने मांगों का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि जिले के तीनों प्राधिकरणों में तैनात सफाईकर्मियों का वेतन समान किया जाए। सफाईकर्मियों को अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मिले। उत्तर प्रदेश के शासनादेश के अनुसार सभी सरकारी छुट्टियां लागू की जाएं।ढकोलिया ने बताया कि छह महीने पहले तीनों प्राधिकरणों के अधिकारियों से वार्ता हुई थी। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने आगामी 15 दिनों में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।धरना प्रदर्शन के दौरान राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के बाद सभी सफाईकर्मी अपने घरों को लौट गए।

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिला इंजीनियर की हत्या के मामले में रिपोर्ट मांगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय महिला सुरक्षा आयोग ने सेक्टर-15 में महिला सिविल इंजीनियर की हत्या के मामले पर संज्ञान लिया है। इस मामले में आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर की तरफ से गौतमबुद्ध नगर पुलिस से तीन दिन में रिपोर्ट मांगी गई है।

आयोग की तरफ रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस हत्या को भयावह हिंसा बताया गया। पोस्ट में कहा गया है कि नोएडा में महिला की हत्या सिर्फ संदेह के चलते उसके पति ने कर दी। ऐसी भयावह हिंसा का कोई कारण नहीं हो सकता है। साथ ही, अध्यक्ष की तरफ से इस मामले में पुलिस को कार्रवाई की जानकारी देने के लिए कहा गया है। बता दें कि शुक्रवार को सिविल इंजीनियर आसमां की उसके पति नूरूल्ला ने सिर्फ अवैध संबंध के शक में सिर पर हथौड़ा मारने के बाद गले पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। बाद में वह खुद ही सेक्टर-20 थाने पहुंच गया था। फेज-वन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी करीब 10 साल से बेरोजगार था और आसमां नौकरी कर परिवार को संभाल रही थी। वह बिना कारण आसमां पर संदेह करने लगा और झगड़े के बाद उसने कमरे में सो रही पत्नी हमला कर उसकी हत्या कर दी थी

## प्राधिकरण दफ्तर के ऑडिटोरिम का गेट आकर्षक होगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-96 में बन रहे नोएडा प्राधिकरण के नए दफ्तर के काम का सोमवार को नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने जायजा लिया। उन्होंने कि ऑडिटोरियम के गेट के डिजाइन को और आकर्षक बनाया जाए। इमारत में सेफ्टी नियमों का पालन कराने के लिए एक सेफ्टी ऑफीसर को तैनात करने के लिए ठेकेदार को निर्देश दिए।

प्राधिकरण के नए दफ्तर के निरीक्षण के समय एसीईओ ने निर्देश दिया कि ऑडिटोरियम के बाहर फॉल्स सीलिंग में लग रही एसी ग्रिल्स को फॉल्स सीलिंग के शेप के हिसाब से बनाया जाए। भवन के तलों पर लग रहे ग्रेनाइट खराब हो गई। इसको पॉलिश कराने के निर्देश दिए। ऑडिटोरियम की बाहरी दीवारों पर स्कल्पचर्स एवं प्लांटर लगाने के लिए कहा। एसीईओ को बेसमेंट में लाइटिंग की व्यवस्था बेहतर नहीं मिली। इसको ठीक करने के निर्देश दिए। एसीईओ ने बताया कि दोनों बेसमेंट में बाकी बची चिनाई, प्लास्टर, पुट्टी, व पेंट का काम जल्द पूरा करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि प्रयास है कि अगले डेढ़-दो महीने में काम पूरा कर लिया जाए।

## कैब चालक ने कंपनीकर्मी का पेचकस से वारकर किया लहूलुहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कैब चालक ने बाइक में टक्कर मारने का विरोध करने पर कर्मचारी के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर पेचकस से वारकर उसे लहूलुहान कर दिया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दिल्ली के जैतपुर निवासी कुलदीप सिंह ने एक्सप्रेसवे थाने में शिकायत दी कि वह सेक्टर-135 स्थित एक कंपनी में काम करते हैं। वह चार अप्रैल की रात ड्यूटी खत्म कर अपने दफ्तर की बिल्डिंग के गेट से बाहर आ रहे थे। इस दौरान गलत दिशा से तेज गति में आ रही कैब के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कुलदीप सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्होंने जब कैब चालक को सही तरीके से गाड़ी चलाने को कहा तो वह गाली-गलौज करने लगा। इसका विरोध करने पर चालक ने कैब से पेचकस निकाल लिया और कुलदीप के सिर और कंधे पर वारकर उन्हें घायल कर दिया। उसे लहूलुहान करने के बाद कैब चालक मौके से फरार हो गया। सड़क पर ही कुलदीप काफी देर तक तड़पते रहे। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने जब उनको देखा तो वे मौके पर पहुंचे और उनको अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने कैब का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। पूरे प्रकरण की जानकारी के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

## निरीक्षण में कई स्थानों पर गंदगी मिली

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने सोमवार को शहर में सफाई की स्थिति देखी। इस दौरान एसीईओ को कई जगह कूड़े के ढेर मिले। इस पर उन्होंने तत्काल सफाई के निर्देश दिए। एसीईओ को सेक्टर-19 सामुदायिक केंद्र के सामने बन रही सड़क पर जगह-जगह सीएंडडी कूड़े के ढेर मिले। निठारी और सेक्टर-30 के बीच वाली सड़क पर गंदगी और कूड़े के ढेर लगे थे। निठारी में बने ब्लड बैंक के बाहर नाले में सिल्ट जमा मिली। इसके बारे में अधिकारियों ने बताया कि इसकी टेंडर प्रक्रिया चल रही है। एसीईओ ने इसको जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसी तरह सेक्टर-31-32 के बीच मुख्य और सर्विस रोड पर जगह-जगह कूड़े के ढेर मिले। सेक्टर-31-30 की ग्रीन बेल्ट में भी गंदगी जमा थी। इसकी सफाई कराते हुए सौंदर्यीकरण के लिए एसीईओ ने अफसरों से कहा।

## जिलाधिकारी ने मूल्यांकन दर सूची में समाहित किए जाने के लिए आपत्तिकर्ताओं के सुझाव व आपत्तियों का किया अनुश्रवण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश स्टाम्प (संपत्ति का मूल्यांकन) नियमावली के तहत गौतम बुद्ध नगर में मूल्यांकन सूची का पुनरीक्षण एवं वर्तमान में प्रभावी मूल्यांकन दर सूची में युक्ति-युक्त/तर्कसंगत पुनरीक्षण करके, इसे बाजारी मूल्य के समतुल्य बनाए जाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं आपत्तिकर्ताओं के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक में प्रस्तावित मूल्यांकन दर सूची को सभी के समक्ष रखा गया एवं सभी प्रारूपण पर गहन विचार-विमर्श हुआ। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित आपत्तिकर्ताओं की आपत्तियों एवं सुझावों का बहुत ही गहनता के साथ अनुश्रवण करते हुए उनको आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गए सुझावों एवं आपत्तियों पर नियमों के अनुसार विचार-विमर्श करते हुए अंतिम मूल्यांकन दर सूची में समाहित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपत्तिकर्ताओं की आपत्तियों को नियम अनुसार अंतिम मूल्यांकन दर सूची में समाहित करते हुए सूची को और तार्किक बाजार के मूल्य के अनुरूप अंतिम रूप प्रदान किया जाए। उन्होंने स्टांप एवं निबंधन विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमावर्ती जनपद के ग्रामों की कृषि भूमि की दरों का तथा जनपद के भीतर के राजस्व ग्रामों की दरें जो आसपास हो उनको सामान रखने पर भी गहनता से सर्वे करके अंतिम मूल्यांकन दर सूची उसके अनुसार प्रस्तुत करें।

इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, विशेष कार्य अधिकारी नोएडा विकास प्राधिकरण क्रांति शेखर, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, सहायक आयुक्त स्टांप बुलंदशहर संत कुमार रावत, सहायक आयुक्त स्टांप प्रथम गौतम बुद्ध नगर बीएस वर्मा, सहायक आयुक्त स्टांप ड्यूटी गौतम बुद्ध नगर ब्रिजेश कुमार, तहसीलदारगण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दादरी, उप निबंधकगण, अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं आपत्तिकर्तागण उपस्थित रहे।




## आनुवांशिक विभाग का जल्द विस्तार होगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बाल चिकित्सालय और स्नातकोत्तर संस्थान का आनुवांशिक विभाग का जल्द विस्तार होगा। इसे पांचवीं मंजिल पर शिफ्ट किया जाएगा। वर्तमान में यहां विभिन्न बीमारियों की जांच से संबंधित विभाग काम कर रहे हैं।

आनुवांशिक विभाग वर्तमान में पहली मंजिल पर चल रहा है। इस विभाग को महज एक कमरा दिया गया है, जिसमें डॉक्टर ओपीडी करते हैं। वर्तमान में इस विभाग से संबंधित जांच की सुविधाएं शुरू नहीं की गई है। विभाग के विस्तार के बाद यह पांचवीं मंजिल पर काम करेगा, लेकिन विशेष ओपीडी पहली मंजिल पर ही चलेगी। ओपीडी में आने वाले मरीजों की जांच के लिए भी मशीनें लगाई जाएंगी। संभवत: दो महीने में इसका विस्तार हो जाएगा। पांचवीं मंजिल पर पैथोलॉजी, माइक्रो बायलॉजी सहित कई अन्य विभाग चल रहे हैं। ये विभाग अस्पताल परिसर में ही स्थित आठ मंजिला टावर में शिफ्ट होंगे। वर्तमान में इस टावर में मरम्मत का काम चल रहा है। जेनेटिक्स विभाग में प्रत्येक दिन औसतन 30 मरीज इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल में कई दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इलाज भी चल रहा है। बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि पांचवीं मंजिल खाली होने के बाद आनुवांशिक रोग विभाग को वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। इस विभाग में आने वाले मरीजों के इलाज से संबंधित कई सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी।

### 50 रुपये के लेनदेन के विवाद में सिर में मारी ईंट

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पचास रुपये के विवाद में एक युवक के सिर में ईंट मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल युवक की बहन ने मामले की शिकायत सेक्टर-39 थाने की पुलिस से की है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-37 की हरिजन बस्ती निवासी सपना ने बताया कि उसका भाई अभिषेक पांच अप्रैल को किसी काम से सेक्टर-37 के पोस्ट ऑफिस गया था। यहां पर 50 रुपये के लेनदेन को लेकर उसका अंकित से विवाद हो गया। अंकित ने सड़क पर पड़ी ईंट उठाकर अभिषेक के सिर में मार दी। ईंट लगने से अभिषेक का सिर फट गया। अभिषेक को घायल करने के बाद अंकित फरार हो गया। पुलिस ने अंकित के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है।

# चिप लगाकर घटतौली करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रिमोट आपरेटिड इलेक्ट्रानिक चिप से धर्मकांटा में अधिक वजन दिखाकर धोखाधड़ी करने वाले तीन लोगों को नोएडा की थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग पिछले दो सालों से इस तरह का काम करके मुनाफा कमा रहे थे। इनका काम कंस्ट्रक्शन मटेरियल के वजन को चिप के जरिए बढ़ाकर साइट मालिकों से पैसा लेना था। इनकी पहचान राहुल , सुमित और अनिल के रुप में हुई है। इनके पास से तीन चाकू भी बरामद किए गए। जिसका प्रयोग ये डराने के लिए करते थे।

पूछताछ में सुमित ने बताया कि वह कंस्ट्रक्शन मटेरियल का ठेकेदार हैं। वह कंस्ट्रक्शन मटेरियल को ट्रकों में भरकर कंस्ट्रक्शन साइटों को उपलब्ध कराता है। सुमित व अनिल काफी पुराने दोस्त हैं। वह दोनों राहुल को पिछले 02 सालों से जानते हैं। राहुल पहले धर्मकांटा ऑपरेटर का काम करता था। हम दोनों इसके संपर्क में आए थे।

राहुल ने हमें धर्मकांटों में घटतौली/बढ़ तौली करने के लिए इलेक्ट्रानिक चिप के बारे में बताया। उसका प्रयोग कैसे करते है इसकी जानकारी भी दी। उसी ने हमे इलेक्ट्रानिक चिप और रिमोट भी उपलब्ध कराया।

**चुपचाप धर्मकांटा में लगाते थे चिप:** इस चिप को राहुल के जरिए ही कई धर्मकांटों में चुपचाप लगवा देते है। एक बार चिप लग जाने पर जब भी वजन तोला जाता रिमोट से आपरेट करते ही मीटर पर वजन अधिक दिखाई देने लगता था। ये वास्तविक वजन से ज्यादा होता था।जिसे पास करके साइट पर भेजते थे। साइट मालिक इसी वजन के अनुसार पैसे देता था। जबकि मॉल कम होता था। वहां से मिले पैसों को तीनों आपस में बांट लेते थे। राहुल ने बताया कि एक चिप को तैयार करने में करीब 10 से 20 हजार रुपए का खर्चा आता है। जबकि एक बार के तोल में ही इसका खर्चा निकल आता था।



## सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेकने वाले चार लोगों का काटा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टरों में अपने घर का कूड़ा इधर-उधर फेंकने वालों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की कड़ी कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण की टीम ने अल्फा दो सेक्टर में अभियान चलाकर चार लोगों पर जुर्माना लगाया है। इन लोगों के द्वारा अपने घर के कूड़े को सेक्टर में सार्वजनिक स्थान पर फेंका जा रहा था। प्राधिकरण की टीम ने कार्रवाई करते हुए सभी पर 500-500 रुपये का जुर्माना लगाया है। दोबारा कूड़ा फेंकते हुए पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्राधिकरण की कार्रवाई को लोगों ने सराहा है। अल्फा दो सेक्टर में लोगों के द्वारा दिन के साथ ही रात में भी इधर-उधर कूड़ा फेंक दिया जाता है। इससे गंदगी फैल रही थी। प्राधिकरण की टीम इस पर नजर रख रही थी। अल्फा दो सेक्ष्टर मकान नंबर एफ-393 में रहने वाले लोग रात में पांच से छह पन्नी में कूड़ा भर कर दूसरे के घर के पास फेंक रहे थे। पास में ही एक घर में लगे सीसीटीवी में उनकी हरकत कैद हो गई।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पत्रकार के बेटे का हृदय गति रुकने से निधन

## शोक संवेदना प्रकट करने के लिए पत्रकारों सहित पहुंचे क्षेत्र के गणमान्य, देर शाम किया सुपुर्द-ए-खाक

■ तेज बुखार होने व ब्लड प्रेशर स्थिर न होने पर 20 वर्षीय मुनीर को अस्पताल में कराया था भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना कस्बे के मौहल्ला मुन्नालाल के रहने वाले हिंदी दैनिक समाचार पत्र शाह बुलेटिन के तहसील संवाददाता इसरार अंसारी के बड़े बेटे मुनीर अंसारी का रविवार देर शाम हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। जिसके बाद पत्रकार जगत में गम की लहर दौड़ पड़ी, और पत्रकार इसरार अंसारी के घर अपनी संवेदनाएं प्रकट करने वालों का तांता लगा रहा देर रात भैंसा रोड़ स्थित सतियों वाले कब्रिस्तान में मृतक के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

दरअसल मवाना के मुन्नालाल मौहल्ले में डाकखाने वाली गली में पत्रकार इसरार अंसारी रहते हैं और हिंदी दैनिक शाह बुलेटिन समाचार पत्र में मवाना तहसील प्रभारी के पद पर तैनात हैं साथ ही पत्रकारों के संगठन ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के मवाना तहसील उपाध्यक्ष भी हैं। रविवार देर शाम हृदय गति रुकने से उनके बीस वर्षीय बेटे मुनीर अंसारी का निधन हो गया दरअसल एक दिन पहले घर में एक फंक्शन में बिजी रहने के दौरान मुनीर को शनिवार देर रात बुखार हो गया। बुखार होने के बाद मुनीर को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका ब्लड प्रेशर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। डॉक्टरों के लाख प्रयास करने के बावजूद भी ब्लड प्रेशर सही नहीं हो पाया और रविवार देर शाम निधन हो गया। मुनीर मात्र बीस वर्ष के थे।

निधन की सूचना मिलने पर उनके घर शोक संवेदना प्रकट करने के लिए पत्रकार कृष्ण अवतार कन्हैया, शिवानंद शर्मा, अशोक चौहान, कुलदीप भारद्वाज, सतीश वर्मा, सचिन कश्यप, रिहान खान, रजनीश विश्वकर्मा, संचित अरोड़ा, वहीं भाजपा नेता सौरभ शर्मा, भाजपा नेता योगेंद्र जाटव, मोनू शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक विशाल श्रीवास्तव पहुंचे। देर शाम मुनीर के शव को भैंसा रोड़ के सतियों वाले कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

# एसडीएम ने किया नीट जेईई क्लासेज का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** स्टार अल-फलाह कालेज प्रबंधन देहात में प्रतिभाओं को निखरने के नए मौके मुहैया करा रहा है। सोमवार को नगर के मवाना रोड स्थित स्टार अल-फलाह लाईब्रेरी, कंप्यूटर सेंटर परिसर में नीट व जेईई क्लासेज का शुभारंभ एसडीएम मवाना ने फीता काटकर किया। नगर के मवाना रोड पर स्टार अल-फलाह लाईब्रेरी में नीट व जेईई की क्लासेज का शुभारंभ करने के बाद मुख्यातिथि एसडीएम मवाना दीपक माथुर ने कहा कि देश की तरक्की का रास्ता खेत खलिहान से होकर जाता है। यानि देहात में हमेशा से प्रतिभाएं पलती बसती आई हैं। आवश्यकता उन्हें निखारकर तरक्की के अवसर प्रदान कराने की है। स्टार अल-फलाह प्रबंधन द्वारा किठौर में नीट व जेईई क्लासेज शुरू करने की पहल सराहनीय है। इससे न सिर्फ ग्रामीण प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगी बल्कि गांव के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत का काम करेंगी। इससे गांव के लोगों को उत्तम चिकित्सा सेवाएं भी मयस्सर होंगी। इससे पूर्व एसएसवी इंटर कॉलेज मुरलीपुर के प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह, केवी इंटर कालेज महलवाला के प्रधानाचार्य सुखेंद्रपाल सिंह, डॉ. विवेक शुक्ला ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राएं व गणमान्य मौजूद रहे।

# राजपूत स्वाभिमान संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

## कमिश्नरी पार्क में भारी संख्या में पहुंचे समाज के लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राज्यसभा सदस्य समा. जवादी पार्टी रामजीलाल सुमन के विरोध में राजपूत स्वाभिमान संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पार्क में धरना प्रदर्शन किया।

उन्होंने एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम एडीएम सिटी को सौंपा जिसमें उनका कहना था कि आज देश में एक नया फैशन चल रहा है लोग अपने आप को चमकाने के लिए महापुरुषों को अब्दशब्द कह रहे हैं जिसका राजपूत स्वाभिमान संघर्ष समिति पूर्ण जोर विरोध करता करती है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने राज्यसभा सदस्य सुमन को बर्खास्त न करके यह साबित कर दिया कि वह भी इस षड्यंत्र में बराबर के साझेदार हैं। सदस्यों ने मांग की है कि जल्द से जल्द रामजीलाल सुमन को बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा संघर्ष समिति एक बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान दिनेश सिंह पवार, राजेश सोम, सतीश चौहान, विनोद राणा, महेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से जनता परेशान, अधिकारी कर रहे हैं मनमानी

■ दिन में की जा रही है तीन से चार घंटे का कटौती, ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर व क्षेत्र में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है। वैसे-वैसे बिजली विभाग भी अपने रंग दिखाने शुरू कर दिये हैं। दिन में लगातार तीन से चार घंटे की विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे नागरिकों व ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि हर रोज विद्युत विभाग के अधिकारी जिस भीषण गर्मी में विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे घर में बैठी ग्रहणियों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे घरेलू कार्यों में बाधा आ रही है। नागरिकों एवं ग्रामीणों का कहना है कि यदि विद्युत विभाग अपने रवैया में सुधार नहीं करेगा तो बिजली घर में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

बताते चले कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे बिजली विभाग अपने रंग दिखाने मैं पीछे नहीं हट रहे हैं। हर रोज दिन में तीन से चार घंटे बिजली कटौती कर रहा है। जिससे नागरिकों एवं ग्रामीण घर में बैठी ग्रहणियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि विद्युत विभाग अपनी मनमानी कर रहा है। नागरिक अनीस अहमद, विनोद कुमार, देवेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, शरद कुमार, मनोज कुमार, उदयवीर सिंह, राजसिंह खलील अहमद आदि का कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारी क्षेत्र में विद्युत कटौती कर रहा है। जब भी उनसे बिजली कटौती की बात करते हैं तो उनको टका सा जवाब मिलता है की ऊपर से ही विद्युत कटौती की जा रही है। जैसे ही आएगी तुरंत आपूर्ति की जाएगी। लेकिन दोपहर के समय में गर्मी बढ़ जाती है। जिसके चलते नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि विद्युत विभाग अपने रवैया में सुधार नहीं करेगा तो वह बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना देने से पीछे नहीं हटेंगे।

ऊपर से ही विद्युत कटौती की जा रही है। जैसे ही बिजली सप्लाई बिजली घर पर आती है तुरंत क्षेत्र में सप्लाई की जाती है। **अधिशासी अभियंता राजेंद्र सिंह**

# आंबेडकर जयंती पर शाहजहांपुर जाएंगे अपना दल एस के कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपना दल (एस) कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक सुभाष नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई। सर्वप्रथम भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल व पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ मंडल सुधीर पंवार एडवोकेट ने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा इस बार 14 अप्रैल को जिला शाहजहांपुर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाए जाने का निर्णय किया है। जिसमें राष्ट्रीय, प्रदेश व सभी जिलों से कार्यकर्ता शाहजहांपुर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मेरठ से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शाहजहांपुर पहुंचेंगे। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अलका पटेल, प्रदेश महासचिव विधि मंच कृपाल सिंह, प्रदेश महासचिव सहकारिता वीरेंद्र चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपा लोधी, जिला महासि. चव बलीचंद पाल, महानगर अध्यक्ष राजू रौंदिया, दक्षिण अध्यक्ष फौलाद कुरैशी, जिला सचिव पंकज वर्मा, शहर अध्यक्ष यामीन खान, महानगर महासचिव जय किशन कर्णवाल, बबीता, रिंकू लोईया आदि रहे।

# मुस्कान निकली प्रेगनेंट: सीएमओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चर्चित सौरभ हत्याकांड में मुख्य आरोपी पत्नी मुस्कान मेरठ जेल में बंद है। आरोपी मुस्कान प्रेग्नेंट है। सोमवार को मेडिकल परीक्षण में इस बात की पुष्टि हुई है। उसकी प्रेगनेंसी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ये जानकारी मेरठ के सीएमओ ने मीडिया को दी है। वहीं अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है, इस मामले में अब जांच की दिशा बदल सकती है। दरअसल सौरभ राजपूत की तीन मार्च की रात उसकी पत्नी मुस्कान ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर मौत के घाट उतारा था। साहिल और मुस्कान ने मिलकर सौरभ की हत्या की और सौरभ के शव के टुकड़े कर एक नीले ड्रम में भर दिया और ऊपर से उसको सीमेंट से पैक कर दिया था। इस मामले में मुस्कान और उसका प्रेमी साहिल जेल में बंद हैं। अधिकारियों के मुताबिक जेल में बंद महिला बंदियों का चेकअप किया जाता है। मुस्कान प्रेगनेंसी टेस्ट किया है। उसकी तबीयत बिल्कुल ठीक है। नशे के लक्षण भी समाप्त हो गए हैं। मेरठ जेल में ही गाइनेकोलॉजिस्ट ने प्रेगनेंसी टेस्ट भी किया है। महिला डॉक्टर जैसी भी कहेंगी उसके हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों के कपड़े चुरा रही महिला को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लालकुर्ती पेठ में सोमवार को एक महिला द्वारा कपड़े की दुकान से बच्चों के कपड़े चुराते रंगेहाथों पकड़ लिया गया। दुकानदार के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गये। दुकानदार ने पास खड़ी महिला से उसकी तलाशी लेने को कहा तो उसके पास कपड़े बरामद हुए महिला ने उसे कई थप्पड़ लगाए।

## एक नजर

### डीएम की अध्यक्षता में हुई निपुण भारत की जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में निपुण भारत की जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक की गई। बैठक में डीएम द्वारा यूपीएस (1-8) भाटीपुरा माछरा तथा लोईया विकास क्षेत्र दौराला में कराये गये विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि समस्त विद्यालयो में फर्नीचर, बाउन्ड्रीवाल, पेयजल, शौचालय, किचन, साफ-सफाई, पुस्तके, पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने समस्त बीईओ को विद्यालयो का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालयो में झूले, फर्नीचर तथा अन्य सामान उच्च गुणवत्ता के हो। डीएम ने निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त विद्यालयो की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीश कुमार, बीएसए आशा चौधरी, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, समस्त बीडीओ व बीईओ उपस्थित रहे।

### 11 को थाना परीक्षितगढ़ परिसर में की जाएगी लावारिस वाहनों की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उप जिलाधिकारी मवाना ने प्रभारी निरीक्षक थाना परीक्षितगढ़ को पत्र प्रेषित करते हुये बताया कि थाना परीक्षितगढ़ पर खड़े चार लावा. रिस वाहनो की नीलामी 11 अप्रैल दिन बुधवार को समय प्रातः 11 बजे थाना परीक्षितगढ़ परिसर में जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में गठित समिति द्वारा की जायेगी। उक्त समिति में पुलिस क्षेत्रधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी तथा संबंधित थानाध्यक्ष समिति के सदस्य होंगे।

### जिलाधिकारी ने विकास भवन में की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संचारी रोग से बचाव के लिए की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मलेरिया विभाग के अधिकारी से विभाग में संक्रामक रोगो से बचाव के लिए की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुये विभागो को ऐन्टी लार्वा दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नालो की नियमित साफ-सफाई, फॉगिग, ऐन्टी लार्वा दवा का छिड़काव कराने के निर्देश नगर निगम तथा समस्त अधिशासी अधिकारियो को दिये। शिक्षा विभाग के अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि संक्रामक रोगो से बचाव के लिए प्रार्थना के समय बच्चो को जानकारी उपलब्ध कराई जाये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

### वाईज रिजवी ने ली आसपा की सदस्यता, पार्टी के टिकट पर जिला पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** सोमवार को महलका गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 6 के प्रत्याशी वाईज अब्बास रिजवी ने आजाद समाज पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात कर सदस्यता ग्रहण की। वही वार्ड नंबर 6 जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने का भी रास्ता साफ हो गया।

# अवैध रूप से काटी जा रही कालोनी का विरोध, एमडीए उपाध्यक्ष से शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन पथिक के अध्यक्ष रविंद्र सेतकुआं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक शिकायती पत्र एमडीए वीसी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि भूमाफियाओं द्वारा अवैध कालोनियां काटी जा रही है। लेकिन मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारी इन भूमाफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि 25 से 30 वर्षों से किसान मुआवजे की मांग को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन अधिकारी मौन है और किसानों की समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है।

यूनियन के अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर इन भूमाफियाओं पर कार्रवाई नहीं हुई और किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह देशभर में आंदोलन करेंगे। इस दौरान अनिल, अमित भड़ाना, भूपेंद्र पाल, दिनेश गुर्जर, दीपक आदि सदस्य मौजूद रहे।

# आईआईएफएल फाईनेंस ने 10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक के कूपन के साथ बॉन्ड्स जारी करके 500 करोड़ रुपये किए एकत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अग्रणी नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनी (एनबीएफसी), आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड द्वारा 10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक के कूपन के साथ बॉन्ड्स के पब्लिक इश्यू द्वारा 500 करोड़ रुपये एकत्रित किए जाएंगे। एकत्रित किए गए फंड का उपयोग आगे ऋण देने, फाईनेंसिंग एवं सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इन एनसीडीज को क्राईसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्राईसिल एए स्टेबल रेटिंग और आईसीआरए लिमिटेड द्वारा आईसीआरए एए स्टेबल रेटिंग दी गई है। इन रेटिंग्स के डिबेंचर्स को वित्तीय दायित्वों की समय पर सर्विसिंग के लिए काफी ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। इस तरह के डिबेंचर्स का क्रेडिट रिस्क काफी कम होता है। ये इश्यू सोमवार 7 अप्रैल, से मिलना शुरू होंगे और बुधवार, 23 अप्रैल, तक मिलेंगे।

# आजाद समाज पार्टी के हुए शाहजेब रिजवी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव रहे शाहजेब रिजवी ने जयंत चौधरी द्वारा वक्फ बिल की हिमायत करने पर पार्टी छोड़ दी थी। सोमवार उन्होंने दिल्ली में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ चंद्रशेखर रावण की पार्टी आजाद समाज को ज्वाइन कर लिया। आजाद समाज प्रमुख चन्द्रशेखर रावण ने शाहजेब रिजवी को विधिवत आजाद समाज पार्टी की सदस्यता दिलाई।

शाहजेब रिजवी ने कहा कि वह संविधान बचाने और मुसलमानों पर होते अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाकर समाज के हर तबके को इंसाफ दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी की पार्टी मुस्लिम वोटो की राजनीति करती है और जब वक्फ बिल पर देश का मुसलमान उनसे यह उम्मीद लगा रहा था कि वह संविधान विरोधी वक्फ संशोधन कानून के विरुद्ध आवाज उठाएंगे लेकिन जयंत चौधरी सत्ता के लालच में खामोश रहे। उनकी यह खामोशी स्वर्गीय प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी एवं स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी के आदर्शो के विरुद्ध है। शाहजेब रिजवी ने कहा कि वर्तमान में मुसलमान, मजदूर, गरीब, महिलाएं और युवाओं की आवाज को चंद्रशेखर रावण मजबूती से उठा रहे है और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान को मजबूत करने का काम कर रहे है। इसी प्रेरणा से उन्होंने आजाद समाज पार्टी को ज्वाइन किया है। वह समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु काम करके मजलूमों की आवाज बुलंद करने का काम करेंगे। शाहजेब रिजवी ने कहा कि मुसलमानों ने इस देश की आजादी में अपनी शहादत दी है लेकिन भाजपा मुसलमानों की आवाज को दबा कर संविधान को खत्म करने का काम कर रही है। उन्होंने विशेष कहा कि वक्फ बिल संविधान के विरुद्ध है, आजाद समाज पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर संविधान को सशक्त करने एवं समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाने का काम कर रही है। इस लड़ाई को वह प्रमुखता से आगे लेकर जाएंगे। शाहजेब रिजवी के आजाद समाज पार्टी में शामिल होने पर उनके पैत्रक गांव रसूलपुर मुरादनगर में मिठाई वितरित कर उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि शाहजेब जुझारू व जनता के बीच रहकर उनके सुखदुख में साथ रहते हैं। क्षेत्र में शाहजेब संघर्ष शील नेता के रूप में जाने जाते हैं।

# शिक्षा की दुकान चलाने वाले काट रहे हैं चांदी...

## स्कूल खुलते ही अभिभावकों की जेबों पर पड़ रहा है डाका, शिक्षा पाने के सपनों को कुचल रही है महंगाई

**वसीम खान/शाह टाइम्स**

■ किताबो में चल रहा कमीशन का खेल, कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग मोन

■ स्कूलों में भी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के कोई मानक तय नहीं

**मेरठ।** शिक्षा का अधिकार आज के समय में सिर्फ एक सपना बनकर रह गया है, क्योकि आज के जमाने में गरीब व मध्यम दर्जे के परिवार को अपने बच्चों को पढ़ाना बड़ा कठिन हो गया है। एक तरफ तो मंहगाई ओर उपर से स्कूलों की मनमानी। हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें लेकिन बच्चों के अच्छी शिक्षा पाने के सपने स्कूलों की महंगाई खा रही है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा मुफ्त है लेकिन वहां पढ़ाई का इतना बुरा हाल है की प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ना लोगों की मजबूरी बन गई है।

सरकार भले ही नई शिक्षा नीति से तमाम परिवर्तन का ढिंढोरा पीट रही हो, लेकिन निजी स्कूलों की निगरानी का कोई तंत्र नहीं है! प्राइवेट स्कूल मनमाने तरीके से मोटी फीस वसूल रहे हैं साथ ही अब किताबें बेचने के तरीकों में भी थोड़ा बदलाव किया गया है। अब निजी स्कूल के अन्दर से ही कोर्स देना शुरू कर दिया है। पहले अभिभावकों को किताबें मनचाही दुकानों पर उपलब्ध कराई जा रही थी ये काम ज्यादातर स्कूलों में हो रहा है। नया सत्र शुरू होते ही मनमाने तरीके से फीस तो बढ़ती ही है उसके साथ-साथ एनुअल चार्ज एडमिशन फीस का चार्ज अलग से लगा देते हैं। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी तो यह है कि यह हर वर्ष नए सिलेबस की किताबें लगा रहे है। ऐसे में अगर किसी का बच्चा दूसरी कक्षा में पढ़ता है तो पहली कक्षा वाले बच्चे के काम यह किताबें नहीं आएंगी। स्कूलों में बच्चो को एनसीईआरटी की किताबें लगानी चाहिए, व निजी प्रकाशकों की किताबें पढ़ने को मजबूर कर रहे हैं। क्योंकि प्रकाशकों की और से स्कूलों को मोटा कमीशन दिया जा रहा है। यह कमीशन 30 से 50 फीसद है। बल्कि स्कूल में बच्चों को जो किताब 100 रुपये में मिलनी चाहिए उसे प्राइवेट स्कूल 200 से लेकर 400 रुपये में देते हैं। किताबें कौन से प्रकाशक की लगेगी यह भी कमीशन पर निर्भर है। प्राइवेट स्कूलों में प्रिंट रेट पर किताबें दी जाती हैं जबकि वहीं किताबें प्रकाशक से काफी कम कीमतों में आती हैं। यहां पर भी कमीशन का खेल चलता है। प्राइवेट स्कूल प्रबंधन अपनी मनमर्जी से प्रिंट रेट डलवा देते हैं। इस बात की जांच होनी चाहिए कि प्राइवेट स्कूल बच्चे को किस कीमत पर किताब दे रहे हैं और सरकारी स्कूल में वहीं किताब किस दर पर मिलती है। किताबो में चल रहे कमीशन खेल पर कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग फेल है। वहीं स्कूलों में भी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के कोई मानक तय नहीं है। यहां कम शैक्षिक योग्यता वाले अप्रशिक्षित युवक-युवतियों को शिक्षण कार्य में लगाया जाता है। इससे इस तरह के शिक्षकों को कम वेतन देकर अधिक मुनाफा कमा लेते हैं! इस कारण स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों को बच्चों के लिए टयूशन अलग से लगाना पड़ता है। इनमें शहर के अधिकांश स्कूल शामिल है। जिन में आम गरीब को मजबूरी में प्राइवेट स्कूलों में जाना पड़ता है। शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि आम गरीब को कर्जा लेकर अपने बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है स्कूल कोर्स के साथ-साथ बच्चों की स्कूल ड्रेस वहान फीस स्टेशनरी की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। बढ़ती महंगाई के कारण बजट बिगड़ रहा और वह बड़ी मुश्किल से बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ घर चला पा रहे हैं। महंगाई के इस दौर में अभिभावकों को यह समझ नहीं आ रहा है कि वह अपने बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा कैसे प्रभावी रूप से करा पाए। शिक्षा विभाग को इस मुद्दे पर ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का है। अगर अभिभावकों के लिए शिक्षा की किताबें खरीदना इतना मुश्किल हो जाएगा, तो यह केवल छात्रों की नहीं, देश के भविष्य की भी चिंता का विषय है। सरकार और शिक्षा नीति बनाने वालों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि हर बच्चे को समान और सस्ती शिक्षा मिल सके। इस महंगाई के दौर में अभिभावकों की चिंता को ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि हम शिक्षा प्रणाली की खामियों को समझें और उचित समाधान खोजें, ताकि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

# ललियाना में मारपीट के आरोपी गिरफ्तार तलाशी के दौरान हथियार भी बरामद



शाहेआलम दानिश रियाजुद्दीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** ललियाना में एक सप्ताह पूर्व रंजिशन हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रधान के भाई समेत चार नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस एक आरोपी से असलाह बरामदगी का भी दावा कर रही है। 30 मार्च को ललियाना निवासी शकील पुत्र आकिल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर करीब 3:30 बजे उसका भतीजा अयान अपने चचेरे भाई मुहम्मद सामी के साथ बाइक पर किठौर से घर लौट रहा था। बोंद्रा पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही शजर पुत्र तस्वीर, दानिश पुत्र तनवीर, शादाब पुत्र शौकीन, बदर पुत्र तनसीर, शाहेआलम पुत्र खिलाफत, मौमीन पुत्र उस्मान और अजहर पुत्र आसिफ ने उसके साथ मारपीट और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। अयान को लहूलुहान देख सामी ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस घटना के बाद से जांच-पड़ताल के साथ आरोपियों को तलाश रही थी। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने बताया कि रविवार रात पुलिस को सूचना मिली कि सप्ताह भर पूर्व हुई मारपीट में वांछित ललियाना में ही घूम रहे हैं। जिस पर एसएसआई मुहम्मद उवैस ने दारोगा नितेश व सौरभ यादव के साथ दबिश देकर शुऐब पुत्र साजिद, दानिश पुत्र तनवीर, शाहेआलम पुत्र खिलाफत और रियाजुद्दीन पुत्र शौकत को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस शुऐब से एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामदगी का दावा कर रही है। पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# ईओ पर अभद्रता करने का आरोप, सफाईकर्मियों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को सफाईकर्मियों ने ईओ पर अभद्रता करने का आरोप उनके कार्यालय में जमकर हंगामा किया। उन्होने ईओ पर यूनियन के अध्यक्ष को कुर्सी पर न बैठने दिए जाने का आरोप लगाते हुए अनिश्चिकालीन हडताल की चेतावनी दी है।





नगर पालिका में स्वच्छ सर्वेक्षण का निरीक्षण का कार्य होना है। जिसमें डोर टू डोर वाहन चाल. कों को वाहन के लिए डीजल की व्यवस्था करने के संबंध में यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर व महासचिव विनोद निर्वाल ईओ से मिले और डीजल की व्यवस्था करने की बात कही।आरोप है कि जिस पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने यूनियन अध्यक्ष के साथ अभद्र भाषा का व्यवहार किया। कुर्सी से खड़े होकर बात करने को कहा। इस बात का सफाई कर्मचारियों व वाहन चालक व सफाई नायकों को पता लगा तो उन्होने ईओ कार्यालय पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। यूनियन के पदाधिकारियों से अभद्रता करने पर नाराजगी व्यक्त की। बाद में सफाई कर्मियों ने चेयरमैन अरविंद संगल को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि यूनियन के अध्यक्ष का सम्मान किया जाए। इस बात पर दोनों यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर,प्रवीण कुमार वाल्मीकि,व महासचिव विनोद कुमार निर्वाल,अश्वनी तेश्वर ने मिलकर सभी को शांत किया। उन्होने कहा कि शहर शामली के बढ़ाते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी बढ़ाया जाए। डोर टू डोर वाहन चालकों को समय से डीजल दिया जाए। स्थाई, संविदा, चतुर्थ श्रेणी, चपरासियों को वर्दी का लाभ दिया जाए और नए स्थाई कर्मचारियों को पेंशन का लाभ दिया जाए। चेतावनी दी कि यदि 10 अप्रैल तक मांगे पूरी नही होती तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। इस अवसर पर प्रवीण कुमार वाल्मीकि,अमित तेश्वर, विनोद कुमार निर्वाल, प्रदीप टांक मायूस, जोगेश पाहिवाल, राजन पाहिवाल, जितेंद्र चंद्रा, संजय बिडला, अनुज चावला, दीपक चंद्रा, देवेंद्र कुमार बिडला, गजेंद्र सिंह, कंवर पाल, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर गेहूं की फसल बोई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव नाई नगला जाटान में ग्राम सभा की बंजर की भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर गेहूं की फसल बो रखी है इस संबंध में ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में कई बार शिकायत की लेकिन भूमि कब्जा मुक्त नहीं हुई है।

गांव नाई नगला जाटान में खसरा संख्या 108/1 रकबा करीब 500 बीघे अभिलेखों में बंजर भूमि में दर्ज है गांव वालों का आरोप है कि उक्त भूमि पर करीब एक दर्जन लोग ने अवैध कब्जा कर रखा है इस समय भूमि पर गेहूं की फसल पककर तैयार हो गई है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत 15 फरवरी, 1 मार्च को संपूर्ण समाधान दिवस में तथा इससे पूर्व भी तहसील के अधिकारियों से की थी ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के बाद मौके पर हल्का लेखपाल व सर्वे लेखपाल भी गए थे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई अब फसल पककर तैयार हो गई है कब्जा करने वाले कभी भी फसल काट सकते हैं लेकिन तहसील प्रशासन मौन है।

शिकायत करने वालों में जगपाल, सुनील, परविंदर ,कर्मवीर आदि शामिल रहे। इस संबंध में तहसीलदार मृदुला दुबे से जानकारी चाही फोन की घंटी बजती रही रिसीव नहीं किया गया वहीं दूसरी ओर उप जिला अधिकारी निधि भारद्वाज ने प्रकरण की जानकारी कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# विजय उपाध्याय का ढोल नगाड़ों से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय उपाध्याय योगी चेतना मंच सेवा समिति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय व राष्ट्रीय महासचिव विजय उपाध्याय का शामली पहुचंने पर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। गत 6 अप्रैल को बागपत के गांव ककौर कला में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सम्पूर्ण भारतवर्ष से संगठन के पदाधिकारियो ने भाग लिया, जिसकी अध्यक्ष राज. कुमार गोस्वामी, व संचालन प्रदेश महासचिव मास्टर सुनील उपाध्याय ने किया। राष्ट्रीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश, हरियाणा, देहली, राजस्थान, बिहार, छतीसगढ़, उत्तरंखण्ड, उत्तर प्रदेश, पंजाब से संगठन के लोगो ने भाग लिया। जिसमें सर्व सम्मति से शामली के संजय उपाध्याय को राष्ट्रीय अध्यक्ष व विजय उपाध्याय गुरुग्राम को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय का एलम से शामली तक समाज के गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं, ढोल नगाड़ों के साथ शामली आगमन पर स्वागत किया। संजय उपाध्याय ने कहा कि उपध्याय योगी नाथ गोस्वामी समाज ने जो जिम्मेदारी दी है उसको बड़ी ही ईमानदारी से निभाउंगा और समस्त भारत मे संगठन को खड़ा किया जाएगा। समाज के लोगो पर हो रहे उत्पीड़न, अत्याचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। संगठन समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए काम करेगा सामाजिक कुरूतियों को दूर करने का काम करेगा।

इस अवसर पर धर्मबीर जोगी, रामफल उपाध्याय, सुभाष, जलसिंह योगी, वीरेंद्र गोस्वामी, महेन्द उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, कमल उपाध्याय, सोनू उपाध्याय, सुरेश उपाध्याय, सुरेश मुखिया, सियानंद उपाध्याय, राज. कुमार योगी आदि मौजूद रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने मां सरस्वती ओम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बालिकाओं को अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि योगासन कराकर उनके स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की प्रेरणा दी। शिक्षक संजीव कुमार ने बालिक. ाओं को विश्व स्वास्थ्य दिवस क्यों मनाया जाता है। इस विषय में बताते हुए कहा की सन 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई और सन 1950 से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाने लगा इसका उद्देश्य सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस बार की थीम महिलाओं की सुरक्षा और बच्चों की मृत्यु दर को कम करना ही सरकार का उद्देश्य है। हमें अधिक मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। अपनी दिनचर्या और खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता रानी, सुरभि रानी, उपासना रानी, आकांक्षा रानी, विकास कुमार, अश्विनी कुमार, कपिल कुमार, अमित कुमार, रवि कुमार, दिव्या रानी, मोनिका रानी



,नीलम रानी, रेनू रानी, साक्षी रानी, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पंकज रानी, मोहित कुमार उपस्थित रहे।

## टोल प्लाजा के सहायक मैनेजर ने चार के खिलाफ तहरीर दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** रविवार देर रात टोल प्लाजा पर हुए मारपीट के मामले में टोल के सहायक मैनेजर अमित बालियान ने दो नामजद तथा दो अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मार पीट का मामला टोल पर लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गया जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। टोल प्लाजा पर आए दिन किसी ने किसी बात को लेकर झगड़ा होता ही रहता है। रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे छोटे हाथी में सवार लोगों ने यह कहते हुए टोल टैक्स देने से मना कर दिया कि वह लोकल से हैं, इसी बात को लेकर टोल पर मौजूद कर्मचारियों तथा छोटे हाथी पर सवार लोगों में कहा सुनी हो गई। मामले में बीच बचाव कराते हुए टोल मैनेजर अमित बालियान से मामला शांत करा दिया था। टोल मैनेजर ने बताया कि बाद में कुछ युवक अपने हाथों में लोहे की नाल लेकर आए और आते उन्होंने हम पर हमला कर दिया जिसमें मैं खुद तथा तीन अन्य टोल कर्मी सरवर, सुहेल, आयुष घायल हो गए। मारपीट करने के बाद आरोपी युवक फरार हो गए बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से टोल मैनेजर को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाद में टोल मैनेजर अमित बालियान की ओर से दो नामजद प्रवीन पुत्र चतरू, उमेश पुत्र लाला तथा दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## एक नजर

### दो वाहन चोर गिरफ्तार



**शामली।** वादी मनोज पुत्र राकेश निवासी निवासी मौहल्ला गगन विहार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की मोटर साईकिल चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 2 वाहन चोरो को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए गए मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 11.10 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त विक्की पुत्र विनीत निवासी मौहल्ला प्रतापनगर कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है।

### चोरी के मामलों में पांच गिरफ्तार



**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुन्डेट नहर पुल के पास से 5 अभियुक्तों को चोरी किए गए सामान (145 पेटी टाइल्स, 2 फ्लैश शीट, 2 कैमिकल बैग) व चाबी का गुच्छा, फर्जी बिल, मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त विजय ने पूछताछ पर बताया कि मैं मौहल्ला जवाहर नगर निवासी सोनू गर्ग की कण्डेला स्थित टाइल्स के गोदाम जयदुर्गा मार्बल्स पर कार्य करता हूं, वहीं पर अनुज पुत्र ओम सिंह भी होल्सेल का कार्य करता है । हम दोनो ने गोदाम की डुप्लीकेट चाबी बनवाई तथा गोदाम से टाइल्स निकालकर अपने साथी दीपक, कपिल व पुष्कर के साथ मिलकर सस्ते दामों में बेच देते थे । आज भी हम लोग अपने आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु गोदाम से सामान निकालकर बेचने के लिए जा रहे थे तभी पुलिस नें हम लोगो को पकड़ लिया।

### तालाब की भूमि पर निर्माण को हटाया

**ऊन।** गांव हरसाना में दबंगों ने तालाब की भूमि पर पक्का निर्माण शुरू कर दिया इस संबंध में ग्रामीणों ने उपजिला अधिकारी को शिकायत की इसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से दीवार को हटा दिया। गांव हरसाना में खसरा नंबर 103 ,104 तालाब की भूमि में दर्ज है आरोप है कि उक्त भूमि पर गांव निवासी सुनील पुत्र हरफूल राजकुमार पुत्र जयपाल ने पक्का निर्माण शुरू कर दिया तथा सबमर्सिबल भी लगा दिया इस संबंध में ग्रामीणों ने शिकायत उप जिलाधिकारी निधि भरद्वाज को की गई इसके बाद राजस्व टीम मौके पर पहुंची तथा जेसीबी से बनाई गई दीवार को ढहा दिया राजस्व निरीक्षक विनोद बालियान ने बताया कि बाकी अवैध कब्जा भी हटवाया जाएगा। कार्रवाई में लेखपाल अजीत पवार अंशु मलिक शामिल रहे।

# यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स के विजेताओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कर्मण्य सर्वहित संस्था द्वारा शहर के होली चाईल्ड स्पोर्टस एकेडमी में चल रहे दो दिवसीय यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप समापन हो गया। इस दौरान विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पैरा स्पोर्टस एसोसिएशन के कोर्डिनेटर जबर सिंह खैवाल व संस्था के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सचिव कृष्ण मित्तल ने बताया कि चैंपियनशिप का समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन एमएलसी मोहित बेनिवाल ने शुभारंभ किया। इस दौरान टी-44 100 मीटर रेस में राधिका, रानी, तनिषा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। टी-35 में 100 मीटर में निशा, सुमाया, राधिका प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। टी-46 में बिटटू यादव, नेहा, शालू प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। टी-44 में अबूजर, मोहीन प्रथम, द्वितीय रहे। टी-35 में प्रियांशु, कार्तिक, विष्णु प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इस दौरान एमएलसी मोहित बेनिवाल व पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी द्वारा विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पहुंचे खिलाडियों के लिए सभी व्यावस्था संस्था द्वारा की गई थी। इस अवसर पर दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान, रामजीलाल कश्यप, घनश्यामदास गर्ग, सुखचौन वालिया, वैभव गोयल, आजाद चौधरी, संजीव तोमर, अंकित, जयदेव आदि मौजूद रहे।



# उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढीपुख्ता।** गांव हथछोया में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सर्व शिक्षा अभियान के तहत सब पढे सब बढे को लेकर स्कूल के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों के हाथों में बैनर, तकतीया बनाकर गॉव के मुख्य मार्गो से होकर रैली निकाली गई। जिसमें स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत घर घर जाकर 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के नामांकन हेतु अभिभावकों एंव बचचो से जनसंपर्क किया तथा प्रत्एक अभिभावक को अपने 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को विद्यालय भेजने का अनुरोध किया और 6से 14आयु वर्ग के सभी बच्चे जिन्होंने बीच में ही पढाई छोड़ दी है उन सभी का नामांकन विद्यालय में कराने के लिए प्ररित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान देवेंदर तोमर द्वारा विशेष सहयोग किया गया। जनसंपर्क अभियान में स्कूल योगेश कुमार स0अ0, रजत कुमार स.अ , रविंद्र कुमार सहायक अध्यापक,सुस्मिता स. अध्यापिका, शौयता सहायक अध्यापिका, मनोज कुमारी शिक्षामित्र, रणवीर सिंह शिक्षामित्र आदि ने घर घर जनसंपर्क कर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।




## अधिक से अधिक हो गेहूं की खरीद

**शामली।** गेहूं विपणन वर्ष के दौरान जहां सभी सरकारी एजेंसियों के केन्द्र प्रभारी गेहूं खरीदने की कवायत में लगे है वहीं एफसीआई द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र मंडी प्रभारी द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों को गेहूं खरीद सम्बंधित सभी जानकारी दी जा रही है। जिससेअधिक से अधिक गेहूं की खरीद कर सरकारी योजनों की पूर्ति होने के साथ-साथ किसानों को एमएसपी का लाभ भी मिल सके। केन्द्र प्रभारी शामली शक्ति कुमार द्वारा सोमवार को खेड़ी बैरागी एवं फतेहपुर गांवों का भ्रमण किया गया तथा किसानों को सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बिक्री करने पर होने वाले लाभों के विषय में बताया गया। जिससे किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य का लाभ अधिक से अधिक मिल सके।

## मां शाकुम्भरी देवी मासिक आरती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुम्भरी देवी मासिक नवमी आरती नगर के गंगा मंदिर मे बड़े ही धूमधाम से हुई मां शाकुम्भरी देवी आरती समिति द्वारा मासिक नवमी आरती का आयोजन प्रत्एक माह की नवमी को किया जाता है जिसमे मां शाकुम्भरी का सुन्दर दरबार सजाया जाता है पण्डित मांगेराम शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजन कराया गया आरती मे आस पास के भक्तो ने शामिल हो धर्म लाभ उठाया जिसके बाद सभी श्रद्धालुओ मे साक सब्जी, श्रृंगार सामान व प्रसाद वितरित किया गया आरती के मुख्य यजमान डा। अशोक सिंघल जी व डा। ईशांक सिंघल जी सपिवार रहे इस अवसर पर अध्यक्ष रोबिन गर्ग, सचिव डा। अनिल कुमार बंसल, कोषाध्यक्ष अनुराग जिंदल, प्रदीप सिंघल, एडवोकेट आशीष संगल, खुशीराम अरोरा, सुनीत गर्ग, रवींद्र मित्तल, सुनील शर्मा, अमित गर्ग, अंकित शर्मा, विशाल शर्मा, अर्पणा संगल, कुमुद शर्मा, बरखा शर्मा, राखी उपाध्याय व रितु उपाध्याय शामिल रहे।

# जूनियर इंजीनियर संगठन के पदाधिकारियों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के पदा. धिकारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए निजीकरण का विरोध किया। उन्होने विद्युत विभाग में किए जा रहे निजीकरण को खत्म करने की मांग की।सोमवार को शाम तीन बजे से पांच बजे तक अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर चले ाज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के पदाधिकारियों के धरने को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण का प्रयोग उपभोक्ता विद्युत कर्मियों एवं विभाग के हित में उचित नहीं है। निजीकरण का सीधा प्रभाव गरीबों, किसानों पर पड़ेगा। संगठन कभी भी निजीकरण का पक्षधर नहीं रहा है। ऐसे में कॉरपोरेशन की एकतरफा कार्रवाई से जूनियर इंजीनियर एवं प्रोन्नत अभियंता में रोष है। विरोध सभा में सौरभ कुमार, शशि कुमार, इरफान अहमद, शैलेश कुमार, संजीव, सौरव, अतर सिंह, विजय, शंकर कुशवाहा, नितिन कुमार, धीरज सिंह, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धीरे-धीरे क्षेत्र में शुरू हुई गेहूं की कटाई, चेहरों पर दिखी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र में मौसम के बदलाव के साथ ही खेतों की तस्वीर भी बदलने लगी है। गर्मी का मौसम रफ्तार पकड़ चुका है और तेज धूप ने गेहूं की फसल को पकने के अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। इसी के चलते अब खेतों में धीरे-धीरे कटाई का कार्य शुरू हो चुका है।

राझड़ क्षेत्र के खेतों में सुबह से ही किसान गेहूं की बालियों को काटते नजर आ रहे हैं। हवा में उड़ती भूसे की महक और गेहूं की सुनहरी बालियां इस बात की गवाही दे रही हैं कि फसल इस बार समय से पहले तैयार हो गई है। किसान अशोक ने जानकारी देते हुए बताया, ष्हमने अगेती गेहूं की बुवाई की थी, और मौसम ने इस बार हमारा साथ भी दिया। अब फसल पूरी तरह पक चुकी है और कटाई का काम शुरू कर दिया गया है।



उन्होंने बताया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र के अधिकांश किसानों की फसल कटाई शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही खेतों की जुताई कर गन्ने की बुवाई की तैयारी भी जोर पकड़ लेगी।गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार फसल की स्थिति संतोषजनक बताई जा रही है। यदि मौसम ने इसी प्रकार साथ दिया, तो किसान आर्थिक रूप से भी बेहतर स्थिति में पहुंच सकते हैं। आने वाले दिनों में फसल की उपज और बाजार मूल्य पर भी निगाहें टिकी रहेंगी।

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
IREL (India) Limited
(formerly Indian Rare Earths Limited)
Rare Earths Division, Kochi, Kerala, email :purchase-red@irel.co.in
CIN: U15100MH1950GOI008187
An ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 & ISO 45001:2018 Company

TENDER NOTICE

IREL (India) Limited, Rare Earths Division invites tender for the following item/job description:

| Item/job description | Availability of tender in GEM Portal |
| --- | --- |
| Tank Level Monitoring system for HPRE and DM water tanks | 07.04.2025 14.00 Hrs |
| Replacement of MSFRP and MS tanks | 10.04.2025 14.00 Hrs |

For details visit the following websites:
gem.gov.in, www.irel.co.in/tender-information https://eprocure.gov.in/cppp

Any corrigendum / extension to above tenders shall be hosted in above websites only.
Sd/-
Date: 01.04.2025
GM & Head, RED
CBC 48145/12/0001/2526



# ब्रुक बने टी-20, वनडे कैप्टन

### कहाः यह मेरे लिए सम्मान की बात, जोस बटलर की जगह लेंगे

**लंदन, वार्ता।** हैरी ब्रकू इंग्लैंड की टी-20 और वनडे क्रिकेट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। म्ब्ठ ने सोमवार को ब्रुक को वाइट बाल कैप्टन बनाने का ऐलान किया। वे जोस बटलर की जगह लेंगे। बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी 2025 के बाद कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। 26 साल के हैरी ब्रुक ने कहा- श्यह मेरे लिए सम्मान की बात है। जब मैं व्हार्फडेल में बर्ले क्रिकेट खेलता था। तब यार्कशायर से खेलने और इंग्लैंड की कप्तानी करने का सपना देखता था। यह मौकों मेरे लिए बहुत मायने रखता है।आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी कर चुके हैं ब्रुक ब्रुक जनवरी 2022 में डेब्यू करने के बाद से इंग्लैंड की वाइट बाल टीम का अहम हिस्सा हैं। वे पिछले एक साल से वनडे और टी-20 टीम के वाइस कैप्टन हैं। उन्होंने सितंबर-2024 में बटलर की गैरमौजूदगी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में इंग्लिश की कप्तानी कर चुके हैं।

वे न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी कर चुके हैं। खराब प्रदर्शन की वजह से बटलर ने कप्तानी छोड़ी थी जोस बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी में टीम के खराब प्रदर्शन की वजह से कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने एक मार्च को कराची में टीम के आखिरी ग्रुप स्टेज मैच से पहले कहा था- श्मेरे लिए कप्तानी छोड़ने का यही सही समय है, टीम के लिए भी यही समय है।श इंग्लिश टीम चैंपियंस ट्राफी में एक भी मैच नहीं जीत सकी थी और ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। इतना ही नहीं, टीम 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में नाकआउट स्टेज तक नहीं पहुंच सकी थी।

# पंजाब के खिलाफ मैच में जीत की पटरी पर वापस आना चाहेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**चंडीगढ़, वार्ता।** लगातार मिली तीन हार से तिलमिलायी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ अहम आईपीएल मुकाबले में जीत की राह पर लौटने की हर मुमकिन कोशिश करेगी।

मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत के साथ आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करने वाली सीएसके को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से उसने मुंह की खाई है। हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है। पांच बार की चैंपियन टीम अब तक खेले गए चार मैचों में अपने 17 खिलाड़ियों का इस्तेमाल कर चुकी है। यह बदलाव स्पष्ट रूप से तय रणनीति की कमी को दर्शाता है। पिछले चार मैचों में 121 रन बनाने वाले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर मुलांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भी निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में दस विकेट अपने नाम करने वाले नूर अहमद भी टीम की सबसे बड़ी उम्मीद बने हुए हैं। हालाँकि, रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की फॉर्म और भूमिका और




### हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है

रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में उनके स्पिन विभाग से निराशाजनक वापसी को लेकर सवाल बने हुए हैं। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स से 50 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स में अधिक एकजुटता दिखी है।

श्रेयस अय्यर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और तीन मैचों में 159 रन बनाए हैं जबकि नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में प्रभावित किया है। पीबीकेएस अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करने के साथ सीएसके पर अपना हालिया दबदबा बनाए रखने के लिए खुद को तैयार करेगी। हालांकि, सीएसके मई 2024 में पीबीकेएस के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले से उत्साहित होगी, जहां उन्होंने 28 रन की जीत दर्ज की थी। रलवद्र जडेजा भी गेंद और बल्ले के अलावा क्षेत्ररक्षक की भूमिका का निर्वहन करेंगे। मैच शामं 7:30 बजे साफ आसमान के नीचे शुरू होने वाला है।

मुलनपुर की पिच ने संतुलन के संकेत दिखाए हैं, लेकिन यह पीछा करने वाली टीमों के पक्ष में है, पिछले सीजन में इस स्थल पर पांच में से तीन मैच पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीते थे। दोनों टीमें हार के बाद आई हैं और टूर्नामेंट की लय अधर में लटकी हुई है, ऐसे में मंगलवार का मैच रोमांचक होने की उम्मीद है।

**पंजाब किंग्सः** प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेट कीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, मार्को जेनसन, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह

चेन्नई सुपर किंग्सः रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेट कीपर), रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, खलील अहमद, मथीशा पथिराना


## टोरंटो-इंटर मियामी के बीच मुकाबला बराबरी पर

**मियामी।** लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए गोल के बावजूद इंटर मियामी ने टोरंटो के खिलाफ एमएलएस मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। इतालवी मिडफील्डर फेडेरिको बर्नार्डेस्की ने रविवार को हमवतन लोरेंजो इनसिग्ने के साथ मिलकर फोर्ट लॉडरडेल में शानदार फिनिश के साथ कनाडाई टीम को बढ़त दिलाई। मेसी ने टेलास्को के पास के बाद गोलकीपर सीन जॉनसन को चकमा देते हुए लो ड्राइव को गोल में बदला और अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इंटर मियामी ने दो तिहाई से अधिक समय तक गेंद को अपने कब्जे पर रखा लेकिन जॉनसन ने दूसरे हाफ में लगातार हो रहे हमलों से गोल को रोकने में सफलता हासिल की। उन्होने शानदार गोलकीपिंग का प्रदर्शन करते हुये मैच के दौरान नौ गोल बचाए। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी 15 टीमों की ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सूची में छह मैचों में 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। टोरंटो अभी तक केवल तीन अंकों के साथ 14वें स्थान पर है।

## एफआईएच प्रतिनिधिमंडल मई में करेगा लॉस एंजिल्स का दौरा

**स्वट्जरलैंड।** एफआईएच का एक प्रतिनिधिमंडल मई में लॉस एंजिल्स का दौरा करेगा। एफआईएच सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एफआईएच पांच से नौ मई के बीच लॉस एंजिल्स में अपना निरीक्षण दौरा करेगा, जिसमें एलए28 और यूएसए फील्ड हॉकी के साथ हॉकी स्थल और संचालन का मूल्यांकन किया जाएगा। हॉकी का आयोजन कार्सन फील्ड्स में होगा, जिसमें टेनिस, रग्बी 7, साइकिलिंग और तीरंदाजी भी आयोजित की जाती है। अध्यक्ष इकराम ने ओलंपिक मंच पर हॉकी को ऊपर उठाने के लिए एलए28 नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुये कहा ह एलए28 के साथ हमारा जुड़ाव नवाचार, विरासत और उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# गिल ने जमकर की सिराज की तारीफ



- गेंदबाजी और फिल्डिंग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते है वह देखना शानदार है

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 के 19वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल की शानदार पारी से गुजरात की टीम जीतने में कामयाब रही। मैच के बाद गुजरात के कप्तान ने सिराज की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने गेंदबाजों को टी20 क्रिकेट में गेमचेंजर बताया। मैच में सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रसि( ख्रष्णा और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने भी दो-दो विकेट चटकाए। मैच के बाद गिल ने कहा, श्गेंदबाज मैच का रूख बदल देते हैं। खासतौर पर इस प्रारूप में। काफी लोग टी20 में बल्लेबाजी और हिटिंग की बात करते हैं, लेकिन हमें लगता है कि मैच गेंदबाजों द्वारा जीते जाते हैं। इसलिए इस फेंचाइजी में गेंदबाजों को काफी तवज्जो दी जाती है।श गिल ने कहा, श्हम पूरे मैदान में शाट खेलना चाहते थे। मेरे और वाशिंगटन सुंदर के बीच यही बातचीत हुई थी। सुंदर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में उत्साहित थे, लेकिन इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, आपको कई बार अपनी योजनाओं को बदलना पड़ता है। जिस तरह से उन्होंने इस मैच में बल्लेबाजी की वह शानदार थी। हमारे बीच कोई खास बातचीत नहीं हुई। बस हम अच्छे क्रिकेटिंग शाट्स खेलने के बारे में सोच रहे थे। एक बार जब हमने 30-40 रन की साझेदारी कर ली तो हमने खेल खत्म करने का सोचा। गेंदबाजी और फील्डिग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते हैं, वह देखना शानदार है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने हैदराबाद की पिच पर ही सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा, श्यह हैदराबाद का पारंपरिक विकेट नहीं है। यहां गेंद स्किड हो रही थी, लेकिन हैदराबाद का पारंपरिक विकेट थोड़ा कठोर है। इस पिच पर खेलना बहुत मुश्किल था। अंत में यह विकेट उतना स्पिन भी नहीं कर रहा था जैसा हमने सोचा था। हमारा स्कोर भी अच्छा नहीं रहा, लेकिन उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उनकी तेज गेंदबाजी को भी इस मैच में खेलना थोड़ा मुश्किल था। चार महीने बाद मैदान पर वापसी के लिए तैयार बुमराह, मैच से पहले अभ्यास सत्र में दमखम से की गेंदबाजी मैच की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बनाने दिया। जवाब में कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 61 रन) के अर्द्धशतक और वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी की बदौलत गुजरात ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। गिल और शेरफाने रदरफोर्ड (नाबाद 35 रन, 16 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी हुई। गुजरात ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की।

# एलएसजी के खिलाफ लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी केकेआर

### केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है

**कोलकाता, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफर 80 रनों की एकतरफा जीत से उत्साहित कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर गत विजेता की शानदार जीत ने न केवल उसे अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया, बल्कि टीम में विश्वास भी जगा है, जो कि पहले के मैचों में नजर नहीं आ रहा था। केकेआर को नेट रन रेट अब +0-070 पर है जिसको देखते हुये मौजूदा सत्र में टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुयी है। केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है, खासकर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन की स्पिन जोड़ी ने एसआरएच को जीत से दूर कर दिया। लखनऊ की टीम के खिलाफ भी दोनो फिरकी गेंदबाजों के आठ ओवर आकर्षण का केंद्र होंगे। लखनऊ की टीम बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। वेंकटेश अय्यर ने एसआरएच के खिलाफ 29 गेंदों पर 60 रन बनाए जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 50 रनों की पारी खेली, जिससे केकेआर के बल्लेबाजी क्रम को आत्मविश्वास मिला। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शीर्ष क्रम को संभाला वहीं फिनिसर्स के तौर पर माने जाने वाले रिंकू सिंह से टीम को एक मजबूती प्रदान हुई है। सलामी बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन नंबर 3 और 4 पर स्थिरता ने उस दबाव को कुछ हद तक कम कर दिया है। इस बीच, एलएसजी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रनों की मामूली जीत दर्ज की और तालिका में छठे स्थान पर है। निक. ोलस पूरन 218-47 के शानदार स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाकर इस सीज़न में उनके सबसे लगातार बल्लेबाज़ बने हुए हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाज़ी क्रम अभी तक एक साथ नहीं चल पाया है। पिछले मैच में हालांकि मिशेल मार्श के अर्द्धशतक ने हौसला बढ़ाया है, लेकिन ऋषभ पंत और डेविड मिलर का लगातार खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, शार्दुल ठाकुर एलएसजी के लिए विकेट लेने वालों में से रहे हैं, लेकिन उनकी इकॉनमी चिंता का विषय बनी हुई है। रवि बिश्नोई और युवा दिग्वेश सिंह राठी को बीच के ओवरों में खास भूमिका निभानी होगी। ईडन गार्डन्स की पिच स्पिनरों के अनुकूल है और धैर्य से खेलने पर फायदा हो सकता है, इसलिए मंगलवार का मुकाबला इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रत्येक टीम बीच के ओवरों में कितनी अच्छी तरह से संभलकर खेलती है। शाम को हल्की नमी के साथ मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है।

**केकेआर** की टीम में क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा है और प्रभावशाली खिलाड़ी के तौर पर अंगकृष रघुवंशी को रखा गया है। **एलएसजी** की टीम में मार्कराम, मिशेल मार्श, पूरन, पंत (कप्तान व विकेटकीपर), आयुष, डेविड, अब्दुल समद, शार्दुल, दिग्वेश सिंह राठी, आकाश दीप, अवेश खान को लिया।

# पीएम ने देश में नई खेल संस्कृति को दिया बढ़ावा : योगी

- पहली बार किसी प्रतियोगिता में 1341 खिलाड़ी भाग ले रहे है

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट के साथ हर जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्र इस बात के उदाहरण हैं। योगी ने यहां 35वीं वाहिनी पीएसी,लखनऊ में पहली अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर (हैंडबॉल/बास्केटबॉल) 2024-25 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि इन सभी कार्यक्रमों को ध्यान में रख करके ही देश में ऑल इंडिया पुलिस के टूर्नामेंट के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की श्रृंखला प्रारंभ हुई है। आज से अगले पांच दिनों तक ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर- 2025 का आयोजन लखनऊ में होने जा रहा है जिसेमें केंद्रीय बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों से जुड़े हुई 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में 1,341 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें 336 महिला खिलाड़ी भी हिस्सेदार बनने जा रही हैं। उन्होने कहा कि पहली बार किसी प्रतियोगिता में 75 से अधिक टीमें और 1,341 खिलाड़ी एक साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रदेश की राजधानी में देश भर से पूर्वोत्तर के सुदूर मणिपुर से लेकर करके केरल और तमिलनाडु की टीम, जम्मू कश्मीर से लेकर करके तेलंगाना की टीम, वेस्ट बंगाल की टीमें आयोजन का हिस्सा बन करके इसे नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगी। प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए देश ने एक नई खेल संस्कृति को आगे बढ़ाया है। उसी का परिणाम है कि खेलकूद भी व्यक्ति के जीवन को सजाने और संवारने का माध्यम बन रहा है। सरकार ने प्रदेश में खेल नीति लागू की है। पिछले पांच वर्षों में अकेले प्रदेश पुलिस विभाग ने 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित की है।

# बीजीटी की जंग आईपीएल में भी जारी

### हेड को सिराज ने पहले ओवर में किया आउट, चयनकर्ताओं को भी दिया जवाब

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज का शानदार फार्म जारी है। रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में घातक गेंदबाजी के बाद अब सिराज ने सनराइजर्स को उनके घर हैदराबाद में हार का स्वाद चखाया। चिन्नास्वामी सिराज की पूर्व टीम का होम ग्राउंड है तो हैदराबाद उनका असली होम ग्राउंड। इन दोनों जगहों पर खूब रन बनते हैं, लेकिन सिराज ने दिखा दिया कि वह क्यों मौजूदा समय के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं। सिराज ने आरसीबी के खिलाफ 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, जबकि हैदराबाद के खिलाफ 17 रन देकर चार विकेट लिए। यह उनका आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी है। इतना ही नहीं सिराज ने ट्रेविस हेड को पारी के पहले ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। चैंपियंस ट्राफी जीतने वाली भारतीय टीम में नहीं शामिल नहीं किए जाने के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को भी जवाब दिया है। दरअसल, पिछले साल आस्ट्रेलिया दौरे पर सिराज और हेड के बीच जंग देखने को मिली थी। दोनों मैदान पर भिड़ गए थे। इसके बाद सीरीज खत्म होने तक यह ड्रामा जारी रहा था। अब यही जंग आईपीएल में भी देखने को मिली। इस मैच से पहले हेड ने आईपीएल में कभी सिराज का सामना नहीं किया था।

# अव्याना बनीं अंडर-17 की राज्य शतरंज चैंपियन

**अव्याना ढिल्लो ने कुल 5 में से कुल 4.5 अंक अर्जित किए**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब देवरिया की नन्ही अव्याना ढिल्लों ने अपने नाम कर लिया है। उप्र शतरंज खेल सौर के सचिव एके रायजादा ने सोमवार को यहां बताया कि सीता. पुर में हाल ही में सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैंपियनशिप-2025 में अव्याना ढिल्लों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अव्याना ने कुल 5 में से 4-5 अंक अर्जित किए और प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अव्याना ने अपने विजय अभियान में गौरी सक्सेना, राध्या नारंग और कस्वि को पराजित किया, जबकि अंतिम चक्र में उन्होंने आरना त्रिपाठी से ड्रा खेला। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अव्याना को अब नेशनल अंडर-7 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। अव्याना देवरिया की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की सुपुत्री हैं। वे न केवल शतरंज में उत्कृष्ट हैं।




# इशांत पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना



**हैदराबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। इशांत ने अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकारा है। गौरतलब है कि आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है। इस बीच, रविवार को गुजरात टाइटन्स ने कप्तान शुभमन गिल के शानदार अर्द्धशतक और शेरफेन रदरफोर्ड के पावर-पैक फिनिश के साथ मोहम्मद सिराज के तेजतर्रार चार विकेट के बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

## तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाक पर जुर्माना

**माउंट माउंगानुई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया। मोहम्मद रिजवान की टीम को समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य से एक ओवर कम होने का फैसला सुनाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी मीडिया बयान के अनुसार, रिजवान ने अपराध के लिए दोषी होने की दलील दी और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

# आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को दिया 222 का लक्ष्य

- विराट कोहली 67 और देवदत्त 37 के बीच 91 रनों की शानदार साझेदारी हुई



**मुंबई, वार्ता।** विराट कोहली (67)देवदत्त पड्डिक्कल (37) के बीच 91 रन और कप्तान रजत पाटीदार (62) -जितेश शर्मा (40 नाबाद) के बीच 69 रन की विस्फोटक साझीदारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 21वें मैच में सोमवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पांच विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर लिया। कोहली आज मैच के शुरु से ही आक्रामक अंदाज में थे। फिल साल्ट (4) का विकेट पहले ही ओवर में गिरने के बावजूद उन्होने पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाते हुए मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। कोहली के रुख को भांपते हुये कप्तान हार्दिक पांड्या ने ट्रेंट बोल्ट को हटा कर स्पिनर विल जैक्स को गेंद थमायी मगर कोहली पर उसका कोई असर नहीं हुआ। दोनो बल्लेबाजों ने नौवें ओवर तक स्कोर को 95 रन पर पहुंचा दिया। इस बीच पड्डिक्कल विग्नेश पुथुर की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। नये बल्लेबाज पाटीदार ने कोहली के साथ मिल कर मुबंई के गेंदबाजों की धुनायी जारी रखी। इस बीच अपना कोहली ने अपना अर्धशतक पूरा किया। पारी के 15वें ओवर में कोहली हार्दिक पांड्या की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को खेलने के प्रयास में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े नमन धीर को आसान कैच थमा बैठे। अपनी अर्द्धशतकीय पारी के दौरान कोहली ने 42 गेंद खेलकर आठ चौके और दो छक्के लगाये। कोहली ने इस मैच में टी20 क्रिकेट करियर में अपने 13 हजार रन भी पूरे कर लिए। बेंगलुरु के लिए दूसरी विस्फोटक साझीदारी पाटीदार और विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के बीच बनी। दोनो बल्लेबाजों ने दर्शनीय शाट खेलकर मैदान पर शमा बांध दिया। दोनो बल्लेबाजों ने मात्र27 गें. दों में 69 रन की साझीदारी कर ली। इस बीच बोल्ट की गेंद पर शाट मारने की कोशश में पाटीदार विकेट के पीछे धरे गए। विकेटकीपर रायन रिकलटन ने काफी दूर जाकर उनका कैच पकड़ा।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

## महंगाई के झटके जारी

विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझ रही देश की जनता को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी के रसोई घर पर हमला किया है। रसोई गैस का सिलेंडर अब और महंगा खरीदना पड़ेगा। सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। इतना ही नहीं उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। हालांकि राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम अभी नहीं बढ़ेंगे। बताते चलें कि तेल कंपनियां हर महीने पिछले महीने के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों, एक्सचेंज रेट और अन्य लागतों के आधार पर एलपीजी की बेस प्राइस तय करती हैं। इसके बाद टैक्स, ट्रांसपोर्ट, और डीलर कमीशन जोड़कर खुदरा मूल्य निकाला जाता है। सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए सरकार अंतर की भरपाई करती है, जबकि गैर-सब्सिडी वाले सिलेंडर की पूरी कीमत ग्राहक चुकाता है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्तओं के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। सरकार का कहना है कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में कमी की उम्मीद की जा रही है। इससे देश में एलपीजी सिलेंडर के भाव भी कम होने की उम्मीद की जा सकती है। उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। हालांकि आम आदमी के लिए राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। केंद्र सरकार ने पेट्रोल -डीजल पर एक्साइज ड्यूटी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। द ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। ये खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपये लीटर और डीजल पर 15.80 रुपये लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपये लीटर और डीजल पर 17.80 रुपये लीटर ड्यटी लगेगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा।सरकार भले ही सफाई देकर आम आदमी को बहलाने की कोशिश करती रहे, लेकिन इस सच को झुठलाया नहीं जा सकता कि केंद्र सरकार अभी तक आम आदमी को महंगाई की मार से निजात दिलाने में पूरी तरह से नाकाम नजर आई है

## साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं



महात्मा बुद्ध व बाबासाहेब जैसे महापुरुष की प्रतिमाओं को हटाने पर सीतापुर में हुआ विवाद एक बड़ी सियासी साजिश की ओर इशारा कर रहा है, सब जानते हैं कि वो कौन हैं, जिनके इशारे पर प्रशासन ऐसा प्रहार कर रहा है, शोषित-वंचित समाज की जागरूकता नई चेतना बनकर उभर रही है, इन साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं बची है, भाजपा षड्यन्त्रकारी पार्टी है, समाज में नफरत फैलाती है, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ती है, भाजपा पीडीए विरोधी है, भाजपा ने पीडीए के हर सम्मान और आरक्षण को छीना है, पीडीए की एकजुटता से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं, भाजपा सरकार में पीडीए के साथ षड्यंत्र हो रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ बाबा साहब के विरोत्रियों का हर स्तर पर मुकाबला करने को तैयार है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# टैरिफ बम की बारिश में भारत व चीन 1 अप्रैल 1950 का दिन भूल गए


**1 अप्रैल 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया, कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे, दो दिग्गज देश चीन और भारत इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है**



**अशोक भाटिया**

दरअसल पूरे सप्ताह डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ बम की बारिश में एक महत्वपूर्ण तारीख की अनदेखी होने की उम्मीद थी, लेकिन अमेरिकी शासकों के वर्तमान सिंहपर्णी काल के मद्देनजर उस घटना के महत्व को अब भी उजागर किया जाना चाहिए। वह तारीख 1 अप्रैल थी, ठीक 75 साल पहले, 1 अप्रैल, 1950 को, जब भारत और चीन के बीच आधिकारिक राजनयिक संबंध स्थापित हुए तब भारत में पंडित जवाहरलाल नेहरू के रूप में एक ऐसा नेता थे जिसकी वैश्विक छाप थी। अंग्रेजों को गए अभी तीन साल ही हुए थे, इसलिए कुछ हद तक पश्चिमी मुख्यधारा का मीडिया भारत पर ध्यान दे रहा था। यह संभावना नहीं थी कि भारत और चीन भविष्य में सबसे अधिक आबादी वाले देश और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं बन जाएंगे। दूसरा देश कुशल श्रम का सबसे बड़ा निर्यातक है, और कई मामलों में दुनिया का अग्रणी बाजार है।

अलग-अलग समय पर विभिन्न चीनी शासकों ने यह देखने की इच्छा व्यक्त की कि अगर ये दोनों देश एक साथ आते हैं तो क्या होगा। गौरतलब है कि 1 अप्रैल, 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया। कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दो दिग्गज देश-चीन और भारत-इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं, उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है। जैसा कि वांग यी ने उल्लेख किया, माओ ने चीन और भारत के सामंजस्यपूर्ण ढंग से मिलकर काम करने के महत्व का वर्णन करने के लिए 'ड्रैगन और हाथी के सहकारी पा डे डेक्स' के रूपक का उपयोग किया। 300 बिलियन से अधिक आबादी वाले ये देश न केवल एशिया बल्कि पूरी दुनिया के भविष्य को आकार देने की शक्ति रखते हैं। फिर भी, उनके आर्थिक उत्थान और गहरे ऐतिहा. सिक संबंधों के बावजूद, उनके रिश्ते में गहरी उलझन बनी हुई है, जो संदेह, असुरक्षा और संघर्ष की एक अनसुलझी विरासत से भरी हुई है। अगर एशिया में शांति बनी रहनी है, तो यह इस सवाल पर निर्भर करता है। क्या भारत और चीन इतिहास के बोझ को कम कर सकते हैं और सहयोग, सम्मान और स्थिरता का भविष्य बना सकते हैं?



फिर भी, हाल के महीनों में बदलाव के संकेत मिले हैं। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की ज़रूरत दोहराई-यह एक ऐसा बयान था जो वैश्विक व्यवस्था की वास्तविकता को स्वीकार करता है और इस बात की मौन स्वीकृति भी है कि भारत और चीन के बीच संघर्ष न केवल एशिया के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी होगा। भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने के अपने प्रयास में मोदी, चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने के महत्व के प्रति पूरी तरह जागरूक हो गए हैं, तथा मतभेद की जगह संवाद, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक फोकस को प्राथमिकता दे रहे हैं। अतीत को दरकिनार कर भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने के अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण के प्रति उनके जोर को घरेलू स्तर पर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

अपने देश के उत्थान से उत्साहित भारतीय राष्ट्रवादियों ने चीन के साथ रिश्ते बनाने की समझदारी पर सवाल उठाया है और सरकार पर भारत की संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया है। लेकिन यह एक ज़रूरी बातचीत है-जो पक्षपातपूर्ण राजनीति और कट्टर राष्ट्रवाद से परे है, और इस बात पर ध्यान केंद्रित करती है कि भारत और पूरे एशिया के लिए क्या सबसे अच्छा है। वास्तव में, शुरू से ही चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी था। आज इसे बहुत अवमानना से बदल दिया गया हो सकता है। आज, यहां के लोग अक्सर आश्चर्य करते हैं कि क्यों। यद्यपि भारत को चीनी सरकार के माध्यम से एक 'अक्षम, आलसी' देश के रूप में वर्णित किया जाता है, भारत का महत्व एक सीमा से परे है, पहली सोवियत रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका नई सहस्राब्दी में, कमोबेश यूरोप, हमेशा जापान। चीनी नेतृत्व इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर सकता और न ही इंकार कर सकता है कि यह हाल के दिनों में अरब राज्यों की नजर में हमेशा रहा है!

चीन ने तिब्बत के ब्रिटिश सीमांकन को मंजूरी नहीं दी। जापान ने चीन पर कई आक्रमण किए यहां तक कि कई वर्षों तक अधिकांश क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। चीन आज उस पुराने 'दर्द' को जला रहा है, क्योंकि उसके राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले दशक में चीनी आधिपत्य में चीनी संस्कृतिवाद को जोड़ा। 1995 तक, चीन की अर्थव्यवस्था गति और विस्तार के मापदंडों पर भारत से पीछे थी। मानव इतिहास में यह दूसरा उदाहरण नहीं है कि किसी देश ने किसी भी देश पर आक्रमण किए बिना 20 वर्षों की अवधि में इतनी तेजी से आर्थिक प्रगति की है। चीन की प्रगति न केवल आर्थिक मोर्चे पर थी, यह तकनीकी प्रगति पर हावी थी, न ही यह सैन्य बल वृद्धि से प्रेरित थी। अंतरमहाद्वीपीय मिसा. इलें, लड़ाकू विमान, लड़ाकू युद्धपोतों और लंबी दूरी की पनडुब्बियों को चीन की जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं के संयोजन के माध्यम से बड़े पैमाने पर और तेजी से बनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध में, जहां रूस का महत्व कम हो गया था और यह धारणा थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका अब दुश्मन नहीं था, चीन ने आसानी से उस स्थान पर कब्जा कर लिया। आज, व्यापार युद्ध में और रणनीतिक संदर्भ में, यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियां निर्धारित की जाती हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका चीन से डरता है। यह भी सच है कि इस अवधि के दौरान भारत बहुत पिछड़ रहा था। यही है, अर्थव्यवस्था का भी विस्तार हो रहा था, लेकिन चीन की दौड़ की तुलना में, हम केवल डुडुडुडु चला रहे थे। 1962 के युद्ध में, चीन ने भारत के कुछ क्षेत्रों पर कब्जा करने की कोशिश की। यह कुछ हद तक सफल रहा। शी के युद्ध के कारण, चीन ने पूर्वी लद्दाख, विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख के हिस्से पर कब्जा करने की कोशिश की। यह सच था कि यह भारत सरकार और सेना की सतर्कता से उचित था। लेकिन यह भी सच है कि 2020 में आक्रामक हुए चीन ने 2023 के अंत में और 2024 में खुद ही बातचीत शुरू कर दी थी। ऐसा क्यों होना चाहिए था? इससे पता चलता है कि भारत के मामले में चीनी शासकों की नीति में कोई संगति नहीं है। कभी अवमानना, कभी अवमानना, कभी सम्मान होता है। ऐसा लगता है कि 'सम्मान अवधि' होनी चाहिए। पिछले साल चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल गया। लेकिन इस व्यापार में भी, इस व्यापार में चीन का हिस्सा 85.1 बिलियन डॉलर जितना बड़ा है। बातचीत के माध्यम से विवादास्पद मुद्दों को हल करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने की चीन की बात हाल ही में बढ़ रही है। पाकिस्तान के अलावा, चीन का कोई भी सहयोगी भारत के प्रति सीधे शत्रुतापूर्ण नहीं है।

# बुलढाणा में फैली गंजेपन की समस्या...

**अर्पिता व्यास**

**लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं, तीन दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है, यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं**

पिछले दिनों महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले के गांवों में लोगों में बालों के झड़ने की एक विचित्र घटना सामने आई। बुलढाणा ज़िले के शेगांव तालुका में अचानक लोगों के बाल झड़ने लगे। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों में देखा गया। गांव के लोग अटकलें लगाने लगे कि यह किसी वायरस की वजह से हो रहा है। तत्काल हुई जांचों में पता चला कि बोंडगांव और खातखेड़ के पानी में नाइट्रेट काफी ज्यादा मात्रा में है और साथ ही उसमें कुल घुलित लवण यानी **TDS** भी अधिक था। यह पता लगा कि पानी पीने के लिए सही नहीं है। यह अनुमान लगाया गया कि शायद यही बाल झड़ने का कारण हो सकता है।


लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। 3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे। चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया। त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है। प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है। यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं।

हालांकि संदूषित पानी को ही कारण माना जा रहा था फिर भी जांच आगे जारी रखी गई। त्वचा और पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए। पानी के अत्यधिक संदूषित होने के

**3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है**

कारण उसका उपयोग प्रतिबंधित करके गांव वालों के लिए दूसरे स्रोतों से पानी उपलब्ध करवाया गया। अन्य स्रोत से पानी देने लगे तो लगा कि अब और मामले नहीं बढ़ेंगे लेकिन मामले तो बढ़ते ही जा रहे थे। पूर्व में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (**ICMR**) से आई टीम ने जांच में पाया था कि प्रभावित लोगों में सेलेनियम की मात्रा अधिक है जो शायद बालों के झड़ने का कारण है। सेले. नियम राशन की दुकान से वितरित गेहूं में अधिक पाया गया था। अलबत्ता, टीम ने पक्का निष्कर्ष नहीं दिया था कि यही बाल झड़ने का कारण है। गेहूं के नमूने जांच के लिए वारणी एनालिटिक्स लैब, ठाणे पहुंचाए गए। वहां बिना धुले गेहूं में सेलेनियम 14.52 मि.ग्रा./कि.ग्रा पाया गया और धुले हुए गेहूं में 13.61 मि.ग्रा./कि.ग्रा जबकि गेहूं में सेले. नियम की सामान्य मात्रा 0.1 से 1.9 मि.ग्रा. /कि.ग्रा होती है। यानी इस गेहूं में सेलेनियम की मात्रा सामान्य अधिकतम मात्रा से 8 गुना अधिक थी। राशन के गेहूं के पैकेट्स को चेक किया गया तो देखा कि ये पंजाब से आए थे।

इसी तरह, 2000 के दशक के शुरू में पंजाब के दो ज़िलों होशियारपुर और नवांशहर में भी बालों के झड़ने की घटनाएं हुई थीं। ये दोनों ज़िले शिवालिक पर्वतों की तराई में स्थित हैं। तब यहां सेलेनियम नदियों की बाढ़ से आए पानी के साथ आया था। एक अन्य रिपोर्ट में प्रभावित लोगों के खून में ज़िंक की कमी भी पाई गई जो बालों की वृद्धि लिए उत्तरदाई है। सेलेनियम की वृद्धि और ज़िंक की कमी, दोनों कारणों से बाल झड़ने की घटनाएं हुई। 15 गांव के लगभग 300 लोग प्रभावित हुए। अच्छी बात यह है कि कुछ वक्त में लोगों के बाल वापस आ गए क्योंकि बालों की जड़ें सलामत थीं।



स्रोत फीसर्च

# वक्फ कानून में संशोधन किस लिए...



**विनीत नारायण**

वक्फ संशोधन बिल, जिसे हाल ही में भारतीय संसद में पेश किया गया और 2-3 अप्रैल 2025 को लोकसभा और राज्यसभा से पारित किया गया, देश में एक गहन बहस का विषय बन गया है। यह बिल 1995 के वक्फ अधिनियम में संशोधन करने और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने का दावा करता है। सरकार इसे एक प्रगतिशील कदम के रूप में पेश कर रही है, जबकि विपक्ष और कई मुस्लिम संगठन इसे धार्मिक स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। इस लेख में हम इस बिल के समर्थन और विरोध के तर्कों को तटस्थ दृष्टिकोण से देखेंगे और इसके संभावित प्रभावों का आकलन करेंगे।

वक्फ एक इस्लामी परंपरा है जिसमें कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को धार्मिक, शैक्षिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए समर्पित कर देता है। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन 1995 के वक्फ अधिनियम के तहत होता है, जिसके अंतर्गत राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद कार्य करते हैं। वक्फ संशोधन बिल 2024 में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं, जैसे वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम और महिला सदस्यों की अनिवार्यता, संपत्ति सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर की भूमिका और विवादों में हाई कोर्ट की अपील का प्रावधान। सरकार का कहना है कि यह बिल वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा, जबकि विरोधी इसे वक्फ की मूल भावना के खिलाफ मानते हैं। इस बिल का समर्थन करने वाले जो तर्क देते हैं उनका कहना है कि वक्फ बोर्डों में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की शिकायतें लंबे समय से चली आ रही हैं। देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है, लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। कलेक्टर द्वारा संपत्ति सर्वेक्षण और रिकॉर्ड डिजिटलीकरण जैसे प्रावधानों से इन संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। बिल में वक्फ बोर्ड में कम से कम दो महिलाओं और गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल

**देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा**




करने का प्रावधान भी है। समर्थकों का तर्क है कि इससे बोर्ड में लैंगिक और सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी। विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम समुदाय, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा है, इस बिल का समर्थन करता है, क्योंकि उनका मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में धनी और प्रभावशाली लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए हुए हैं। पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला अंतिम माना जाता था, जिसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। नए बिल में हाई कोर्ट में अपील का अधिकार दिया गया है, जिसे समर्थक संविधान के अनुरूप और न्यायसंगत मानते हैं। उनका कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड के मनमाने फैसलों पर अंकुश लगेगा। बिल में यह शर्त भी जोड़ी गई है कि बिना दान के कोई संपत्ति वक्फ की नहीं मानी जाएगी। समर्थकों का कहना है कि इससे उन मामलों में कमी आएगी जहां वक्फ बोर्ड बिना ठोस सबूत के संपत्तियों पर दावा करता था, जिससे आम लोगों को परेशानी होती थी।

वहीं इस बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और विपक्षी दलों का कहना है कि यह बिल वक्फ की मूल भावना को कमजोर करता है। वक्फ एक धार्मिक परंपरा है और इसमें गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना इसकी पवित्रता को नुकसान पहुंचाएगा। उनका यह भी आरोप है कि सरकार वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने की योजना बना रही है। बिल में कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण करने और उनकी स्थिति तय करने का अधिकार दिया गया है। विरोधियों का कहना है कि यह एक सरकारी हस्तक्षेप है, जो वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता को खत्म कर देगा। उनका तर्क है कि कलेक्टर, जो ज्यादातर गैर-मुस्लिम हो सकता है, वक्फ के धार्मिक महत्व को नहीं समझ पाएगा। विपक्ष का दावा है कि यह बिल संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन का अधिकार देता है। उनका कहना है कि वक्फ एक इस्लामी परंपरा है और इसमें सरकारी दखल अल्पसंख्यक अधिकारों पर हमला है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों ने बिल के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किए हैं। ईद और जुमातुल विदा जैसे अवसरों पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने की अपील इसका उदाहरण है। विरोधियों का कहना है कि यह बिल मुस्लिम समुदाय को अपने ही धर्म से दूर करने की साजिश है। वक्फ संशोधन बिल के लागू होने से कई सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। यदि यह पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाता है, तो वक्फ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुस्लिमों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए बेहतर तरीके से हो सकता है। दूसरी ओर, यदि यह धार्मिक स्वायत्तता को कमजोर करता है या सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है, तो इससे मुस्लिम समुदाय में असंतोष और अविश्वास बढ़ सकता है। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह बिल सत्तारूढ़ एनडीए के लिए एक जोखिम भरा कदम है।

जहां बीजेपी इसे हिंदू मतदाताओं के बीच वक्फ बोर्ड की कथित मनमानी के खिलाफ एक कदम के रूप में पेश कर सकती है, वहीं सहयोगी दल जैसे जेडीयू टीडीपी और आरएलडी को अपने मुस्लिम समर्थकों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। यदि मोदी सरकार संसद में बहुमत के चलते इस बिल को अपने पिछले दो कार्यकालों में बड़े आराम से ला सकती थी। लेकिन तीसरे कार्यकाल में इस बिल को लाकर भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को पशोपेश में डाल दिया है। वक्फ संशोधन बिल एक जटिल मुद्दा है, जिसमें सुधार की आवश्यकता और धार्मिक संवेदनशीलता के बीच संत. ुलन बनाना जरूरी है। समर्थकों के लिए यह भ्रष्टाचार को खत्म करने और वक्फ को आधुनिक बनाने का अवसर है, जबकि विरोधियों के लिए यह धार्मिक पहचान और स्वायत्तता पर हमला है। सच्चाई शायद इन दोनों के बीच कहीं छिपी है। इस बिल का असली प्रभाव इसके कार्यान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सरकार इसे संवे. दनशीलता और पारदर्शिता के साथ लागू करती है, तो यह एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है। लेकिन यदि इसे जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया, तो यह सामाजिक तनाव को और गहरा सकता है। अंततः इस बिल की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह वक्फ की मूल भावना को कितना सम्मान देता है और समाज के सभी वर्गों को कितना लाभ पहुंचाता है।

# मकड़ियों की पतली कमर

कई लोगों को मकड़ियों से नफरत होती है और कई लोगों को उनसे डर भी लगता है-इसी भावना को व्यक्त करने के लिए बना है शब्द एरेक्नेफोबिया। लेकिन वैज्ञानिकों को मकड़ियों की एक बात आकर्षित करती है-उनकी पतली कमर। कहते तो यहां तक हैं कि जिस रेत-घड़ीनुमा फिगर की कामना कई तारिकाएं करती हैं, वह मकड़ियों को तो सहज ही मिल गया है। और अब प्लॉस बायोलॉजी में प्रकाशित एक शोध पत्र बताता है कि इसके लिए मकड़ियों को डाएटिंग वगैरह नहीं करना पड़ता, बल्कि यह एक प्राचीन जीन का कमाल है। इस शोध पत्र के लेखकों-विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय की एमिली सेटन और उनके साथियों-ने दक्षिण-पूर्वी कोलोरैडो के घास के मैदानों में तफरीह करते हुए टेक्सास ब्राउन टेरेंटुला (**Aphonopelma hentzi**) नामक मकड़ी के भ्रूण इकट्ठे किए। इन भ्रूणों के जीनोम के अनुक्रमण से उन्हें 12 ऐसे जीन्स मिले जो कमर के दोनों ओर की कोशिकाओं में विकास के दौरान अभिव्यक्त होते हैं। आम घरेलू मकड़ी (**Parasteatoda tepidariorum**) के भ्रूणों में इन 12 जीन्स को एक-एक करके निष्क्रिय करने पर पता चला कि इनमें से एक (जिसे नाम दिया गया है **waist&less**) कमर के उस विशिष्ट पिचके हुए हिस्से के लिए ज़िम्मेदार होता है जो मकड़ी के शरीर को दो भागों में बांटता है। जिन भ्रूणों में यह जीन नहीं होता वे एकदम गोल-मटोल आठ टांग वाली मकड़ी में विकसित हो जाते हैं। शोधकर्ताओं का मत है कि **waista&less** जीन लाखों साल पहले अस्तित्व में आया था और कई प्रजातियों के भ्रूणीय विकास में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन कीटों व केंकड़ानुमा जंतुओं ने इसे गंवा दिया। मकड़ियों में यह बना रहा और उन्हें उनकी पतली कमर देता रहा।




स्रोत फीसर्च




# बांग्लादेश ने कोलकाता के पास चीन को सौंपा पोर्ट, भारत चिंतित

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। BIMSTEC समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपये) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है। इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है ताकि वे पाकिस्तानी JF-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया। चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ए सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले ही विपक्षी गठबंधन ने इंडिया आउट कैंपेन शुरू कर दिया था। अब यूनुस की पार्टी NCP खुलेआम भारत विरोधी बातें कर रही है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को बुलाना भी इसी एजेंडे का हिस्सा माना जा रहा है। यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (चारों ओर से जमीन से घिरे) कहा और कहा कि बांग्लादेश उनके लिए समुद्र तक पहुंच का इकलौता रास्ता है। इस बयान पर पूर्वोत्तर भारत के



नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कुछ ने यहां तक कहा कि बांग्लादेश को तोड़ देना चाहिए। चिटगांव यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर डॉ. फारिदुल आलम ने कहा कि आज के दौर में किसी बड़े पड़ोसी देश से दुश्मनी रखकर फायदा नहीं हो सकता। सरकार को चाहिए कि वह भारत के साथ शांति बनाए रखे, वरना इसका नुकसान उसे ही होगा।

# अंटार्कटिका में चीन ने नए रेडियो टेलीस्कोप का किया अनावरण

**बीजिंग।** चीन ने वायुमंडलीय क्षेत्र में अपनी ताकत को और मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाया है। इसके तहत चीन ने अंटार्कटिका में एक नई दूरबीन का अनावरण किया है, जिससे इस बर्फीले और संसाधन से भरे पूरे महाद्वीप पर उसकी उपस्थिति और भी मजबूत हो गई है। बता दें कि इस दूरबीन का नाम थ्री गार्जेस अंटार्कटिक आई है, और यह 3.2 मीटर एपर्चर वाली रेडियो/मिलीमीटर-वेव दूरबीन है। इसे चीन के थ्री गार्जेस यूनिवर्सिटी (सीटीजीयू) और शंघाई नार्मल यूनिवर्सिटी (एसएचएनयू) द्वारा सह-विकसित किया गया है। इस विषय में जारी विज्ञाप्ति में बताया गया है कि चीन का यह कदम अंटार्कटिक में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दूरबीन अंटार्कटिका की प्राचीन और शुद्ध वायुमंडलीय स्थितियों का लाभ उठाकर इन्फ्रारेड और मिलीमीटर-कंपन की समीक्षा में



मदद करेगी, जिससे ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने में सहायता मिलेगी।

चीन अंटार्कटिका में अपने वैज्ञानिक अनुसंधान को लगातार बढ़ा रहा है। तीन साल पहले 2022 में उसने अपना पांचवां विशाल अनुसंधान स्टेशन शुरू किया था। इस स्टेशन में 5,244 वर्ग मीटर का फर्श क्षेत्र है और यह गर्मियों के दौरान 80 अभियान दल के सदस्यों और सर्दियों में 30 सदस्यों को सहायक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधाओं से लैस है। गौरतलब है कि वर्तमान में अंटार्कटिका में 70 स्थाई अनुसंधान स्टेशन हैं, जो पृथ्वी के विभिन्न महाद्वीपों के 29 देशों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। भारत के पास अंटार्कटिका में दो सक्रिय अनुसंधान स्टेशन हैं, मैत्री और भारती। वहीं, अमेरिका के पास छह और आस्ट्रेलिया के पास तीन अनुसंधान स्टेशन हैं। हालांकि ध्यान देने योग्य बात ए है कि चीन ने 1983 में अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो अंटार्कटिका को एक प्राकृतिक रिजर्व के रूप में नामित करती है और यहां वाणिज्यिक संसाधन निष्कर्षण को प्रतिबंधित करती है।

# हज से पहले भारत समेत 14 देशों पर लगी बड़ी पाबंदी



## भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों का वीजा रोका, नए नियम तोड़ने पर पांच साल का एंट्री बैन, जिनके पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक पहुंच सकते हैं

**रियाद।** सऊदी अरब ने बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थाई है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी सरकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिक. ारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है और गर्मी भी। भीड़ का नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है। गैर-कानूनी तौर पर काम कर रहेरू अधिकारियों ने बताया कि अवैध कामकाज भी एक बड़ा कारण है। कुछ विदेशी नागरिक व्यापार या पारिवारिक वीजा का इस्तेमाल कर सऊदी अरब में गैर-कानूनी रूप से काम कर रहे थे, जिससे वीजा नियमों का उल्लंघन हो रहा था और मजदूरी बाजार में असंतुलन पैदा हो रहा था। 2024 में हज यात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हज यात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था। इसके चलते कम से कम 1,200 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें 98 भारतीय भी शामिल थे। सऊदी अरब में हज के लिए एक कोटा प्रणाली लागू है, जिसके तहत हर देश के तय संख्या में हज यात्रियों को यात्रा करने की अनुमति दी जाती है। इंडोनेशिया का कोटा सबसे ज्यादा है। इसके बाद पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, नाइजीरिया का नंबर है। ईरान, तुर्किए, मिस्र, इथियोपिया समेत कई देशों के श्रद्धालु आते हैं। 2025 में किए गए हज एग्रीमेंट पर भारत और सऊदी ने दस्तखत किए। इसमें हज के लिए 1,75,025 श्रद्धालुओं का कोटा फाइनल हुआ। इसमें 70 प्रतिशत हिस्सा केन्द्रीय हज कमेटी को और 30 प्रतिशत प्राइवेट टूर एजेंट्स को दिया गया है। भारत में 2025 के हज के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 13 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक किया गया। पिछले साल हज यात्रा में शामिल होने 1,75,000 भारतीय मक्का पहुंचे थे। 98 श्रद्धालु भीड़ और गर्मी की वजह से मारे गए थे।

सऊदी अधिकारियों ने कहा है कि 13 अप्रैल 2025 उमरा वीजा जारी करने की अंतिम तारीख होगी। इस तारीख के बाद, इन 14 देशों के नागरिकों को हज यात्रा पूरी होने तक नए वीजा नहीं दिए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अधिकारियों को वीजा प्रक्रिया को और कड़ा करने के निर्देश दिए हैं। सऊदी हज और उमरा मंत्रालय ने साफ किया है कि यह कदम किसी भी राजनयिक विवाद से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हज यात्रा को सुरक्षित और बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए लिया गया फैसला है। हर साल हजारों यात्री ऐसे होते हैं, जिनके पास हज के लिए वीजा नहीं होता है। पैसों की कमी की वजह से इस तरह के यात्री गलत तरीकों से मक्का पहुंचते हैं। पिछले साल भी हज से पहले बिना रजिस्ट्रेशन वाले हजारों हज यात्रियों को मक्का से हटाया था। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का पर जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। 2023 में हज पर गए 240 हज यात्रियों की मौत हुई थी। इनमें से ज्यादातर इंडोनेशिया के थे।

# मुर्मू दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर लिस्बन पहुंची

**लिस्बन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार रात पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंची, जहां वह पुर्तगाली नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगी। किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है तथा ऐसे समय हो रही है जब भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। भारत की ओर से पुर्तगाल की अंतिम राजकीय यात्रा 1998 में राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने की थी। श्रीमती मुर्मू की पुर्तगाल यात्रा राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर हो रही है। श्रीमती मुर्मू अपने समकक्ष राष्ट्रपति डी सूसा से मुलाक. ात करेंगी और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और नेशनल असेंबली (संसद) के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से भी मुलाकात करेंगी। भारत और पुर्तगाल के बीच ऐतिहा. सिक और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं।

# गाजा पर इजरायली बर्बरता जारी, 44 की मौत

**यरूशलम/गाजा।** हमास के रॉकेट हमलों के जवाब में किए गए इजरायली हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 44 फलस्तीनियों की मौत हो गई। गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि कब्जे वाले पश्चिमी तट पर संघर्ष के दौरान इजरायली सेना ने एक 14 वर्षीय फलस्तीनी मूल के अमेरिकी किशोर को गोली मार दी। हिसा तब और बढ़ गई, जब हमास की सशस्त्र शाखा, अल-कस्साम ब्रिगेड ने रविवार को दक्षिणी इजरायल में रॉकेट दागे, जिसे समूह ने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायली नरसंहार का प्रतिशोध बताया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रॉकेट हमले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया और पूरी ताकत से जवाब देने की कसम खाई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने अधिकतर रॉकेट रोके, लेकिन अश्कलोन में एक रॉकेट से तीन लोग घायल हो गए। जवाब में, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने डेर अल-बलाह सहित मध्य गाजा में संदिग्ध रॉकेट लॉन्च स्थलों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलों के दौरान रात भर लगातार विस्फोट होते रहे। इजरायल ने 18 मार्च को गाजा में बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी अभियान फिर से शुरू किया। गाजा के स्वास्थ्य अधिक. ारियों ने रविवार को पहले कहा कि इन नए हमलों में करीब 1,335 फलस्तीनी मारे गए हैं और 3,297 अन्य घायल हुए हैं।

College Code- 1223
Islamia Degree College, Deoband, Saharanpur
Approved by AICTE New Delhi & Affiliated to AKTU Lucknow
Applications are invited to the following post for MCA & MBA Programmes

| Designation | MCA Programme No. of Post | MBA Programme No. of Post |
|---|---|---|
| Professor | 01 | 01 |
| Associate Professor | 01 | 01 |
| Assistant Professor | 04 | 02 |

Last date for Receiving Applications at the institute by E-mail on idcdeoband@gmail.com or by post is :15/04/2025
Qualifications and Pay scale for the teaching staff as per AICTE and UGC Guidelines.
Candidates should carry all the original documents, Experience Certificate, identity Proof (Aadhar card and Pan Card) and 2 Passport size Photographs at the time of interview
Preference will be given to experienced candidates.
Address: Near indra Park Deoband, Distt.- Saharanpur,(U.P.)
Contact: +91 8755525452, +91 9045143298




साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499